ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

पर्यटन के क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यानों की भूमिका : म.प्र. के विशेष संदर्भ में

डॉ. एस. आर. मेहरा
सहा. प्राध्यापक भूगोल शास. स्ना. महाविद्यालय शहपुरा, जिला डिण्डौरी (म.प्र)

सारांश – भारत के मध्य में स्थित मध्यप्रदेश देश का 'हृदय स्थल' प्रदेश कहलाता है। इस प्रदेश के चारों दिशाओं में अनेक पर्यटन स्थल हैं। यहॉ धार्मिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक या भौगोलिक आदि पर्यटन स्थल हैं जिसमें प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में राष्ट्रीय उद्यान सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। मध्यप्रदेश देश का सबसे अधिक राष्ट्रीय उद्यानों वाला राज्य है, जहॉ 11 राष्ट्रीय उद्यान है। इन राष्ट्रीय उद्यानों में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्यता एवं वन्य प्राणियों को देखने के लिए आते हैं जिससे मध्यप्रदेश शासन के राजस्व में वृद्धि तो हो ही रही है साथ ही साथ अन्य व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हो रही है। वर्तमान मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मीटिंग पचमढ़ी में निर्णय लिया गया है कि सरकार पर्यटन बोर्ड का गठन करेगी, जिससे पर्यटन के क्षेत्र में अधिक से अधिक सुधार एवं रोजगार की संभावनाओं का विकास किया जा सके। इन राष्ट्रीय उद्यानों में बाघ, चीतल, सांभर, बारहसिंगा, शेर, मोर, हिरण, खरगोश, बंदर, नीलगाय आदि अनेक पशु–पक्षी पाये जाते हैं। कान्हा–किसली राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश का पहला राष्ट्रीय उद्यान है जिसे सन् 1974 ई. में बाघ परियोजना में शामिल किया गया था परन्तु बाघों का सर्वाधिक घनत्व बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में पाया जाता है। यहॉ के राष्ट्रीय उद्यानों में सर्वाधिक मात्रा में पाया जाने वाले पशु चीतल है। इस प्रकार राष्ट्रीय उद्यानों एवं पर्यटन के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में इस क्षेत्र में अध्ययन किया जाना प्रासांगिक है।

भारत का हृदय मध्यप्रदेश पर्यटकों के लिए किसी खजाने से कम नहीं है, जहॉ देशी–विदेशी सैलानियों का तांता लगा रहता है। मध्यप्रदेश का इतिहास, वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य, संस्कृति और आलीशान ऐतिहासिक विरासतें मध्यप्रदेश को पर्यटकों के लिए स्वर्ग बनाती है, इसलिए कहा जाता है कि मध्यप्रदेश खूबसूरत पर्यटन स्थलो का खजाना है। ''मध्यप्रदेश भारत का सर्वाधिक राष्ट्रीय उद्यानों वाला राज्य है जहॉ 11 राष्ट्रीय उद्यान स्थित है, जिनमें प्रतिदिन पर्यटक बड़ी सख्या में देखने के लिए आते हैं।''[1] कान्हा और बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश का सबसे बड़े पर्यटक स्थल माने जाते हैं। बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान को मध्यप्रदेश की पर्यटन राजधानी कहा जा सकता है, जहॉ बाघ, चीतल, सांभर, बारहसिंगा, चिंकारा तथा नीलगाय एवं अनेक प्रजातियों के पक्षी पाये जाते है जा पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। इन राष्ट्रीय उद्यानों की उपयोगिता का पता इस बात से लगाया जा सकता है कि इन उद्यानों में सीधे भ्रमण नहीं किया जा सकता, प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराना पड़ता है तथा सुबह 6.00 बजे पहुंचना पड़ता है। इस प्रकार मध्यप्रदेश के प्रमुख राष्ट्रीय उद्यानों का संक्षिप्त अध्ययन करने का प्रयास इस शोध पत्र के माध्यम से किया गया है।

शोध विधि तंत्र :– प्रस्तुत शोध पत्र में मध्यप्रदेश के प्रमुख राष्ट्रीय उद्यानों को शामिल किया गया है। इन राष्ट्रीय उद्यानों में उपलब्ध सुविधाओं के साथ–साथ पाये जाने वाले प्राणियों, पक्षियों एवं वनस्पतियों की प्रजातियों तथा पर्यटकों की जानकारियों को अध्ययन के लिए शामिल किया गया है। कुछ तथ्यात्पक आंकड़े बेबसाइट के माध्यम से सर्च कर प्राप्त किया गया है। उपयोगी छायाचित्र भी बेबसाइट स डाउनलोड कर प्राप्त किया गया है।

मध्यप्रदेश के प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान :– मध्यप्रदेश में छोटे–बड़े कुल 11 राष्ट्रीय उद्यान है परन्तु अध्ययन की दृष्टि से प्रमुख 7 राष्ट्रीय उद्यानों का अध्ययन किया जा रहा है :–

1. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान :–कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मण्डला जिले के अंतर्गत आता है। ''यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है जो कि लगभग 940 वर्ग किमी. क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इसे सन् 1933 ई. में अभ्यारण्य तथा 1955 ई. में नेशनल पार्क बनाया गया था। इस राष्ट्रीय उद्यान को 1974 ई. में बाघ परियोजना में शामिल किया गया था।''[2]इस राष्ट्रीय उद्यान में बारहसिंगा,

चीतल, चिंगारा, बाघ, तेंदुआ, भालू आदि जानवर पाये जाते हैं। यहाँ पर हालो घाटी तथा बंजर घाटी प्रमुख दर्शनीय स्थल है। इस राष्ट्रीय उद्यान में वर्ल्ड बैंक की सहायता से पार्क इंटर प्रीवेंशन योजना चल रहीं है।

(कान्हा राष्ट्रीय उद्यान : बाघ)

2. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान :–यह राष्ट्रीय उद्यान उमरिया शहडोल जिलों में है, इसका स्थापना सन् 1968 ई. में की गई थी तथा इसे 1993 ई. में बाघ परियोजना में शामिल किया गया था। यहाँ बाघों का सर्वाधिक घनत्व पाया जाता है। इस राष्ट्रीय उद्यान में सफेद शेर पाये जाते हैं । यह क्षेत्र 32 पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इस उद्यान में एक मुख्य पहाड़ है जो बांधवगढ़ कहलाता है। ''811 मीटर ऊंचे इस पहाड़ के पास छोटी–छोटी अनेक पहाड़ियाँ है। पार्क में साल और बंबू के वृक्ष प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाते हैं। यहाँ से सबसे नजदीक विमानतल जबलपुर है जो कि 164 किमी. की दूरी पर स्थित है।''[3]रेलमार्ग से भी जबलपुर, कटनी और सतना बांधवगढ़ से जुड़ा है। खजुराहो स बांधवगढ़ के बीच 237 किमी. की दूरी है । दोनों स्थानों के बीच केन नदी के कुछ हिस्सों को कोकोडाइल रिजर्ब घोषित किया गया है। ''शेर, बाघ, चीतल, चिंकारा, नीलगाय, आदि 22 पशु प्रजातियाँ एवं 250 पक्षिओं की प्रजातियाँ पाई जाती हैं । इस उद्यान में 108000 पर्यटकों का आगमन दर्ज है।''[4]

(बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान : चीता)

(बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान : सफेद शेर)

3. राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान घुघवा :– यह उद्यान डिण्डौरी जिले की शहपुरा तहसील के अंतर्गत आता है जो कि शहपुरा से 14 किमी. दक्षिण दिशा में है । ''क्षेत्रफल की दृष्टि से यह सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान है जिसका क्षेत्रफल 0.27 वर्ग किमी. है,परन्तु पुरातात्विक दृष्टि से यह काफी महत्वपूर्ण है । इसकी स्थापना 1968 ई. में की गई गयी थी । इस उद्यान में पादपों एवं जीव–जन्तुओं के जीवाश्म पाये जाते हैं । यहॉ पर 6.5 करोड़ वर्ष पुराने पेड़ों के जीवाश्म अमूल्य धरोहर के रूप में मौजूद हैं।''[5] कान्हा से बांधवगढ़ जाने वाले पर्यटक यहॉ जरूर रूकते हैं।

(राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान घुघुवा,शहपुरा डिण्डौरी) (जीवाश्म) ताड़ के वृक्षों के जीवाश्म बेहद खास है, क्योंकि मध्य भारत में इस तरह के पेड़ नहीं पाये जाते हैं। 1970 में यहां जीवाश्मों की खोज की गई थी। ''खोज करने वालों में मण्डला जिले के सांख्यिकी अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र प्रसाद, एस. आर.इंगले और डॉ. एम.बी.बांदे मुख्य हैं ।''[6]यहॉ के जीवाश्म बेहद खास है जो धरती के इतिहास के बारे में बहुत कुछ जानकारी देते हैं । इनसे भारत के वनस्पतियों के इतिहास की भी जानकारी मिलती हैं, पार्क के बारे में कहा जाता है कि यहॉ करोड़ों साल पहले अरब सागर हुआ करता था । प्राकृतिक परिवर्तन एवं भू–गर्भिक हलचलों की वजह से पेड़ से पत्ती तक जीवाश्म में परिवर्तित हो गए । घुघवा नेशनल जीवाश्म पार्क में डायनासौर के अंड़े, पाम ट्री, कोकोनट ट्री, यूकेलिप्टिक ट्रो, केले के जीवाश्म देखने को मिलते हैं । सही समय पर बाहर ना आने और प्राकृतिक परिवर्तन के चलते ये पत्थर में परिवर्तित हो गए हैं।

4. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान :–''पन्ना राष्ट्रीय उद्यान म.प्र. के बुंदेलखण्ड क्षेत्र के पन्ना एवं छतरपुर में फैला हुआ है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 543 वर्ग किमी. है, जिसकी स्थापना 1981 ई. में हुई थी एवं इसे 1994 ई. में बाघ परियोजना में शामिल किया गया है, जो कि मध्यप्रदेश का 5वॉ एवं भारत का 22वॉ बाघ परियोजना में चयनित राष्ट्रीय उद्यान है।''[7] ''इस राष्ट्रीय उद्यान को पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अच्छे प्रबंधन एवं व्यवस्थित रख–रखाव के लिए ''अवार्ड आफ एक्सीलेंस'' से वर्ष 2007 में नवाजा गया । इस राष्ट्रीय उद्यान में वर्ष 2009 में 22563 पर्यटकों का आगमन हुआ ।''[8] इस उद्यान में बाघों क अलावा सरीसृपों का भी घर है। यह पार्क बहुत दिलचस्प जगह स्थित है। पार्क के अंत में उष्णकटिबंधीय और उप उष्णकटिबंधीय जंगली वेल्ट शुरू हो जाती है । यहॉ आसानी से चीतल, स्लोथ भालू, सांभर और चिंकारा को देखा जा सकता है । इस पार्क में कई प्रकार की चिड़ियॉ पाई जाती है । जैसे–किंग बल्चर, हनी कजार्ड, बार हेडेड और ब्लासम–हेडेड पाराकिट आदि।

5. सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान :– यह होशंगाबाद जिले में लगभग 525 वर्ग किमी. के क्षेत्र में फैला हुआ है जो कि सन् 1983 ई. में स्थापित किया गया था।

सतपुड़ा नेशनल पार्क में कृष्ण मृगों की संख्या सर्वाधिक है । यह खासतौर से बाघ संरक्षण के रूप में विख्यात होने के साथ–साथ विभिन्न प्रकार के जीव–जन्तुओं और पेड़–पौधों का घर है । इस नेशनल पार्क में आने के बाद पर्यटक चितकबरे हिरण, साही, बाघ, तेंदुआ और दलदल वाले मगरमच्छ आदि को आसानी से देखा जा सकता है । अनोखे आकर्षणों में काले हिरण और विशालकाय भारतीय गिलहरी शामिल है । नेशनल पार्क में कई प्रकार के पक्षी पाये जाते हैं, जिन्हें देखना अद्‌भुत अहसास होता है । इस नेशनल पार्क में पेड़–पौधों का अनोखा संग्रह है जिसमें पौधों की 1300 से अधिक प्रजातियॉं और कई औषधीय पौधे पाये जाते हैं।

6. वन विहार राष्ट्रीय उद्यान :– वन विहार राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में स्थित है जो कि अरेरा को पहाड़ियों के मध्य है। ''इसकी स्थापना 1979 ई. में की गई थी जिसका क्षेत्रफल 452 वर्ग किमी. है । यह थ्री इन वन राष्ट्रीय उद्यान है क्योंकि यह एक राष्ट्रीय उद्यान होने के साथ–साथ चिड़ियाघर तथा जंगली जानवरों का रेस्क्यू सेंटर भी है ।''[9]यहॉं ज्यादतर वो जानवर है जो लावारिस, कमजोर, रोगी, घायल अथवा बूढ़े थे या फिर जंगलों में भटककर ग्रामीण शहरी क्षेत्रों में आ गए थे तथा बाद में उन्हें पकड़कर यहॉं लाया गया। 5 किमी. लम्बे इस राष्ट्रीय उद्यान के एक तरफ पूरा पहाड़ है और हरा–भरा मैदानी क्षेत्र है जो जंगलों तथा हरियाली से आच्छादित है तो वही दूसरी ओर भोपाल का मशहूर और खूबसूरत बड़ा तालाब है। यह उद्यान भोपाल में ही स्थित है इसलिए यहॉं पर्यटक भारी संख्या में आते हैं। यहॉं वर्ष 2011 में 250000 पर्यटकों का आगमन हुआ था।

7. पेंच राष्ट्रीय उद्यान :– यह उद्यान सिवनी–छिंदवाड़ा जिलों में तथा महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में फेला हुआ है। ''इसकी स्थापना 1975 ई. में हुई थी जिसका क्षेत्रफल लगभग 293 वर्ग किमी. है।''[10] इस राष्ट्रीय उद्यान में मोगली लैण्ड क्षेत्र तथा वाटर रॉफ्टिंग सुविधा उपलब्ध है। देश का टाईगर रिजर्व होने का गौरव इस उद्यान को 1993 ई में मिला। यहॉं 210 पक्षियों की प्रजातियों के साथ–साथ अनक जीव–जन्तुओं से भरा हुआ है। अनेक दुर्लभ जीवों और सुविधाओं वाला पेंच नेशनल पार्क तेजी से प्र्यटकों को अपनी ओर खींच रहा है। इस उद्यान में लगभग 64 बाघ वर्तमान में मौजूद है।

समीक्षा :– आज पर्यटन का महत्व दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है । पर्यटन आने वाले समय में रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करेगा । उपर्युक्त अध्ययन में मध्यप्रदेश के 7 राष्ट्रीय उद्यानों का संक्षिप्त अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि इन राष्ट्रीय उद्यानों में रोजगार की अपार संभावनाएँ छुपी हुई है । ये राष्ट्रीय उद्यान काफी खूबसूरत एवं मन मोह लेने वाले है क्योंकि यहॉं प्राकृतिक वनस्पति के साथ–साथ वन्य जीवों का संरक्षण किया गया है जो कि पर्यावरण पारिस्थितिक तंत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इन राष्ट्रीय उद्यानों में अभी भी काफी कुछ किया जाना शेष है जो उन्हें विश्व के चुनिंदा राष्ट्रीय उद्यानों में अपनी जगह बना सकें। हालांकि वर्तमान मध्यप्रदेश सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि प्रदेश में एक पर्यटन बोर्ड का गठन किया जायेगा, जो कि पर्यटन की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करेगा, साथ ही उनकी गुणवत्ता एवं विकास के लिए कार्य करेगा ।

निष्कर्ष :– उपर्युक्त अध्ययन से स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश देश का पर्यटन के क्षेत्र में सबसे अग्रणी राज्य है जिसको पर्यटन का खजाना कहा जाता है। यहॉं पर्यटकों को अनेक प्रजातियों के प्राणी देखने को मिलते है जो कि पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। ये राष्ट्रीय उद्यान मध्यप्रदेश के राजस्व में वृद्धि के साथ–साथ अन्य लोगों को रोजगार प्राप्ति का सहारा बन रहे हैं। यदि पर्यटन बार्ड का गठन हो जाता है तो निश्चित ही इस क्षेत्र में शासकीय एवं निजी सेवा के क्षेत्रों का व्यापक सृर्जन होगा। अंत में हम कह सकते है कि पर्यटन के क्षेत्र में राष्ट्रीय उद्यानों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है तथा राष्ट्रीय उद्यानों के बिना पर्यटन अधूरा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. द्विवेदी,ए.पी. ''प्रोटेक्टिड एरियाज ऑफ मध्यप्रदेश'' गवर्मेन्ट प्रिंटिंग प्रेस, भोपाल 2003.
2. कान्हा टाईगर रिजर्व : मध्यप्रदेश फारेस्ट डिपार्टमेंट, रिटरीब्ड 14 अप्रैल 2010.
3. चौधरी, एल.के.एण्ड अख्तर खान : बांधवगढ़ फॉर ऑफ द टाईगर बिल्ड एटलस बुक, भोपाल 2003.
4. बांधवगढ़ नेशनल पार्क : विकिपीडिया.
5. मिश्रा गिरिमा, ''ए डिनो एग्ग एण्ड अदर फॉसिल्स'' द इंडियन एक्सप्रेस, रिटरीब्ड 26 दिसम्बर 2012.
6. शुक्ला अनुमेहा, मेहरोत्रा आर.सी., त्यागी अंतरिक्ष, ''रिसर्च कम्यूनिकेशनस'' करेन्ट साइंस, वायल्यूम 103, नं. 1, 10 जुलाई 2012
7. मूर्थी आर.एस. 2012 ''पन्ना टर्नराउण्ड स्टोरी पन्ना'' पन्ना टाईगर रिजर्व पेज नं. 6.
8. 'पन्ना रिजर्व गेट्स अनादर टाईग्रेस'' द इंडियन एक्सप्रेस, इंडिया 28 मार्च 2011.
9. वन विहार नेशनल पार्क : ''एन इंट्रोडक्शन 2007'' आरचिव्ड फ्राम द ओरिजिनल ऑन 23 मार्च 2012.
10. MPT –''Madhya Pradesh Tourism''www.mp tourism.com retrived 11 June 2016.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

अकबर का विभिन्न धर्मों से सम्बन्ध

प्रवीण पाठक
पीएच.डी गांधी एवं शांति अध्ययन महात्मा गांधी अंतराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा

सारांश :– अमरकोट के राजा वीर साल के यहॉ 15 अक्टूबर, 1542 ई. को [1], कार्तिक मास की छठ को हुआ। जन्म स्थल अमर कोट का दुर्ग था। मुगल बादशाहों की धार्मिक नीति में अकबर की धार्मिक नीति को श्रेष्ठतम माना गया है। अकबर की नीति पूर्णतया धार्मिक सहिष्णुता की थी उसकी धार्मिक नीति 'सुलहकुल' (सभी के साथ शांति) के सिद्धान्त पर आधारित थी।

सभी धर्मो और आध्यात्मिक आन्दोलनों के पति उदारता और सकिय सहानुभूति एवं सहायता का प्रयत्न प्रान्तीय राज्यों के द्वारा कभी–कभी भी किया गया था।

अकबर प्रथम शासक था जिसने शासन के आरम्भ में धीरे–धीरे सभी धर्मो और आध्यात्मिक आन्दोलन के प्रति प्रगतिशील उदारता और सकिय सहानुभूति की नीति को अपनाया।[9]

मुख्य शब्द :– अकबर, हिन्दू धर्म, जोरोस्ट्रीयन धर्म, जैन धर्म, ईसाई धर्म

अकबर का विभिन्न धर्मों से सम्बन्ध

प्रस्तावना :– केवल मुगल शासकों मे ही नही अपितु सम्पूर्ण मध्य–युग के भारतीय शासकों में अकबर को श्रष्ठ स्थान प्रदान किया गया है। मुगल– साम्राज्य को वास्तव में भारत में स्थापित करने, उसका विस्तार करने और उसे स्थायित्व प्रदान करने का श्रेय अकबर का है इसके अतिरिक्त राजस्व और शासन में जिन नवीन और उदार सिद्धान्तों का उसने प्रतिपादन किया वह उसे भारत में ही नही बल्कि सम्पूर्ण विष्व के महान शासकों में स्थान प्रदान करता है। प्राय 350 वर्श का मुसलमानी शासक उस समय तक भारत में अस्थिर था और एक भी मुसलमान शासक न तो अपने राजवंश को स्थिरता प्रदान कर सका और न ही शासन के उन सिद्धान्तों को व्यवहार में ला सका था जिनके आधार पर एक विदेशी और भिन्न धर्म के मतावलम्बी एक अन्य देश में स्थायी रूप से निवास करने या शासन करने का अधिकार प्राप्त कर पाते। निःसंदेह, अकबर ने अपने राजवंश को स्थायित्व प्रदान किया और शासन के उन सिद्धान्तों का व्यवहारिक दृश्टि से प्रयोग किया। जिनके आधार पर मुगलवंष और इस्लाम के समर्थक शासकों को एक विदेशी देश अथवा अपने से पृथक धर्म के मतावलम्बियों पर शासन करने का नैतिक अधिकार प्राप्त हो सका।

अकबर ने अपने शासन काल में सभी धर्मो को समान स्थान प्रदान करके अपने अधीन राज्यतंत्र के स्वरूप को ही बदल दिया। अकबर की भसुलहकुल" (सभी के साथ शान्ति) की धार्मिक नीति ने राज्य और धर्म को पृथक करने का प्रयत्न किया, धर्म को व्यक्तिगत बनाने का प्रयास किया, और इस प्रकार अपनी सभी प्रजा को बिना किसी धार्मिक भेदभाव के समान मानने और समान सुविधायें देने का प्रयत्न किया।

मुगल बादशाहों की धार्मिक नीति में अकबर की धार्मिक नीति श्रष्ठतम माना गया है। अकबर की नीति पूर्णतया धार्मिक सहिष्णुता की थी। उसकी धार्मिक नीति सभी के धर्मो को एक साथ लेकर चलने की थी दिल्ली के सुल्तानों और बादशाहों में इस नीति को आरम्भ करने वाला अकबर था। सभी धर्मो और अध्यात्मिक आन्दोलन के प्रति उदारता और सकिय सहानुभूति एवं सहायता का प्रयत्न प्रान्तीय राज्यों के द्वारा तो कभी–कभी किया भी गया था परन्तु दिल्ली और आगरा के बादशाहों ने यह प्रयत्न कभी नही किया गया था। अकबर प्रथम शासक था जिसने षासन के आरम्भ से ही धीरे–धीरे सभी धर्मो और आध्यात्मिक आन्दोलनों के प्रति प्रगतिशील उदारता और सकिय सहानुभूति की नीति को अपनाया।

जोरोस्ट्रीयन धर्म – अकबर ने जोरोस्ट्रीयन धर्म के समकालीन नेता मेहरजी से 1573 ई. में भेट की। वह उससे बड़ा प्रभावित हुआ धर्मनेता ने

इबादत खाने की बहस में भाग लिया और जो जोरोस्ट्रीयन धर्म के अच्छे सिद्धांतों का स्पष्टीकरण किया। अकबर जोरोस्ट्रीयन धर्म से बड़ा प्रभावित था। फलतः उसने पारसी पारसी धर्म के अनुकुल अपने महल में चौबीस घंटे आग जलाये रखने की अनुमति दी। अकबर सूर्य अग्निपूजा की ओर भक्षिाण रखने लगा। अकबर सूर्य की पूजा करने लगा।[1]

जैन धर्म – अकबर जैन धर्म से बड़ा प्रभावित हुआ उसने 1582 ई. में गुजरात के प्रसिद्ध जैन धर्मावलम्बी हीराविजय सूरि को आमन्त्रित किया[2] बाद में जिनचन्द्र सूरी, शान्तिचन्द्र, विजयसेन सूरी, आदि को अकबर ने दरबार में आमन्त्रित किया। अकबर जैन धर्म के हिंसा के सिद्धांतों से बहुत प्रभावित किया 1581 ई में उसने भेड़ों और घोड़ों का वध निषिद कर दिया, उसन स्वयं वर्ष में ना माह मॉस खाना बन्द कर दिया उसने शिकार खेलना बन्द कर दिया और 1587 में उसने वर्ष में प्रायः छः माह पशुओं के बध किये जाने का निषेध कर दिया।[3] 1591 ई. में अकबर मैं जिनचन्द्र सूरि को निमन्त्रित किया वह उनके उपदेशों से बड़ा प्रभावित हुआ, जिनचन्द्र सूरि को युग प्रधान की उपाधि दी गई।[4]

हिन्दू धर्म – हिन्दु पुरूषोत्तम और देवी निरन्तर अकबर को हिन्दु धर्म के सिद्धांतों के बारे में बताया करते थे। उनके सम्पर्क में आकर में आने से अकबर हिन्दुओं के कर्म और जीवागमन के सिद्धांतो में विश्वास करने लगा[5] अकबर जानता था कि मुगल साम्राज्य की रक्षा हिन्दुओं के सहयोग और समर्थन पर ही आधारित हुआ। वह इसी प्रसंग में हिन्दु धर्म के निकट आया। वह हिन्दू धर्म के पर्व– त्योहारों जैसे, रक्षाबन्धन, दीपावली, होली, दशहरा में भाग लिया करता था। वह कभी–कभी माथे पर तिलक लगाया करता था। वह कभी–कभी' झरोखा दर्शन' भी दिया करता था। उसने अनुवाद विभाग से हिन्दुओं के धर्म ग्रन्थों जैसे ऋग्वेद, महाभारत, रामायण, आदि का फारसी में अनुवाद कराया।[6]

ईसाई धर्म – अकबर सभी धर्मो के सार को जानना चाहता था, अतएव उसने ईसाई धर्म से भी कुछ सीखने का प्रयत्न किया। उसने गोआ से पूर्वगाली ईसाईयों को अपने दरबार में धार्मिक वाद–विवाद को लिए बुलाया। 1580 ई. में रिडोल्फी एक्वीना, एन्टीनिनो मान्सरेट तथा एरिन्ज की अध्यक्षता में तीन मिशन अकबर अन्य धर्मो की भॉति ईसाई धर्म से भी बड़ा प्रभावित हुआ। उसने ईसामसीह, मेरी तथा एण्टल की मुर्तियों को आदर भाव से देखा। वह चर्च भी जाने लगा अकबर ने आगरा और लाहौर में चर्च निर्माण की अनुमति भी दी।[7]

इस प्रकार अकबर का सम्बन्ध अच्छे रहे इन धर्मो से प्रभावित होकर अकबर ने जिस धर्म नीति का पालन किया सभी धर्मो की सामानता, सम्मान और सत्य के विश्वास पर आधारित इस प्रकार अपने साम्राज्य में विभिन्न धर्म के प्रति सहानुभूति और वफदारी प्राप्त करके तथा उसके माध्यम से एक दृढ़ राज्य की स्थापना करने की इच्छा ने भी अकबर की उदार धार्मिक नीति के निर्माण में सहायता दी।[8]

सन्दर्भ ग्रन्थ :–

1. राय, कौलेश्वर मुगलकालीन संस्कृति किताब महल इलाहाबाद 1991 पृष्ठ–125
2. वही पृष्ठ –125
3. शर्मा एल. पी मध्यकालीन भारत प्रकाशन लक्ष्मी नारायण अग्रवाल आगरा 1975 पृष्ठ–250
4. राय, कौलेश्वर मुगलकालीन संस्कृति किताब महल इलाहाबाद 1991 पृष्ठ–125
5. शर्मा एल. पी मध्यकालीन भारत प्रकाशन लक्ष्मी नारायण अग्रवाल आगरा 1975 पृष्ठ–250
6. राय, कौलेश्वर मुगलकालीन संस्कृति किताब महल इलाहाबाद 1991 पृष्ठ–126
7. वही पृष्ठ –126
8. शर्मा एल. पी मध्यकालीन भारत प्रकाशन लक्ष्मी नारायण अग्रवाल आगरा 1975 पृष्ठ–250

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भारतीय परिपेक्ष्य में ग्राम्य जीवन का स्वरूप

डॉ. भगवत प्रसाद झारिया
अतिथि विद्वान हिन्दी, शास.स्नातक महाविद्यालय शहपुरा जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

सारांश :– भारत ग्रामों में निवास करता है, जहॉ एक ग्राम्य प्रधान भाषा, बोली, सस्कृति एवं कृषि की प्रधानता है। गांधीजी ने कहा था – "असली भारत गांवों में बसता है।" भारतीय ग्राम्य जीवन सादगी और प्राकृतिक शोभा का भंडार है। इस देश की भाषा का 70 प्रतिशत जनसमुदाय ग्रामों में रहता है। गांव के लोगों का मुख्य कार्य कृषि है, जो कि हमारे देश को अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। इस देश में कृषि कार्य मुख्यतः गांवों के लोगों द्वारा ही किया जाता है, जिस पर हमारे देश की दो तिहाई अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। भारत में ग्रामों के विविध रूप है, जहॉ का जीवन सहजता व सरलता से परिचालित होता है। रीति–रिवाज व ग्राम्य परम्पराओं का विशेष महत्व है। ग्रामीण जीवन बड़ा ही मधुर व मनोहरकारी है।

इस महान भारत भूमि की वास्तविक छवि 80 प्रतिशत आबादी गांवों में ही देखी जा सकती है। आज भारतीय ग्राम्य जीवन के विविध स्वरूपों का अध्ययन करना आवश्यक हो गया है, क्योंकि गांवों का वास्तविक स्वरूप के अध्ययन से ही पता चलता है कि आज गांवों की स्थिति कैसी है ? इसके आधार पर ही सरकारे अपनी योजनाएँ तैयार करती हैं। सामाजिक सद्भाव यहॉ की महान संस्कृति श्रेष्ठतम जीवन मूल्यों का सौंदर्य इसी ग्राम्य परिवेश में अभिरक्षित है।

सभ्यता के आदिकाल में न ग्राम में न शहर में अन्य पशुओं के समान मनुष्य भी जंगलों में रहता था और शिकार द्वारा भोजन प्राप्त करता था। पशु–पक्षियों के मास के अतिरिक्त जंगलों में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न होने वाले कन्द–मूल व अन्य सामग्री को वह भोजन के लिए प्रयोग करता था। प्राकृतिक प्रदत्ता वस्तुओं पर ही निर्भर रहता था। अन्य पशुओं की तुलना में मनुष्य का दिमाग अधिक विकसित था । वह अपनी बुद्धि का प्रयोग करने को स्थिति में था, इसलिए शिकार करते हुए वह केवल अपने हाथों एवं पैरों पर ही निर्भर नहीं रहता था, अपितु अनेक प्रकार के औजार बनाकर उनका उपयोग करता था । शुरू में मनुष्य के औजार पत्थर हड्डी व लकड़ी के बने होते थे । धातुओं का प्रयोग वे नहीं जानते थे।

"जब मनुष्य अपनी आजीविका के लिए शिकार पर निर्भर था तो वह किसी स्थान पर स्थायी रूप से नहीं बस सकता था, तब मनुष्य एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमता फिरता था। जहॉ शिकार की सुविधा मिली वहीं अस्थायी रूप से डेरा डालकर इकट्ठा हो जाते थे।"[1]

मनुष्य गुफाओं में और वृक्षों के नीचे रहने की बजाय मनुष्य ने छोटे तम्बुओं का निर्माण शुरू कर दिया। धीरे–धीरे उसने पशुओं को पालना भी आरंभ कर दिया था। पहले वह जंगलों में उत्पन्न कंदमूल फल अन्न आदि को एकत्रित मात्र करता था। जब उसने उन्हे उत्पन्न करना शुरू कर दिया तब वह शिकारी के स्थान पर पशु पालक तथा कृषक बनने लगा। खेती के लिए यह आवश्यक था कि मनुष्य किसो एक स्थान पर स्थायी रूप से रहे। इसके लिए मकानों का निर्माण करने लगा।

मकान घास, फूस, लकड़ी, मिट्टी, पत्थर आदि के बनाये गये और जगह–जगह उनकी बस्तियॉ डेरा व ग्रामों का विकास होने लगा। अभी मनुष्य को धातुओं का उपयोग ज्ञात नहीं था। अब भी उसके औजार लकड़ी, हड्डी इत्यादि के हाते थे पर कृषि के प्रारंभ होने के कारण वह एक जगह स्थायी रूप से रहने लगा । धीरे–धीरे सभ्यता के मार्ग पर अग्रसर होता गया। साथ ही समूह गांवों के रूप में विकसित होते गये।"[2]

ग्रामों में मनुष्यों को धीरे–धीरे सभी आवश्यकताओं की चीजों का ज्ञान होता गया और वे उनका उपयोग करते गये । एक दूसरे के सहयोगी बनकर बस्ती बसा दिये और एक गांव का निर्माण कर उस गांव का नाम रख दिया गया।

शोध विधितंत्र – इस अध्ययन में वर्णनात्मक विधि को अपनाया गया है जिसके अंतर्गत भारत के विविध गांवों के विकास का संक्षिप्त वर्णन किया गया है। इसके साथ–साथ विभिन्न उपयोगी आंकड़ों का सहारा लिया गया है जो कि विभिन्न संदर्भ पुस्तकों, रिसर्च जनरलों एवं पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए है।

ग्राम का शाब्दिक अर्थ – जिस प्रकार नगर की अपनी प्रकृति व विशेषताएं होती है उसी प्रकार गांव की भी अपनी प्रकृति होती है। ग्रामीण समुदाय का अपना विशिष्ट एवं पृथक अर्थ है। नगर को हम बड़े रूप में देखते है, लेकिन गांव की सीमा थोड़ी होती है। जनसंख्या शहर की अपेक्षा गांव में कम होती है।

गांव का शाब्दिक अर्थ साहित्यिक भाषा में यह है कि ''गांव वह बसाहट है जहॉ कुछ परिवार अपने स्थायी घर बनाकर निवास करते हो।'' गांव की कल्पना करते है तो हमारी आंखों के सामने विचित्र दृश्य उपस्थित हो जाते है। प्रकृति की हरी–भरी गोद के मध्य कस्वे खपरेल घर गाय, बैलों के चरते झुण्ड, छोटी–छोटी गलियां, गलियों के दोनों ओर घर पूरे गांव की घूमी हुई गली और दोनों तरफ घर देखने को मिलता है। स्मिथ के अनुसार–'' गांव का प्रयोग सामान्यतः किसानों की बस्तियों के लिए आता है ।'' लेण्डिस ने ग्रामीण शब्द की विवेचना के लिए तीन तत्वों को महत्व दिया है जो–

क– प्रकृति पर प्रत्यक्ष रूप से निर्भर ।
ख– जिसका आधार सीमित हो ।
ग– जिसमें सदस्यों के बीच घनिष्ठ और प्राथमिक संबंध पाये जाते है।

ग्राम्य सामाजिक जीवन – ग्रामीण सामाजिक जीवन निःसंदेह सादगी से पूर्ण जीवन है। समाज के नियमों का पालन ग्राम समाज में सभी करते हैं। शिक्षा की बात की जाय तो गांवों में आज पाठशालाएं खुल गई है, किन्तु साक्षरता का प्रतिशत कम ही है। समाज में नारी शिक्षा को कम महत्व दिया जाता है। गांव के परिवारों में संयुक्त प्रथा बनी हुई है जिसमें एक परिवार में 6–8 तक सदस्य होते हैं।

दहेज ग्रामीण जीवन का प्रमुख अंग है। वे अपनी बेटी को किसी के भी हाथ गरीबी के अभाव में शोषण करने के लिए बेच देते है। गांवों में गरीबी के कारण किसी वृद्ध के साथ कम उम्र वाली लड़की का विवाह कर देते है। अपने ही जाति में वैवाहिक कार्य होते हैं। यदि दूसरी जाति में वह विवाह करता है तो बिरादरी उसे बहिष्कृत कर देती है। हॉ जाति बिरादरी को कुछ खान पिलाने से बात बन जाती है।

ग्रामों का स्वरूप – ग्रामीण जीवन ''ग्राम'' इकाई में रहने वालों के मध्य आपसी स्नेह व्यवहार की संज्ञा है। ''ग्राम'' एक विशिष्टता का परिचायक है। ''ग्राम'' एक भौगोलिक इकाइ के रूप में नगरों से भिन्न है। किसी विशेष ''अंचल'' का योगदान रहता है।

पंत जी के शब्दों में–

''भारत माता ग्रामवासिनी
खेतों में फैला है श्यामल
धूल भरा मैला सा आंचल।''[3]

ग्रामीण जीवन की विशेषताएँ – भारतीय ग्रामों के स्वरूप को समझने के लिए गांवों की प्रमुख विशेषताओं को जानना आवश्यक है जो कि इस प्रकार है –

1. जीवन सरल एवं शुद्ध–भारतीय ग्रामीण जीवन एकदम सरल एवं शुद्ध रहता है । यहॉ की हवा, वातावरण शहरी जीवन की अपेक्षा प्रदूषण मुक्त होता है । यहॉ की ठण्डी और शीतल हवा ग्रामीण लोगों को प्राण वायु के समान है । यहॉ के लोगों रहन–सहन, खान–पान सरल एवं इको फ्रेण्डली होता है । ग्रामीण क्षेत्रों में जो भी उत्पादन होता है वह भी एकदम शुद्ध होता है जैसे–दूध, खोया, सब्जी इत्यादि।
2. ग्रामीण जीवन में आपसी संबंध–गांव के लोग अकेले रहना पसंद नहीं करते हैं। इन लोगों के मध्य गहन रिश्ता, मित्रता, भाई–चारा एवं व्यवहार रहता है। इनके संबंध काफी मजबूत और विश्वास योग्य होते हैं। आपसी भाई–चारे के कारण गांव के लोग अपने सुख–दुःख एक–दूसरे को बांटते रहते हैं। शादी–विवाह आदि के कार्यक्रम में गांव

के लोग एक–दूसरे के सहयोगी बनकर काम करते हैं ।

3. संयुक्त परिवारों की बहुलता एवं परस्पर संबंध– ग्रामीण जीवन में संयुक्त परिवारों की अधिकता देखने को मिलती है। एक परिवार में 6–8 व्यक्ति तक पाये जाते हैं।यहां के लोगों का मानना है कि परिवार में अधिक लोग होगे तो मजदूरी एवं अन्य कार्य करने पर आय अधिक प्राप्त होगी। इनके परिवार में माता–पिता, भाई–बहन, बच्चे, दादा–दाई आदि होते हैं, और वे अपनी मर्यादा में रहकर जीवन–यापन करते हैं –

''पति की पैछर सुनकर धनियॉं, चुपके सॉंकल खोलती,
खड़ी कटोरा लिए दूध का , आखिर एक न बोलती ।।
सास–ननद देवर के डर से, चूड़ी खनकाती नहीं।
पति के पास खड़ी है गुमसुम, बहुत पास आती नहीं ।।''[4]

उपरोक्त पंक्तियों में ग्राम के परिवारों की मर्यादा एवं उनके पारस्परिक संबंधों का वर्णन किया गया है जो केवल भारतीय गांवों में ही दिखाई देता है।

4. जीवन–स्तर का निम्न होना–ग्रामीण लोगों की आय सीमित होती है । वर्ष में एक या दो बार अपने खेत की फसल उत्पन्न होती है जिसे बेचकर आय प्राप्त होती है । इस प्रकार छः–छः माह में आय प्राप्त होने के कारण इनका खर्च सीमित या कम होता है। ये इस राशि को छः माह तक चलाने का प्रयास करते हैं। जब यह राशि समाप्त हो जाती है तो ये लोग मजदूरी कार्य करते हैं। या फिर वनों पर आधारित वस्तुओं का संग्रहण कर आय प्राप्त करते हैं । जैसे–तेंदूपत्ता, माहुल पत्ता, महुआ फूल तथा महुआ गुली, गोंद, लकड़ी काटना, कत्था आदि।
5. धर्मों का अभाव– भारतीय गांवा में अधिकांशतः एक या दो धर्म के लोग निवास करते हैं। इस प्रकार यहॉं धर्मो का अभाव सा होता है ।
6. अंधविश्वास का होना– अंध विश्वास भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख विशेषता है। जो क्षेत्र जितने पिछड़े हुए है एवं शिक्षा का अभाव है वहॉं अधिकांशतः अंधविश्वास लोगों के अंदर कूट–कूट कर भर जाता है। लोग जादू–टोना, भूत–प्रेत तथा झाड़–फूंक में अधिक विश्वास करते हैं। ऐसे क्षेत्रों में जब कोई व्यक्ति बीमार होता है तो सर्वप्रथम उसे झाड़–फूंक कर उसका इलाज किया जाता है । जब उसको आराम नहीं मिलता तब लोग उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाते हैं ।

ग्राम का वास्तविक स्वरूप :– ग्राम का वास्तविक स्वरूप को जानने के लिए इन पंक्तियों पर ध्यान केन्द्रित किया जाय तो गांव के सम्पूर्ण परिवेश की झलक सामने नजर आयेगी :–

''मक्का के पीले आटे–सी, धूप ढल रही सांझ की।
देवालय में शंख बज उठा, घंट–नांद ध्वनि झांझ की ।।
गाय रंभाती आती ग्वाला, सेंद चुरा कर खा रहा ।
पथवारी पर बैठा जोगी, गीत ज्ञान के गा रहा।।
कहीं अकेले, कहीं दुकेले, सारस पोखर में खड़े ।
पोखर के उस पार गांव में, घर–घर दीये हंस पड़े ।।
सर पर धरे घड़ा करी का, घर आ रहा किसान है।
बांये एक उदम्बर दाये, देवी मॉं का थान है।।
दोनों ओर अषाढ़ी धरती, बाट देखती बीज की।
आई याद बहु की जो पीहर गयी हुई है तीज की ।।
दिखे ज्वार के भुट्टे, दिखती, बाल बाजरे की भरी ।
दिखी छरहरो अरहर, रहती जो सौ दिन तक हरी।।
बन के खेत बाद है सन की, फेली–फूली तोरई ।
बेल या कि सूए में कोई सुतली हरी पिरो गई।।
छूटने को तैयार हार में, खेती मक्का की खड़ी ।
हरी–भरी सुंदरी इकहरी, काया मोती की लड़ी।।''[5]

गांवों में जातीय, भाषीय, व्यवसायिक, धार्मिक तथा सामाजिक सजातीयता का प्रभाव

होता है। भारतीय समाज में एवं ग्रामीण जीवन में सारे गांव की वह एक भाषा, एक ही वंश की सामाजिक विरासत गांव में एक जाति बिरादरी क लोग साथ–साथ निवास करते हैं।''4 सभी लोगों का आपस में एक दूसरे का सहयोग और बहुत घनिष्ट संबंध होते हैं । ये संबंध हमेशा गांव में पाया जाता है । सारा गांव हमेशा अपना एक परिवार हो जाता है । विचारों, रीति–रिवाजों, विश्वासों तथा आचरणों का एक दूसरे का परस्पर ध्यान रखते है । धर्म और जाति बिरादरी के भेदों के साथ भी गांवों के सामाजिक जीवन में भिन्नता नहीं आने पाती है।

निष्कर्ष – भारतीय गांव अपने इतिहास के प्रदीर्घ यात्रा में अनेक दौरों से गुजरता हुआ अपने वर्तमान स्वरूप में पहुंचा है । आदिम संगठन की अवस्था सामान्तवादी युग का स्वरूप भौगोलिक परिवर्तन की प्रकिया और राजनैतिक परिवर्तनों का इतिहास में सब भारतीय गांव के स्वरूप में परिवर्तन तो करते है, किन्तु बाह्य सतह को ही इतिहास की कई विराट लहरों में जैसे गांव को हुआ ही नहीं है ।

संदर्भ ग्रंथ :–

1. डॉ. अरूण मिश्र ''प्रेमचंद और उनके परवर्ती ग्राम जीवन''उपन्यास का तुलनात्मक अध्ययन ।
2. डॉ. ललित प्रसाद '' भारतीय नगर संस्कृति के दो रूप ग्राम और नगर''
3. सुमित्रानंदन पंत ''ग्राम्या''
4. प्रेमचंद –''गोदान''
5. पं. नरेन्द्र शर्मा ''बहुत रात गये'' कविता संग्रह से ग्राम चित्र

केन्द्रीय सरकार द्वारा श्रम कल्याण रेलवे में कार्यशील महिलाओं हेतु

श्रीमति सुनीता कुमारी
अर्थशास्त्र शोधछात्रा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर म.प्र.

प्रस्तावना :– भारत में सर्वप्रथम श्रमकल्याण कार्यो का प्रारम्भ प्रथम विश्व युद्ध के समय हुआ, परंतु केन्द्रीय सरकार का ध्यान इस ओर स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही आकृष्ट हुआ सन् 1922 में एक अखिल भारतीय श्रम कल्याण सम्मेलन 'मुम्बई में हुआ जिसमें श्रमिकों के कल्याण योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। श्रमिकों के कल्याण के लिए उस समय 'श्रम हितकारी परामर्शदात्री परिषदों की नियुक्ति की। तत्पश्चात् सन् 1942 में केन्द्रीय सरकार ने श्रम हितकारी सलाहकार (Labour Welfare Advisor) की नियुक्ति कीं इसकी सहायता के लिए अनेक श्रम कल्याण अधिकारियों ;स्ंइवनत ॅमसंितम वंिपबमतेद्ध की भी नियुक्ति की गई।

श्रम संघों द्वारा श्रम कल्याण :– इस संघ ने चिकित्सा, शिक्षा, वाचनालय तथा मनोरंजन आदि सुविधाओं की व्यवस्था की है। मिल मजदूर संघ तथा इन्दौर मे भी श्रमिकों के लिये महिला मंदिर की स्थापना की है। इसके अतिरिक्त रेलवे मेन्स यूनियन ने भी कर्मचारियों के कल्याण के लिये अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये है।

समाज सेवी संस्थाओ द्वारा श्रम कल्याण :– श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक समाज सेवी संस्थाओं ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिनमें बम्बई प्रेसीडेन्सी महिला समिति – बम्बइ समाज सेवा लीग आदि संस्थाऐ प्रमुख है सेवा समितियाँ मुम्बई तथा पूना में स्त्रियों तथा बच्चों के लिये शिक्षा व चिकित्सा की व्यवस्था करते है। श्रमिकों को शिक्षित करने के लिये रात्रि शालाएं कहलाती है। साथ ही मनोरंजन सहकारी समितियाँ, पुस्कालय तथा खेलों आदि की भी व्यवस्था करते है।

नगर निगम एवं नगर पालिकाओं द्वारा श्रम कल्याण – इन संस्थाओं द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये है। नगर निगम ने श्रमिकों के कल्याण के लिए एक अलग मे श्रम कल्याण विभाग की स्थापना कर दी है। इसके अतिरिक्त प्रायः समस्त नगरपालिकाओं एवं निगमों ने श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि से प्रॉविडेन्ट फंड योजना भी लागू की है।

अंर्तराष्ट्रीय श्रम संगठन – अंर्तराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा मान्य वर्गीकरण इस प्रकार है–

श्रमिको की वैज्ञानिक भर्ती – श्रमिको की भर्ती वैज्ञानिक आधार पर होना नितान्त आवश्यक है। वैज्ञानिक आधार पर नियुक्ति होने से श्रमिका अधिकतम कल्याण होता है। क्योंकि उससे उनकी नियुक्ति स्थायी तौर पर हो जाती है। श्रमिक अपनी पूर्ण कार्यक्षमताओं कार्य करे, उसके लिये आवश्यक है, श्रमिकों की भर्ती स्थायी रूप से वैज्ञानिक आधार पर की जाये। वैज्ञानिक आधार पर भर्ती होने से केवल योग्य व कुशल श्रमिकों की ही नियुक्ति होगी जिससे उद्योग लाभान्वित होगा।

औद्योगिक प्रशिक्षक :– श्रमिको की वैज्ञानिक आधार पर भर्ती होने के उपरान्त उन्हें कार्य करने का उपयुक्त प्रशिक्षण देना अति आवश्यक है। आधुनिक युग में बड़े पैमान पर उत्पादन होने के कारण बड़ी – बड़ी एवं जटिल मशीनों एवं उपकरणों का सहारा लिया जाता है। उन मशीनों एवं उपकरणों को प्रयोग मे लाने हेतु प्रशिक्षण अत्यन्त आवश्यक होता है। इससे श्रमिकों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी जिससे न केवल श्रमिक वर्ग बल्कि नियोक्ता वर्ग भी लाभान्वित होगा।

स्वच्छता, प्रकाश एवं वायु की समुचित व्यवस्था : – श्रमिक जहॉ कार्य करते हैं। वहां का वातावरण स्वास्थ्यप्रद होना अत्यन्त आवश्यक है। अतः कारखाने में स्वच्छता, उचित प्रकाश एवं वायु की व्यवस्था होनी चाहिए। कारखानो में समय–समय पर सफाई एवं पुताई होनी चाहिएं प्रकाश की उचित व्यवस्था होनी चाहिएं सांस लेने के लिए श्शुद्ध वायु की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही

उचित तापक्रम की भी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त कारखाने में स्वच्छ पेय जल स्नानगृह, शौचालय आदि का भी प्रबंध होना आवश्यक है।

दुर्घटनाओं से रक्षा :– कारखाने के अन्दर दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए – उदाहरणार्थ – मशीनों के आस– पास आड (Fencing) लगाना, आग बुझाने के यंत्रो की व्यवस्था आदि। खतरनाक कार्यो हेतु श्रमिकों के लिये सुरक्षात्मक पोशाकों की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, कारखाने में एक डॉक्टर होने पर वही प्राथमिक उपचार किया जा सके।

उत्तम आवास व्यवस्था :– मनुष्य की अनिवार्य आवश्यकताओं में एक आवास भी है। श्रमिकों की कार्यक्षमता काफी सीमा तक आवास व्यवस्था पर निर्भर करती है। इसके अभाव में श्रमिको का नैतिक, सामाजिक एवं श्शारीरिक पतन हो जाता है। जिससे श्रमिकों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। श्रमिक काम की तलाश में बड़े औद्योगिक नगरों में आ जाते है तथा यही बस जाते है, श्रमिको कों सस्ते किराये की दरों पर मकान उपलब्ध नही हो पाते। अतः केन्द्रीय श्रमिकों के लिए उत्तम आवास की व्यवस्था होनी चाहिए।

उचित चिकित्सा व्यवस्था – श्रमिकों की कार्यक्षमता उसके स्वास्थय पर निर्भर रहती हैं हमारे देश के श्रमिक निर्धन होने के कारण अपना इलाज कराने मे असमर्थ रहते हैं। अतः श्रमिकों के लिये चिकित्सा की पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने का दायित्व नियोक्ताओं को अपने ऊपर लेना चाहिए। श्रमिकों के पूर्णस्वस्थ रहने से वे अपनी पूर्ण कार्यक्षमता से कार्य कर सकेंगे जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी व उद्योगपति को अधिकाधिक लाभ प्राप्त होगा। अतः श्रमिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए चिकित्सा की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।

स्वस्थ मनोरंजन की व्यवस्था :– श्रमिक दिनभर कारखाने में कार्य करने के उपरांत घर लौटता है तो काफी थकावट अनुभव करता है। इस थकावट को मनोरंजन के साधनों के द्वारा दूर किया जा सकता है जिससे श्रमिकों की कार्यक्षमता पुनः ज्यो की त्यों हो जाती है। अतः श्रमिकों के लिये स्वस्थ मनोरंजन के साधनों की व्यस्था करनी चाहिए जिससे थकान तो दूर हो ही, साथ ही उनका शारीरिक एवं मानसिक व बौद्धिक विकास भी हो। श्रमिकों के मनोरंजन के लिये सिनेमा नाटक, खेलकूद, पुस्तकालय, संगीत, व्यायाम, वाचनालय आदि की व्यवस्था की जा सकती है।

सस्ते एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था :– श्रमिकों की कार्यक्षमता म वृद्धि के लिये इन्हें पौष्टिक भोजन, प्राप्त होना अत्यंत आवश्यक हैं इसके अभाव में श्रमिकों का स्वास्थ प्रभावित होगा, उनकी कार्यक्षमता कम हो जायेगीं अतः कारखानो में जलपान गृहों की व्यवस्था की जानी चाहिए तथा सस्ती दर पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाना चाहिए। साथ ही श्रमिकों के लिये सहकारी भंडारों की स्थापना की जानी चाहिएं जहां पर उन्हें सस्ती दर पर खाद्यान एवं अन्य आवश्यक वस्तुए उपलब्ध करना चाहिए।

शिक्षा का प्रबन्ध :– अनेक श्रम समस्याओं का जन्म श्रमिकों की अज्ञानता के कारण होता हैं नियोक्ता व श्रम संघ उनका शोषण करते है। उत्पादन एवं किस्म में वृद्धि के लिए भी श्रमिको को शिक्षित किया जान अत्यन्त आवश्यक है। श्रमिकों को शिक्षा प्रदान करने हेतु रात्रि पाठशालाएं तथा प्रौढ़ व बालकों के लिए शिक्षा अनिवार्य हो । शिक्षा की सुविधा मुफ्त में दी जानी चाहिए।

प्रॉविडेण्ट फण्ड आदि को व्यवस्था :– श्रमिक वर्ग निर्धन रहता है आय कम होने के कारण उसके बचत के रूप मे धन नही रहता । अतः श्रमिकों के भविष्य की सुरक्षा के लिये प्रॉविडेण्ट फण्ड योजना लागू की जानी चाहिए। उससे श्रमिक अपने भविष्य के बारे मे पूर्ण रूप से आश्वस्त रहेगा व कार्य मन लगा कर करेगा।

अन्य कार्य :– कारखाने के अन्दर श्रमिकों के लिये आराम की भी व्यवस्था होनी चाहिए। लगातार कार्य करते रहने के कारण श्रमिक थकावट होने पर आराम कर सके। थकावट दूर होने पर उसी कार्य, क्षमता से करने लगता हैं अतः कारखाने मे महिला श्रमिक हेतु शिशु गृह, जलपान गृह आदि की व्यवस्था होनी चाहिए।

उपरोक्त क्षेत्र विभाजन के अतिरिक्त दूसरे प्रकार से भी श्रम कल्याण क्षेत्र को विभाजित किया जा सकता है –

A- कारखाने के भीतर किये जाने वाले श्रम कल्याण कार्य। (Intra mural activities)

B- कारखाने के बाहर किये जाने वाले कार्य (Extra- Mural- Activities)

कारखाने के भीतर कल्याण कार्य – कारखाने के अन्दर किये जाने वाले प्रमुख कल्याण कार्य निम्नलिखित हैं –

A. कारखाने के भीतर के कल्याण कार्य :–

1. प्रसाधन
2. शिशुगृह पालन घर
3. विश्राम स्थल और केन्टीन।
4. पेयजल का प्रबन्ध।
5. थकावट को रोकने के उपाय।
6. स्वास्थ्य सेवाएं व व्यवसायिक सुरक्षा।
7. कल्याण कार्यो की देखभाल के लिए संयंत्र में उपलब्ध प्रशासनिक व्यवस्था।
8. वर्दी और सुरक्षा प्रदान करने वाले वस्त्र।
9. पारी भत्ता।
10. दुर्घटना से रक्षा।

B. कारखाने के बाहर कल्याण कार्य : –

1. प्रसूति हित लाभ।
2. सामाजिक सुरक्षा के उपकरण जिनमें उपदान पेंशन, भविष्य निधि और पुर्नवास आदि।
3. अनुग्रह निधियां।
4. उचित चिकित्सा सुविधाएं जिनमें शारीरिक आरोग्यता और कुशलता बनाए रखने वाले कार्यक्रम, परिवार नियोजन और बाल कल्याण आदि।
5. शिक्षा सुविधाएं जिनमें प्रौढ़ शिक्षा शामिल है।
6. उत्तम आवास व्यवस्था।
7. स्वस्थ मनोरंजन की सुविधाएं जिनमे खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुस्तकालय, वाचनालय, आदि।
8. सस्ते अवकाश ग्रह और छुटटी यात्रा की सुविधाएं।
9. श्रमिकों की सहकारी समितियां जिनमे सहकारी उपभोक्ता भंडार, उचित दाम दुकान और सहकारी बचत उधार समितियाँ शामिल है।
10. श्रमिकों के आश्रितों के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षण।
11. स्त्रियों, युवकों और बच्चों के लिए अन्य कार्यक्रम तथा
12. कार्य के स्थान तक जाने और वहां से लौटने के लिए परिवहन।

श्रम कल्याण का उद्भव और विकास :– प्रारंभ मे मानवीय क्रियायें मानवहित के अनुसार रही। श्रम उत्पादन का प्रमुख साधन होते हुए भी सबसे अपेक्षित साधन माना जाता था। एक संपन्न वर्ग ने स्वतंत्र सौदागिरी के आधार पर एक कमजोर वर्ग, श्रम की कमजोरियां का लाभ उठाकर उसका शोषण किया। श्रमिकों को मशीन मानकर उनसे जितना हो सका कार्य लिया गया। निम्नतर जीवन स्तर को बनाये रखने के लिये निम्नत्तम मजदूरी दी जाती थी, तथा किसी प्रकार की भी सुविधा नहीं दी जाती थी । उद्योगपतियों का लाभ प्रधान था, श्रम का कोई स्थान नही था।

वर्तमान औद्योगिक व्यवस्था तक पहुंचते–पहुंचते प्रबंध का विस्तार हो जाने के कारण उद्यागपति और श्रम का व्यक्तिगत संबध भी समाप्त हो गया। अव सारा कार्य प्रबंधक करता है, जो कि स्वयं भी श्रमिक है। आज उद्योगपति को यह मालूम ही नहीं होता कि उसके श्रमिकों की क्या समस्याएं है, उन्हे कैसे सुलझाया जाये तथा उन्हे कौन सी सुविधाए दी जाएं। इस परिवर्तन के कारण ही औद्योगिक बुराइयों का जन्म हुआ लेकिन एक निश्चित शोषण सीमा के पश्चात् – मानव कल्याण – हित सोचने को बाध्य हुआ, वह वास्तविकता से इन्कार न कर सका। ''भारत की महिला श्रमिक'' नामक पुस्तक में डा. पदमिनी सेन गुप्ता ने उसी तथ्य को इस प्रकार प्रकट किया है। कारखाना पद्धति में बाध्य शक्ति का प्रवेश होने के पश्चात् ही उद्योगचक्र के संचालक श्रमिक को पूर्ण तथा भुला दिया गया लेकिनश्शीघ्र ही यह महसूस किया जाने लगा कि श्रमिकों की प्रारम्भिक आवश्यकताओं की पूर्ति

करने की सुविधाएं प्रदान कर उत्पादन को और अधिक बढ़ाया जा सकता है। तथा मशीनों को और अधिक उपयोगी बनाने के लिये भी श्रम कल्याण अपेक्षित है।[1] प्रथम विश्व युद्ध के बाद सभी देशों की सरकारों तथा विनियोजकों ने विचार किया कि जीवन – मापन की दशाओं और औद्योगिक वातावरण में इतना परिवर्तन हो गया है कि औद्योगिक षांति, अधिक उत्पादन और द्रुत गति से विकास के लिये श्रमिकों के कार्य की दशाओं रहन – सहन के स्तर, वातावरण तथा कार्यक्षमता में वृद्धि व सुधार आवश्यक हो गया है युद्ध के बाद 'श्रम कल्याण' के विकास के मुख्य रूप से पांच कारण रहे हैं –

1. इसकी आवश्यकता युद्ध के समय अधिक उत्पादन बढ़ाने के लिये महसूस की गई। यह विचार किया गया कि यदि श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार हो जायेगा। इनकी प्राथमिक आवश्यकताओ की पूर्ति हो जायेगी, तो निश्चय ही उनका ध्यान इन समस्याओं की ओर से हट कर उद्योगों के अधिक उत्पादन की ओर बढ़ेगा।
2. 'अधिक उत्पादन' और 'अधिक विक्रय' की नीति को सक्षम बनाने के लिये ''श्रम'' जो कि उत्पादन की एक मुख्यश्शक्ति है, उसको कल्याण कारी सुविधायें प्रदान करना आवश्यक समझा गया।
3. अर्थव्यवस्था में होने वाले नवीन अनुसंधानों तथा वैज्ञानिक औद्योगिक प्रबन्ध ने भी श्रमिकों के कल्याण कार्य के प्रति उन्मुख होने का प्रोत्साहन दिया।
4. सरकार के अर्थव्यवस्था में हस्तक्षेप करने के कारण कल्याणकारी राज्य की राष्ट्रीय नीति का अभिन्न अंग बन गया। सरकार के प्रवेश के साथ ही वैज्ञानिक क्षेत्र में फैली हुई बुराइया भी समाप्त होने लगी, तथा श्रम कल्याण के प्रति व्यक्तिगत साहसी भी प्रयत्न शील बनने लगे।
5. साम्यवाद के उद्भव और प्रसार का भी श्रम कल्याण पर पर्याप्त प्रभाव पड़ा, पूंजीवादी देशो में श्रमिकों को अधिक सुविधाएं प्रदान करने का एक प्रमुख कारण साम्यवाद के बढ़ते हुए प्रभाव की आशंका भी है।

References :-

1. "Reports of the Royal Commission on Labour" Central Publications ,Calcutta,1931, p.p.10-12.
2. Hughes,A."reports on the Cost of Living of labourers in the Jharia coal fields".manager of Publications, Delhi ,1940.
3. Approaches of Social Security,ILO, Geneva , 1942.
4. Asian Conference , ILO, Reports- 2, p.3.
5. "Reports of the Labour Investigation Committee". Manager of Publications ,New Delhi ,1946. P.345.
6. National Commission on Labour Reports, "Reports of Study Group for Coal",Delhi Manager of Publications, 1968 , p.p.73-74 .
7. Reports of the Committee on Labour Welfare, 1969.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

Current Effect of Saving in society

Neeraj Kaliya
Research Scholar, Dept. Rular Development, RDVV, Jabalpur

Saving is income not spent, or deferred consumption. Methods of saving include putting money aside in, for example, a deposit account, a pension account, an investment fund, or as cash. Saving also involves reducing expenditures, such as recurring costs. In terms of personal finance, saving generally specifies low-risk preservation of money, as in a deposit account, versus investment, wherein risk is a lot higher; in economics more broadly, it refers to any income not used for immediate consumption.

Saving differs from savings. The former refers to the act of increasing one's assets, whereas the latter refers to one part of one's assets, usually deposits in savings accounts, or to all of one's assets. Saving refers to an activity occurring over time, a flow variable, whereas savings refers to something that exists at any one time, a stock variable. This distinction is often misunderstood, and even professional economists and investment professionals will often refer to "saving" as "savings" (for example, Investopedia confuses the two terms in its page on the "savings rate").

In different contexts there can be subtle differences in what counts as saving. For example, the part of a person's income that is spent on mortgage loan repayments is not spent on present consumption and is therefore saving by the above definition, even though people do not always think of repaying a loan as saving. However, in the U.S. measurement of the numbers behind its gross national product (i.e., the National Income and Product Accounts), personal interest payments are not treated as "saving" unless the institutions and people who receive them save them.

Saving is closely related to physical investment, in that the former provides a source of funds for the latter. By not using income to buy consumer goods and services, it is possible for resources to instead be invested by being used to produce fixed capital, such as factories and machinery. Saving can therefore be vital to increase the amount of fixed capital available, which contributes to economic growth.

However, increased saving does not always correspond to increased investment. If savings are not deposited into a financial intermediary such as a bank, there is no chance for those savings to be recycled as investment by business. This means that saving may increase without increasing investment, possibly causing a short-fall of demand (a pile-up of inventories, a cut-back of production, employment, and income, and thus a recession) rather than to economic growth. In the short term, if saving falls below investment, it can lead to a growth of aggregate demand and an economic boom. In the long term if saving falls below investment it eventually reduces investment and detracts from future growth. Future growth is made possible by foregoing present consumption to increase investment. However savings not deposited into a financial intermediary amount to an (interest-free) loan to the government or central bank, who can recycle this loan.

In a primitive agricultural economy savings might take the form of holding back the best of the corn harvest as seed corn for the next planting season. If the whole crop were consumed the economy would convert to hunting and gathering the next season.

Policy makers and researchers have long been interested in how potential changes to the personal income tax system affect the size of the overall economy. In 2014, for example,

Representative Dave Camp (R-MI) proposed a sweeping reform to the income tax system that would reduce rates, greatly pare back subsidies in the tax code, and maintain revenue levels and the distribution of tax burdens across income classes (Committee on Ways and Means 2014).

In this paper, we focus on how tax changes affect economic growth. We focus on two types of tax changes – reductions in individual income tax rates and "income tax reform." We define the latter as changes that broaden the income tax base and reduce statutory income tax rates, but nonetheless maintain the overall revenue levels and the distribution of tax burdens implied by the current income system. Our focus is on individual income tax reform, leaving consideration of reforms to the corporate income tax (for which, see Toder and Viard 2014) and reforms that focus on consumption taxes for other analyses.

By "economic growth," we mean expansion of the supply side of the economy and of potential Gross Domestic Product (GDP). This expansion could be an increase in the annual growth rate, a one-time increase in the size of the economy that does not affect the future growth rate but puts the economy on a higher growth path, or both. Our focus on the supply side of the economy in the long run is in contrast to the short-term phenomenon, also called "economic growth," by which a boost in aggregate demand, in a slack economy, can raise GDP and help align actual GDP with potential GDP.

The importance of the topics addressed here derive from the income tax's central role in revenue generation, its impact on the distribution of after-tax income, and its effects on a wide variety of economic activities. The importance is only heightened by concerns about the long-term economic growth rate (Gordon 2016; Summers 2014) and concerns about the long-term fiscal status of the federal government (Auerbach and Gale 2016).

We find that, while there is no doubt that tax policy can influence economic choices, it is by no means obvious, on an ex ante basis, that tax rate cuts will ultimately lead to a larger economy in the long run. While rate cuts would raise the after-tax return to working, saving, and investing, they would also raise the after-tax income people receive from their current level of activities, which lessens their need to work, save, and invest. The first effect normally raises economic activity (through so-called substitution effects), while the second effect normally reduces it (through so-called income effects).

The financing of tax cuts significantly affects its impact on long-term growth. Tax cuts financed by immediate cuts in unproductive government spending could raise output, but tax cuts financed by reductions in government investment could reduce output. If they are not financed by spending cuts, tax cuts will lead to an increase in federal borrowing, which in turn, will reduce long-term growth. The historical evidence and simulation analyses suggest that tax cuts that are financed by debt for an extended period of time will have little positive impact on long-term growth and could reduce growth.

Tax reform is more complex, as it involves tax rate cuts as well as base-broadening changes. There is a theoretical presumption that such changes should raise the overall size of the economy in the long-term, though the effect and magnitude of the impact are subject to considerable uncertainty. One fact that often escapes unnoticed is that broadening the tax base by reducing or eliminating tax expenditures raises the effective tax rate that people and firms face and hence will operate, in that regard, in a direction opposite to rate cuts and mitigate their effects on economic growth. But base-broadening has the additional benefit of reallocating resources from sectors that are currently tax-preferred to sectors that have the highest economic (pre-tax) return, which should increase the overall size of the economy.

A fair assessment would conclude that well-designed tax policies have the potential to raise economic growth, but there are many stumbling blocks along the way and certainly no guarantee that all tax changes will improve economic performance. Given the various channels through which tax policy affects growth, a tax change will be more growth-inducing to the extent that it involves (i) large positive incentive (substitution) effects that encourage work, saving, and investment; (ii) small or negative income effects, including a careful targeting of tax cuts toward new economic activity, rather than providing windfall gains for previous activities; (iii) reductions in distortions across economic sectors and across different types of income and consumption; and (iv) minimal increases in, or reductions in, the budget deficit.

References :-

1. Dell'Amore, Giordano (1983). "Household Propensity to Save", in Arnaldo Mauri (ed.), Mobilization of Household Savings, a Tool for Development, Finafrica, Milan.
2. Modigliani, Franco (1988). "The Role of Intergenerational Transfers and the Life-cycle Saving in the Accumulation of Wealth", Journal of Economic Perspectives, n. 2, 1988.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

मध्यप्रदेश में गन्ने पर आधारित उद्योगों के विकास की संभावनाएँ

नरसिंहपुर जिले के विशेष संदर्भ में

Abhay Ghodke, SSNMIMT College Narsinghpur

हम गौरवान्वित है कि हम हिन्दुस्तान के हृदय स्थल मध्यपद्रेश के ऑचल में उसकी अनुपम प्राकृतिक छटा के सानिध्य में निवास करतें है। यहाँ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर अपने आप में विशिष्ट है। विंध्य और सतपुड़ा की पर्वत श्रंखलाऐं ताप्ती, नर्मदा, चम्बल, सोन, बेतवा, महानदी की उद्‌गम स्थली, महर्षियों की तपोभूमि है, मध्यप्रदेश की धरा को उपजाऊ बना, जीवन देने वाली ये पवित्र नदियाँ मध्यप्रदेश की सीमा से लगे प्रदेशों को आपस में जोड़ती है।

मध्यप्रदेश की स्थापना 1 नबम्बर 1965 को हुई, भोगोलिक स्तर पर प्रदेश का सबसे बड़ा राज्य कहलाने वाला राज्य अपनी 44 वर्षगांठ पर बँट गया। 1 नबम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य बनने के साथ ही मध्यप्रदेश दूसरी पायदान पर आ गया।

मध्यप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था प्रमुख रूप से कृषि पर आधारित है। प्रदेश की 73.54 आवादी गाँवों में बसती है। यहाँ के लोगों की आजीविका का मुख्य स्रोत कृषि अथवा कृषि कार्य पर निर्भर है। यहाँ की मुख्य फसलें गेंहू, सोयाबीन, गन्ना, चना व सरसों, दाल आदि है। गन्ना एक वाणिज्यिक फसल है।

मध्यप्रदेश का गन्ना उत्पादन में 11वा स्थान है। राज्य में 201–15 में 59,900 तथा 2015–16 में गन्ने का उत्पादन 65,180 टन हुआ था।

6. Dumont, L., Power and Territory, in Kaviraj, op. cit.
7. Frankel, F, and MSS Rao, Dominance and State Power in modern India: Decline of a Social Order, vol. 1 and vol. 11, Ox. 1990.

8. GuhiaR, India after Gandhi: The History of the World's Largest Democracy, Picador, 2007.
9. Jayal, NirjaGopal, 'the Governance Agenda: Making Democratic Development Dispensable', EPW, 22 February, 1997.
10. Jaffrey, R. Indian Language News Papers and Why they grow in Economic and Political weekly, 28(38),2004
11. Kaviraj, S. Apparent Paradoxes of J Nehru, Mainstream, Nov-Dec, 1980.
12. Khilnani S. The Idea of India, London, 1997.
13. Kohli, A, Democracy and Discontent: India's Growing Crisis of Governability, Cambridge, 1990.
14. Kothari, R Politics in India, Boston 1970.
15. Krishna, A Active Social Capital: Tracing the Roots of Development and Democracy, New York, 2002.
16. Kulke, H. (ed) The State in India, 1000-1700, Delhi, 1995.
17. Kaviraj, S., (ed) Politics in India, Oxford 1999.
18. Lassell, H. 'Faction ' in Encyclopedia of the Social Sciences, New York, 1931.
19. March, James G and Johan P. Olsen, The New Institutionalism: Organizational Factors in Political Life American Political Science Review, 78, 1984.
20. Mitra, S., 'Effects of Institutional Arrangements on Political Stability in South Asia', Annual Review of Political Science, No.2, 1999.
21. Mohanty, N Oriya Nationalism: Quest for a United Orissa (1866-1936) New Delhi, 1982.
22. Morris Jones, The Government and Politics of India, London, 1964.
23. Myron Weiner, State Politics in India (ed.) Princeton, 1965.
24. Reddy, G Ram and G. Hargopal, The Pyraveerkar: The Fixer in Rural India' , Asian Survey, 25 (11), 1985.
25. SoumyaRanjanPatanaik, The March to Modern odisha, 2013.
26. Weiner, M Party Politics in India: the Development of a Multi Party System, Princeton, 1967.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

चीन की चुनौती और समाधान

सुदेश बाला जैन
सहायक प्राध्यापक, महर्षि महेश वैदिक विश्वविद्यालय, करोंदी (कटनी)

प्रस्तावना : भारत सहित दुनिया के बड़े बाजारों में अपना एक छत्र कारोबारी राज करने वाले चीन को सबक सिखाने के लिए चीनी सामानों के बहिष्कार की मांग उठती रहती है। हम अपने राष्ट्रवाद के प्रेम में ओतप्रोत होकर बहिष्कार के नारे गुंजायेमान करने लगते हे, लेकिन बहिष्कार के पहले इस बात पर विचार ही नही, गंभीर मंथन करना होगा कि सिर्फ सामानों के बहिष्कार से कोई देश अपनी राजनैतिक महत्वाकांक्षा का त्याग कर देगा। इसका उत्तर नही में होगा। वैसे भी देश में दक्षिणपंथी समय–समय पर चीनी सामानों के बहिष्कार की बात दोहराते रहते है। पाकिस्तान से चीन की नजदीकियॉ और डोकलाम पठार पर चीनी और भारतीय सेना के आमने–सामने होने के बाद बहिष्कार का मामला तूल पकड़ता जाता है। अपनी भारतीयता को दिखाने के लिए कुछ संगठन सड़कों पर आकर चीनी सामानों के बहिष्कार की अपील करने लगते है। डोकलाम पठार पर पस्तावित 3500 कि.मी. सड़क निर्माण पर भारत का सीधा हस्तक्षेप भी नही है, विवाद तो भूटान और चीन का है। लेकिन भारत अपनी उत्तर की सीमाओं को सुरक्षित रखने के लिए सड़क निर्माण का विरोध करता है। विरोध अपनी ज़गह सही है क्योंकि देश की सुरक्षा का सवाल है। लेकिन चीनी माल के बहिष्कार के पहले कुछ पहुलुओं पर विचार करना भी जरूरी है कि आखिरी पूरा देश चीनी माल पर क्यों निर्भर हो गया। जरूरत है चीनी माल के साथ ही भारत की सरकारे (केन्द्र और राज्य) सब मिलकर चीन का विरोध करे तभी सच्ची देशभक्ति होगी।

सारांश : पाकिस्तान से चीन की नजदियॉ और सिक्किम बार्डर पर भारत और चीन की सेना आमने–सामने होने के बाद बहिष्कार का मामला ज्यादा तूल पकड़ गया। लेकिन क्या अकेले बहिष्कार से बात बनने वाली है, इन बातों पर यदि गौर करते तो भारत का चीन के साथ व्यापारघाटा पिछले साल बढ़कर 46.58 विलियम डॉलर यानि लगभग 3.00 लाख करोड़ रूपये हो गया है, जबकि चीन ने पिछले वर्ष निर्यात 8.33 विलियन डॉलर को 0.2 फीसदी बढा दिया है। भारत का चीन में निर्यात 11 फीसदी गिरकर 11. 76 मिलियम डॉलर पहुॅच गया है। चीन के कुल निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मात्र दो फीसदी है इससे साफ है कि अगर चीनी माल का भारत में बहिष्कार हो भी जाये तो चीन को तुरंत अपनी अर्थव्यवस्था में कोई प्रभाव नही पड़ेगा। हालांकि इससे इंकार नही किया जा सकता है कि चीन भारत जैसा बड़ा बाजार आसानी से खोना नही चाहेगा।

अब दूसरे पहलू पर भी विचार करे तो चीन के लिए भारत न सिर्फ सबसे बड़ा बाजार है बल्कि सबसे आसान भी है। चीन की पॉलिसी ''वन बेल्ट, वन रोड़'' में भारत का बाजार सबसे फिट है। इसके अलावा हमारी सरकारे (चाहे केन्द्र की हो या राज्य की) निवेश के लिए पलक पावड़े बिछाई हुई है।

1. वर्ष 2011 में चीन का भारत का कुल निवेश 102 मीलियम डॉलर था जो वर्ष 2016 में 01 बिलियन डॉलर हो गया जो रिकार्ड है।
2. वर्ष 10 अप्रैल 2017 को हिदुस्तान टाईम्स की रिपोर्ट में कहा गया कि चीन और चीनी कंपनियों ने भारत में चार बिलियन डॉलर का निवेश किया है वर्ष 2014 के पहले चीन का भारत में सिर्फ अहमदाबाद में रीजनल ऑफिस था अब महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश और हरियाणा में ऑफिस खुल चुके है।
3. वर्ष फरवरी 2017 में चीनी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीन की सात बड़ी फोन निर्माता कंपनी भारत में फैक्ट्री लगाने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा–

1. चीन की कंपनी ''चाइना रेल्वे रोलिंग स्टांक'' को नागपुर मेट्रो के लिये 851 करोड़ रूपये का ठेका मिला है।
2. इसी कंपनी को गांधीनगर–अहमदाबाद लिंक मेट्रो का सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 10,773 करोड़ रूपये का ठेला हथिया लिया गया है।
3. हाल ही में गुजरात सरकार ने चीनी कंपनियों से निवेश के लिए 5 बिलियन डॉलर के एम.ओ.यू. साइन किये है।
4. कर्नाटक सरकार चीनी कंपनी को 100 एकड़ जमीन देने पर सहमति दे चुकी है।
5. महाराष्ट्र ई. इंडस्ट्रीयल डेवल्पमेंट कार्पोरेशन ने चीन की दो मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी को 450 करोड़ निवेश के बदले 75 एकड जमीन दे दी है।
6. हरिणाया सरकार ने चीनी कंपनियों के साथ 8 सहमति पत्र साइन किये है ये कंपनियॉ 10 बिलियन का इंडस्ट्रीयल पार्क बनायेंगी।

वर्ष जनवरी 2016 की डी.एन.ए. रिपोर्ट के मुताबिक चीन का सबसे अमीर आदमी हरियाणा में 60 हजार करोड़ का निवेश करेगा। प्रदेश के इंदौर, भोपाल में मेट्रो का ठेका राज्य सरकार चीनी कंपनी को दे चुकी है। पिछले साल चीन ने 61 अरब डॉलर का सामान भारत के बाजारों में बेचा, जबकि भारत मात्र 9 अरब डॉलर का सामान चीन में बेच पाया। वर्ष 1990 से 2010 तक के बीच की वार्षिक औसत उत्पादक विकास दर चीन की 2.8 जबकि अमेरिका की 0.5 फीसदी और जापान की 0.2 फीसदी थी।

क्रिसल के हाल ही के सर्वे में भारत में 8 फीसदी बेरोजगारी है। वर्ष 2017 में लगभग 8 करोड़ से ज्यादा नौकरी की जरूरत है। फिर भी देश की सरकारे स्थानीय अवसर पर रोजगार के अवसर जुटाने के बजाय विदेशी कंपनियों के लिए पलक पावडे बिछाये हुये है। इतना ही नही जिस चीन की आई.टी. कंपनी ने भारत की 8 आई.टी. कंपनियों की जासूसी कर 8 मिलियन डॉलर की चपत लगायी उसी कंपनी को महाराष्ट्र सरकार ने आई.टी. पार्क बनाने के लिए अपने प्रदेश में जमीन दे दी।

निष्कर्ष : देश की ही सरकारे चीन के साथ कारोबारी रिश्तो को सरकार और अर्थव्यवस्था की कामयाबी के रूप में पेश करती है, लेकिन जब विवाद की स्थिति बनती है तब हम लड़ियॉ, फुलजड़िया का विरोध करते है। बहिष्कार से राष्ट्रवाद दिखाई तो जरूर देता है लेकिन असल में राष्ट्र कमजोर होता है।

वर्ष 2011 में भारत में विदेशी निवेश करने वाले मुल्कों में चीन का 35वां स्थान था जो वर्ष 2014 में 28वां हो गया और वर्ष 2017 में 17वॉ बड़ा देश निवेशवाला हो गया और जल्द ही चीन भारत में निवेश करने वाले 10 बड़े देशों में शामिल हो जाएगा। इंडिया स्पेंड (रेशमा पाटिल) की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन, विदेशी निवेश का मात्र 0.5 फीसदी भारत में निवेश करता है इसलिए भारत में बहिष्कार से चीन को त्वरित फर्क नही पड़ेगा, लेकिन यह भी सही है कि सरकारे और जनता एक साथ बहिष्कार करे तो चीन की कंपनियों सहित चीन सरकार को हिलाये जा सकता है। कुछ वर्षों से चीन 21वीं सदी की महाशक्ति (अर्थ व्यवस्था के क्षेत्र में) उभर रहा है। चीन अपने आप को जिम्मेदार अर्थव्यवस्था के रूप में पेश कर रहा है जबकि चीन दुनिया में सबसे कम पारिश्रमिक देनेवाला देश है। इसके अलावा भारत यदि कषि को केन्द्रित करे और कृषि से जी.डी.पी. का योगदान जो अभी 14 फीसदी है उसे बढ़ाकर 25–30 फीसदी करने में कामयाब रहे और लघु कुटीर उद्योगों पर फोकस करे तो चीनी माल भारतीय बाजारों में टिक नही सकता।

इसके अलावा यदि भारत में –

1. एफ.डी.आई. को ज्यादा से ज्यादा मैरिट के आधार पर प्रोत्साहन दिया जाए।
2. सरकारें अपने नियमों को आसान करे।
3. देशी व्यावसायियों को भारत में व्यापार करने के लिए उत्साहित करें।
4. देश में स्किल्ड वातावरण तैयार करे, फिर चीनी माल का बहिष्कार करे तो चीनी निवेश को रोका जा सकता है।

5. चीन की तरक्की को सोशल मीडिया में कोसने और देशभक्ति–राष्ट्रवाद की लहरों में बहने की बजाय तकनीकी और आर्थिक नीतियों में अमूल चूक फेरबदल कर उत्पादन पर जोर देना होगा। कौशल विकास पर केन्द्रित होना होगा। उत्पादन भी सस्ता–सुंदर और ठिकाऊ हो तो उपभोक्ता देशी उत्पादन की तरफ आकर्षित होगा और यही आकर्षण देश के प्रति सच्ची देशभक्ति और राष्ट्रवाद होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. पाण्डेय–अनिल आजाद–हैलो चीन देश पुराना नई पहचान, राजकमल प्रकाशन दिल्ली–2016
2- पीटर– Hessler, counting Driving report China.
3- Report China the 13th Five year plans (2016-2020) Economic & Social Development of the people.
4- Maxwell Neville Keywords to understand china source for publication about china 1960.
5- https://Khubar.ndtv.com
6. वार्षिक प्रतिवेदन–मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्रप्रदेश, हरियाणा, स्टेट इंडस्ट्रीयल डेवल्पमेंट कार्पोरेशन।
7. वार्षिक प्रतिवेदन–भारतीय उद्योग परिसंघ नई दिल्ली।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

ई. पंचायत का महत्व व उसका विकास की गति में योगदान का अध्ययन

डॉ. महेन्द्र कुमार बिसेन
वरिष्ठ अध्यापक, शास. उ.मा. विद्या. मुर्गहाई, जिला–सिवनी म.प्र.

सारांश :– भारत की आधी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। देश के सम्पूर्ण विकास के लिए इन ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली आबादी का विकास अति आवश्यक है। गामीण स्तर पर विकास व परियोजनाओं का क्रियान्वयन ग्राम पंचायत द्वारा किया जाता है। केन्द्र सरकार ने ग्राम पंचायतों को और अधिक सक्रिय व उनकी भूमिका में पारदर्शिता लाने के लिए ई. पंचायत योजना प्रारम्भ किया है, जो ग्राम पंचायतों को केन्द्र व राज्य सरकार से इन्टरनट से जोड़कर विकास परियोजनाओं व उनसे संबंधित जानकारी को इंटरनेट पर उपलब्ध कराता है। इस लेख में हम ई.–पंचायत के महत्व व उसके विकास कार्यो में योगदान पर प्रकाश डालेंगे।

प्रस्तावना :– भारत वर्ष की एक तिहाई जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, आर पंचायत राज व्यवस्था ग्रामों की शासन प्रणाली का प्रतिनिधित्व करती है। भारत में 0.235 करोड़ ग्राम पंचायते, 6094 विकासखण्ड व 633 जिला पंचायत है। इन ग्राम पंचायत की गुणवत्ता को सुधारने के लिए भारत सरकार व ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ई.–गर्वनेन्स योजना प्रारम्भ किया है, जिसे ई. –पंचायत भी कहते है।

2004 में ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सभी राज्यों के पंचायत राज्य मंत्री से मुलाकाते आयोजित किया, जिसका मुख्य उद्देश्य संविधान का भाग IX (पंचायत) तथा PESA (Panchayat Extention to Scheduled area) Act 1986 को लागू करना। इन मुलाकातों के सातवे चरण में सूचना प्रौद्योगिकी का पंचायत में उपयोग पर विचार विमर्श किया गया एवं 2005 National Advisory Council (NAC) ने भारत सरकार को इन पंचायतो के लिए राष्ट्रीय IT Program प्रारम्भ करने की सलाह दी। जिसमें एक राष्ट्रीय नेटवर्क या कम्प्यूटरीकृत सिस्टम होगा, जिसकी एक समिति समूह होगा जो फण्ड व सुविधाओं पर निगरानी रखेगा। NAC ने यह सिफारिश किया की केन्द्र सरकार एक वर्ष तक इस प्रोग्राम को लागू करने में सहायता करेगा। एक वर्ष बाद राष्ट्रीय ई.–गर्वनेन्स योजना को मंत्रीमण्डल ने पारित कर दिया जिसका एक परिणाम ई. पंचायत भी है।

ई.–पंचायत को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए 11 करोड़ सॉप्टवेयर व कम्प्यूटर इन्फ्रास्ट्रक्चर को पंचायती राज्य व्यवस्था के साथ स्थापित किया गया है। यह नई तकनिकी पंचायती शासन में पारदर्शिता लायेगी, जो इनके कार्य सम्बन्धित सभी जानकारी इंटरनेट पर उपलब्ध करायेगी जैसे पेंशन, मकान कर, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से संबंधित है। ई–पंचायत बिजनेन प्रोसेस पुर्नश्चना सुविधा भी उपलब्ध करेगी जो मांग आधारित सुविधा को तेजी से सरल बना सकेगी और इन सबका परिणाम होगा ग्राम पंचायतों का स्वरूप आधुनिकता से सम्पन्न होगा।

ई–पंचायत परियोजना की प्रमुख विशेषताएं :–

1. यह देश की पहली परियोजना है, जिसमें जनपद पंचायत स्तर तक सभी ग्रामीण विकास एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं की ऑनलाईन निगरानी की जा सकती है।
2. अत्याधुनिक तकनीक जैसे भौगोलिक सूचना प्रणाली आदि का उपयोग करते हुए पंचायतों की मूलभूत जानकारियों का संकलन किया जा सकता है।
3. प्रत्येक ग्राम पंचायत के ऑनलाईन संसाधन डायरेक्ट्री का विकास हो सकता है।
4. ग्राम पंचायत स्तर तक के विभिन्न विकास कार्यो के भौतिक एवं पर्यवेक्षण हेतु प्रणाली का विकास हो सकता है।

5. विभिन्न योजनाओं के तहत् लाभान्वितों की ऑनलाईन निगरानी प्रणाली का विकास हो सकता है।

6. रोजगार मूलक योजनाओं की ऑनलाईन निगरानी प्रणाली का विकास हो सकता है।

7. ग्राम पंचायतों की आय एवं वित्तीय संसाधनों का संकलन किया जा सकता है।

8. ग्राम पंचायतों को प्रदत्त शासकीय अनुदान जनभागीदारी से प्राप्त आय दानदाताओं से प्राप्त दान आदि संसाधनों का संकलन किया जा सकता है।

9. ग्राम पंचायतों की वार्षिक कार्ययोजना एवं आधारभूत जानकारियों का संकलन किया जा सकता है।

ई.–पंचायत की उपयोगिता :–

1. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत विभिन्न गरीबी उन्मूलन रोजगार मूलक हितग्राही मूलक एवं ग्रामीण अधोसंरचना विकास हेतु संचालित योजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक निगरानी करते हुए राज्य, जिला एवं जनपद स्तर तक सीधे सूचनाओं का आदान–प्रदान ''रूरल सॉफ्ट'' के माध्यम से किया जाता है।

2. पंचायती राज संस्थाओं के लेखाओं तथा उपलब्ध आबंटन एवं व्यय की त्वरित जानकारी का आदान–प्रदान राज्य, जिला एवं जनपदों के मध्य ''प्रिया सॉफ्ट'' के माध्यम से किया जाता है।

3. अन्य शासकीय विभाग जैसे स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण इत्यादि विभागों की योजनाओं का पर्यवेक्षण संबंधित विभाग द्वारा सुगमता से किया जा सकता है।

ई.–पंचायत का क्रियान्वयन :– ई.–पंचायत परियोजना का क्रियान्वयन राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा भारत सरकार के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग एवं राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के सहयोग से किया जा रहा है। भारत के लगभग सभी राज्य अपनी ग्राम पंचायतों में ई.–पंचायत का क्रियान्वयन कर रहे है।

निष्कर्ष :– सूचना प्रौद्योगिकी ग्राम पंचायतों की शासन व्यवस्था को गति प्रदान कर विकास कार्यो व योजनाओं को सार्थक करने में अत्यन्त महत्व है। ई.–पंचायतों द्वारा जहॉ एक ओर विकास कार्यो में आने वाली दिक्कतों का निराकरण हुआ है। वही दूसरी ओर उनकी शासन प्रणाली में पारदर्शिता आयी है। ई.–गर्वनेन्स ने नई तकनिकी को ग्रामीण परिवेश से जोड़कर उन क्षेत्रों में सूचना व महत्वपूर्ण जानकारियों को ग्रामवासियों तक सरल सुगम पहुॅच बना दिया है। केन्द्र व राज्य सरकार ई.–गर्वनेन्स के माध्यम से ग्रामीणों से जुड़कर उनकी समस्याओं को हल करने के लिए ग्राम पंचायतों को सहायता कर सकते है। अतः ई.–पंचायत, ई.–गर्वनेन्स का एक बहुत ही अच्छा व सार्थक प्रयास है।

सन्दर्भ :–

1. वार्षिक रिपोर्ट, 2016–17 भारत सरकार, ग्रामीण विकास मंत्रालय.

2. रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन पंचायत राज इस्टीट्यूशन्स.

3. जैन, आर.बी.–पंचायत राज वॉल्यूम फ्रॉम आई; आई.पी.ए. नई दिल्ली.

4. जोशी आर.पी तता मंगलानी, रूपा (सं.)– पंचायतीराज के नवीन आयाम, जयपुर यूनिवर्सिटी बुक हाउस (प्रा.) लि. 2000 पृ. 26, 29.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

Theoritical Vs. Practical Knowledge of Indian Classical Music

Dr. Tripti Watwe
Assistant Professor, HOD (Dept. of Vocal and Instrumental Music), Women's College, Agartala

Abstract : It's a very ridiculous fact that Indian Society has still got a funny outlook towards music as an institutional subject. What is there to study in music, is a normal inquisitive question by the common masses. And it's also a fact that the scorers in theoretical knowledge of music may not necessarily be distinguished performers on stage.

The following paper will endeavor to throw light on some of the commonly enquired questions about music, its job prospects and its future as a whole.

Key-words : Indian Society, Music, Theory, Practical Knowledge.

As the story Goes : We in the 21st century are heading towards a highly advanced techno-savy world. The earth is spinning around in a digitalized space! Homosapiens are inhaling and exhaling technology but yet some facts remain in inertia. And amongst many such facts, one such fact in India is the quizzical attitude of a common man towards Indian Classical Music. It may sound comical but it is a common thinking that Indian classical Music doesn't have a theoretical aspect and therefore, no future!! Anything that has to be studied or read brings in better prospects for future is a general understanding.

Thus, this paper will try to establish that Indian Classical Music has long been a subject of study and therefore research. It's one of the highest form of performing arts which requires lot of intellectual skill.

Before embarking on our journey through this topic it would be necessary to discuss about the presence of art in mainstream education.

We all have heard about chausath kala and chauda vidya prevalent from the ancient education systems. In both of these systems of education music has been given a very prominent place. This proves that education from time immemorial has been considered incomplete without disciplines of performing arts like music, dance and drama.

It is a well-known fact that Indian Classical Music is one of the chausath kala and Tansen is considered as a ultimate ideal of a performer. A layman in music too knows these facts about music. But music is also a shastra meaning knowledge abiding by the scriptures or texts. People associated with institutional music are well aware that there are various musical texts in music which were written by scholars in different eras and there is a completely different stream pertaining to the theoretical knowledge of music known as musicology.

Career Count : Music brings along with it paraphernalia of job prospects. The need is to increase our vision and throw off the curtain we carry in our minds related to music.

Music once upon a time suffered from degradation in terms of dignity as it became associated with brothels but now in some cases a sort of mental dilemma is seen disturbing a disciple of music and his guardians regarding the future possibilities of musical career. This is mainly because the Indian society is still not sure about music as a discipline or music as a reliable future resource. They believe it to be a sort of hobby or extra-curricular activity but not a mainstream subject.

Reality Register : Sometimes the attitude of such people is also justified because one cannot see

enough job opportunities in a teaching institute as there are comparatively less vacancies in colleges and universities. Nowadays there is a population explosion of qualified Phd and NET candidates who are forced to take up group D employment also due to scarcity of jobs. Consequently students of music are getting demoralized as they see no scope in their profession.

Scope for Survival : There may be various causes of chaos in the professional field of music but as they say wise have solution for every problem and fools create problem for every solution!

Responsible private or government organizations can actively work on two levels for detangling the situation.

First at the level of creating awareness for job opportunities and second at the level of creating more job possibilities for the promising candidates of music. Counselors in every university and college can help the students out of their doubts and confusion.

At the government level more colleges and Universities should be established dedicated to pure Indian Classical Music and Fine arts. Government may have records of a few institutes which are devoted to music and arts but the demand and supply ratio is fast changing. The number of students coming out of institutes and colleges is fast increasing who are in search of employment. Today there are 200 applicants against two or three or in many cases one vacancy in a College or Institute under the performing Arts or Fine arts category.

Apart from creating vacancies in institutes of performing arts and fine arts, there are various other probabilities in musical career. Apart from teaching music, acoustical engineering, musical reporting, music composing in theatres, television serials, films, advertisements, etc. are various other possibilities of a candidate of music.

If possible students can opt for ethnomusicological research from Universities of abroad and earn higher degrees for a brighter career. Ethnomusicology is developing into a new branch of research which works on interdisciplinary research and study of music with other subjects of sociology, science, management or arts etc. Obviously association with other subjects brings in better prospects as our range of expression becomes wider.

Final Snippets : In short, as the saying goes when the going gets tough, the tough gets going, may be situation is a little tough regarding job prospects in Indian music but if a balanced outlook is maintained regarding demand and supply only then this subject will be able to continue as a professional subject otherwise its shrinking job prospects will discourage aspirants to opt for it as a subject and it will remain a hobby!

Bibliography :

1. Neuman, M. Daniel, Studying India's Musicians, Manohar Publishers, New Delhi, 2015.
2. Thielemann, Selina, The Spirituality of Music, A.P.H.Publishing Corporation, New Delhi, 2001.
3. Choudhuri, Pt. Debu, On Indian Music, Sanjay Prakashan, New Delhi, 2005.
4. Gautam, Anita, Bharatiya Sangit me Vaigyanaik Upakarano ka Prayog, Kanishka Publishers, New Delhi, 2002.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

भूमंडलीकरण का अर्थ व्यापक तौर पर बाजारीकरण है

डॉ. देवेन्द्र विश्वकर्मा
MA (Eco.Rural development), MBA MSW, Social Science and Management Association

सारांश :– भाषा का प्रश्न आर्थिक एवं सामाजिक विकास से भी जुड़ा है। आज का युग भूमण्डलीकरण का युग है। कोई देश अलग–अलग रहकर अपना विकास नहीं कर सकता। भारत भी ग्लोबलाइजेशन की इस दौड़ मे शामिल है। ऐसे समय में हिन्दी को भी अपनी वृहत्तर भूमिका का निर्वाह करना होगा। हिन्दी विश्व में तीसरी भाषा है जो सर्वाधिक लोगों द्वारा बोली जाती है। हिन्दी को भी अपनी वृहत्तर भूमिका निर्वहन करना होगा। और आधुनिकता का मूल आधार मानवतावादी दृष्टि है, साहित्य में "आधुनिक" का अर्थ मध्यकाल से भिन्न है मध्यकाल अपनी जड़ता रूढ़िवादिता एवं अवरोध के कारण स्थिर हो गया है। इसे विशिष्ट एवं गव्यात्मक बनाने वाले मूल्य ही आधुनिक मूल्य है। आधुनिकता और भूमण्डलीकरण दोनों ही एक दुसरे के पयार्य हैं। इन दोनों का हिन्दी साहित्य में बड़ा ही वृहत्तर स्थान हैं। हिन्दी के विकास का आधार आज भूमण्डलीकरण पर ही निर्भर है।

वर्तमान संदर्भ में भूमंडलीकरण का अर्थ व्यापक तौर पर बाजारीकरण है। भारत दुनियाभर के उत्पाद निर्माताओं के लिए एक बड़ा खरीदार और उपभोक्ता बाजार है। बेशक, हमारे पास भी अपने काफी उत्पाद हैं और हम भी उन्हें बदले में दुनियाभर के बाजार में उतार रहे हैं। इस क्रय–विक्रय की अंतर्राष्ट्रीय वेला में संचार माध्यमों का केंद्रीय महत्व है क्योंकि वे ही किसी भी उत्पाद को खरीदने के लिए उपभोक्ता के मन में ललक पैदा करते हैं। यह उत्पाद वस्तु से लेकर विचार तक कुछ भी हो सकता है। यही कारण है कि आज भूमंडलीकरण की भाषा का प्रसार हो रहा है। वर्तमान जीवन का कोई पहलू, कोई कोना भूमंडलीकरण से अछूता नहीं है. भारत में उदारीकरण, बाजारीकरण और भूमंडलीकरण की प्रकिया अपने साथ संचार क्रांति लेकर आया, वर्तमान में इंटरनेट, मोबाइल के माध्यम से एक नई हिंदी गढ़ी जा रही है. यह हिंदी फिल्मों, सिरीयलों, विज्ञापनों, समाचार पत्रों और खबरिया चौनलों के माध्यम से तेजी से फैल रही है. सच है कि देश–विदेश में हिंदी की पहुँच इससे काफी बढ़ी है. सच है कि 'विज्ञापन की हिंदी' सहज ही लोगों के दिल में जगह बना लेती है, लेकिन यह भाषा भूमंडलीकरण के साथ फैल रही उपभोक्ता संस्कृति की है, विमर्श की नहीं. किसी भी भाषा के विकास और प्रचार–प्रसार में संचार माध्यमों का विशिष्ट योगदान रहा है. हिंदी इसका अपवाद नहीं है. उन्नीसवी सदी के आखिरी तथा बीसवीं सदी के शुरूआती दशकों में हिंदी भाषा, विशेष रूप से हिंदी गद्य के विकास और परिमार्जन में हिंदी के पत्र–पत्रिकाओं के योगदान का ऐतिहासिक महत्व है. पर पिछले दशकों में हिंदी के स्वरूप में काफी तेजी से बदलाव हुआ है. खास तौर पर हिंदी अखबारों में, जिसकी पहुँच भारत के कोने–कोने में बढ़ती जा रही है. 90 के दशक में तकनीक उपलब्धता, फैलते बाजार तथा सरकार की उदारीकरण की नीतियों के कारण देश में हिंदी के दर्जनों खबरिया चौनलों का प्रवेश हुआ. हिंदी अखबारों की भाषा पर इन चौनलों का खासा प्रभाव दिखता है. आज के भाषा संकट को इस रूप में देखा जा रहा है कि संप्रेषण का सबसे महत्वपूर्ण आधुनिक माध्यम टी. वी. अपने विज्ञापनों से लेकर करोड़पति बनाने वाले लोकप्रिय कार्यक्रमों तक में हिंदी में बोलता भर है, लिखता अंग्रेजी में ही है। इसके बावजूद यह सच है कि इसी माध्यम के सहारे हिंदी अखिल भारतीय ही नहीं बल्कि वैश्विक विस्तार के नए आयाम छू रही है। विज्ञापनों की भाषा और प्रोमोशन वीडियो की भाषा के रूप में सामने आने वाली हिंदी शुद्धतावादियों को भले ही न पच रही हो, युवा वर्ग ने उसे देश भर में अपने सक्रिय भाषा कोष में शामिल कर लिया है। इसे हिंदी के संदर्भ में संचार माध्यम की बड़ी देन कहा जा सकता है। सूचना संचार प्रणाली किसी भी व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। दूसरी तरफ समाज के दर्पण के रूप में साहित्य भी तो संचार माध्यम ही है जो सूचनाओं का व्यापक

संप्रेषण करता है। साहित्य की तुलना में संचार माध्यमों का ताना–बाना अधिक जटिल और व्यापक है क्योंकि वे तुरंत और दूरगामी असर करते हैं। भूमंडलीकरण ने उन्हें अनेक चौनल ही उपलब्ध नहीं कराए हैं, इंटरनेट और वेबसाइट के रूप में अंतर्राष्ट्रीयता के नए अस्त्र–शस्त्र भी मुहैया कराए हैं। परिणामस्वरूप इस सबसे हिंदी भाषा के सामर्थ्य में वृद्धि हुई है। संचार माध्यम यदि आज के आदमी को पूरी दुनिया से जोड़ते हैं तो वे ऐसा भाषा के द्वारा ही करते हैं। संचार माध्यम की भाषा के रूप में प्रयुक्त होने पर हिंदी समस्त ज्ञान–विज्ञान और आधुनिक विषयों से सहज ही जुड़ गई है आज व्यवहार क्षेत्र की व्यापकता के कारण संचार माध्यमों के सहारे हिंदी भाषा की भी संप्रेषण क्षमता का बहुमुखी विकास हो रहा है। हम देख सकते हैं कि राष्ट्रीय ही नहीं, विविध अंतर्राष्ट्रीय चौनलों में हिंदी आज सब प्रकार के आधुनिक संदर्भों को व्यक्त करने के अपने सामर्थ्य को विश्व के समक्ष प्रमाणित कर रही है। कहा जा सकता है कि वैश्विक संदर्भ में हिंदी की वास्तविक शक्ति को उभारने में संचार माध्यमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक तरफ साहित्य लेखन की भाषा आज भी संस्कृतनिष्ठ बनी हुई है तो दूसरी तरफ संचार माध्यम की भाषा ने जनभाषा का रूप धारण करके व्यापक जन स्वीकृति प्राप्त की है। समाचार विश्लेषण तक में कोडमिश्रित हिंदी का प्रयोग इसका प्रमुख उदाहरण है। इसी प्रकार पौराणिक, ऐतिहासिक, राजनैतिक, पारिवारिक, जासूसी, वैज्ञानिक और हास्यप्रधान अनेक प्रकार के धारावाहिकों का प्रदर्शन विभिन्न चौनलों पर जिस हिंदी में किया जा रहा है वह एकरूपी और एकरस नहीं है बल्कि विषय के अनुरूप उसमें अनेक प्रकार के व्यावहारिक भाषा रूपों या कोडों का मिश्रण उसे सहज जनस्वीकृत स्वरूप प्रदान कर रहा है। एक वाक्य में कहा जा सकता है कि संचार माध्यमों के कारण हिंदी भाषा बड़ी तेजी से तत्समता से सरलीकरण की ओर जा रही है। इससे उसे अखिल भारतीय ही नहीं, वैश्विक स्वीकृति प्राप्त हो रही है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक हिंदी दुनिया में तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा थी परंतु आज स्थिति यह है कि वह दूसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बन गई है तथा यदि हिंदी जानने–समझने वाले हिंदीतर भाषी देशी–विदेशी हिंदी भाषा प्रयोक्ताओं को भी इसके साथ जोड़ लिया जाए तो हो सकता है कि हिंदी दुनिया की प्रथम सर्वाधिक व्यवहृत भाषा सिद्ध हो। हिंदी के इस वैश्विक विस्तार का बड़ा श्रेय भूमंडलीकरण और संचार माध्यमों के विस्तार को जाता है। यह कहना गलत न होगा कि संचार माध्यमों ने हिंदी के जिस विविधतापूर्ण सर्वसमर्थ नए रूप का विकास किया है, उसने भाषासमृद्ध समाज के साथ–साथ भाषावंचित समाज के सदस्यों को भी वैश्विक संदर्भों से जोड़ने का काम किया है। यह नई हिंदी कुछ प्रतिशत अभिजात वर्ग की भाषा नहीं बल्कि अनेकानेक बोलियों में व्यक्त होने वाले ग्रामीण भारत की नई संपर्क भाषा है। इस भारत तक पहुँचने के लिए बड़ी से बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भी हिंदी और भारतीय भाषाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। हिंदी के इस रूप विस्तार के मूल में यह तथ्य निहित है कि गतिशीलता हिंदी का बुनियादी चरित्र है और हिंदी अपनी लचीली प्रकृति के कारण स्वयं को सामाजिक आवश्यकताओं के लिए आसानी से बदल लेती है। इसी कारण हिंदी के अनेक ऐसे क्षेत्रीय रूप विकसित हो गए हैं जिन पर उन क्षेत्रों की भाषा का प्रभाव साफ–साफ दिखाई देता है। बाजारीकरण की अन्य कितने भी कारणों से निंदा की जा सकती हो लेकिन यह मानना होगा कि उसने हिंदी के लिए अनुकूल चुनौती प्रस्तुत की। बाजारीकरण ने आर्थिक उदारीकरण, सूचनाक्रांति तथा जीवनशैली के वैश्वीकरण की जो स्थितियाँ भारत की जनता के सामने रखी, इसमें संदेह नहीं कि उनमें पड़कर हिंदी भाषा के अभिव्यक्ति कौशल का विकास ही हुआ। अभिव्यक्ति कौशल के विकास का अर्थ भाषा का विकास ही है। यहाँ यह भी जोड़ा जा सकता है कि बाजारीकरण के साथ विकसित होती हुई हिंदी की अभिव्यक्ति क्षमता भारतीयता के साथ जुड़ी हुई है लेकिन आज प्रचार माध्यमों की भाषा हिंदी होने के कारण वे भारतीय परिवार और सामाजिक संरचना की उपेक्षा नहीं कर सकते। विज्ञापनों से लेकर धारावाहिकों तक के विश्लेषण द्वारा यह सिद्ध किया जा सकता है कि संचार माध्यमों की हिंदी अंग्रेजी की छाया से मुक्त है और अपनी जड़ों से जुड़ी हुई है इसका कारण भी साफ है भारत रूपी इस बड़े बाजार में सबसे

बड़ा उपभोक्ता वर्ग मध्य और निम्नवित्त समाज का है जिसकी समझ और आस्था अंग्रेजी की अपेक्षा अपनी मातृभाषा या राष्ट्रभाषा से अधिक प्रभावित होती है। हम देख सकते हैं कि इधर हिंदी पत्रकारिता का स्वरूप बहुत बदल गया है आज हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में हिंदी और हिंदीतर राज्यों का अंतर मिटता जा रहा है। हिंदी पत्र–पत्रिकाओं का पाठक वर्ग तो संपूर्ण देश में है ही, उनका प्रकाशन भी देशभर से हो रहा है। विभिन्न आयु और रुचियों के पाठकों के लिए हिंदी में विविध प्रकार का साहित्य प्रचुर मात्रा में प्रकाशित हो रहा है तथा मनोरंजन, ज्ञान, शिक्षा और परस्पर व्यवहार के विभिन्न क्षेत्रों में उसका विस्तार हो रहा है। रेडियो तो हिंदी और भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने वाला व्यापक माध्यम रहा ही है, प्रसन्नता की बात यह है कि टेलिविजन बहुत थोड़े समय के भीतर ही हिंदी–माध्यम बन गया है।

इसी प्रकार फिल्म के माध्यम से भी हिंदी को वैश्विक स्तर पर सम्मान प्राप्त हो रहा है। आज अनेक फिल्मकार भारत ही नहीं यूरोप, अमेरिका और खाड़ी देशों के अपने दर्शकों को ध्यान में रखकर फिल्में बना रहे हैं । सिनेमा ने हिंदी की लोकप्रियता भी बढ़ाई है और व्यावहारिकता भी। मोबाइल और कंप्यूटर की संचार क्रांति ऐसे माध्यम हैं जिन्होंने दुनिया को सचमुच मनुष्य की मुट्ठी में कर दिया है। सूचना, समाचार और संवाद प्रेषण के लिए इन्होंने हिंदी को विकल्प के रूप में विकसित करके संचार–तकनीक को तो समृद्ध किया ही है, हिंदी को भी समृद्धतर बनाया है। इसी प्रकार इंटरनेट और वेबसाइट की सुविधा ने पत्र–पत्रिकाओं के ई–संस्करण तथा पूर्णतरू ऑनलाइन पत्र–पत्रिकाएँ उपलब्ध कराकर सर्वथा नई दुनिया के दरवाजे खोज दिए हैं। आज हिंदी की अनेक पत्रिकाएँ इस रूप में विश्वभर में कहीं भी कभी भी सुलभ हैं तथा अब हर प्रकार की जानकारी इंटरनेट पर हिंदी में प्राप्त होने लगी है। इस तरह हिंदी भाषा ने बाजार और कंप्यूटर दोनों की भाषा के रूप में अपना सामर्थ्य सिद्ध कर दिया है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि 21वीं शताब्दी में भूमंडलीकरण के साथ मुद्रित और इलेक्ट्रानिक दोनों ही प्रकार के जनसंचार माध्यम नए विकास के आयामों को छू रहे हैं जिसके परिणामस्वरूप हिंदी भाषा भी नई–नई चुनौतियों का सामना करने के लिए और शक्ति का अर्जन कर रही है।

आधुनिकता एवं भूमण्डलीकरणः आधुनिकता शब्द एक सापेक्ष अर्थ व्यक्त करता है। प्राचीन मूल्यों की सापेक्षता में वर्तमान नवीन मूल्य निश्चय ही आधुनिक है, जबकि भावी पीढ़ी इन वर्तमान मूल्यों को पुराने मूल्य कहकर तिरस्कृत करेगी। वस्तुतः आधुनिकता की व्याख्या अतीत की सापेक्षता में ही की जा सकती है। अतीत से नितान्त निरपेक्ष रखकर आधुनिकता की कोई व्याख्या नहीं हो सकती अंग्रेज समीक्षक जी.एस. फ्रेजर के अनुसार– आधुनिकता को अपनी सुरक्षा के लिए अतीत से सम्बन्ध रखना चाहिए। आधुनिकता का मूल्य ऐतिहासिक दृष्टिकोण बोध का मानसिक प्रत्यक्षीकरण करके ही हम आधुनिकता की अवधारणा से परिचित हो सकते हैं। प्रसिद्ध समीक्षक डॉ. जगदीश गुप्त के अनुसार आधुकिता का मूल आधार मानवतावादी दृष्टिकोण है और मानव मुक्ति से किसी–न–किसी रूप में अवश्य जुड़ी होती हैं।

आधुकिता के जो लक्षण बताए गए है उन्हे निम्न बिन्दुओं से स्पष्ट किया जा सकता है –

1. आधुनिकता सापेक्षिक होती है।
2. आधुनिता की व्याख्या अतीत की समकक्षता एवं सापेक्षित में ही सम्भव है।
3. जो इस समय आधुनिक समझा जाता है, भविष्य में वही पुरातन हो जाएगा।
4. अनुभूति और संवेदना का नयापन ही आधुनिकता है।
5. आधुनिकता अतीत से जुड़े रहकर ही सुरक्षित रह पाती है।
6. आधुनिकता सम्पूर्ण विकास एवं प्रगति का केन्द्र मानव को मानती है।
7. आधुनिकता का मूल आधार मानवतावादी दृष्टि है।
8. साहित्य में आधुनिक का अर्थ मध्यकाल से भिन्नता है। मध्यकाल अपनी जड़ता, रूढ़िवादिता एवं अवरोध के कारण स्थिर हो गया था, उसमें एकरसता आ गई थी। इसे विशिष्ट एवं गत्यात्मक बनाने वाले मूल्य ही आधुनिक मूल्य है।

9. धर्म,दर्शन,साहित्य – सभी के प्रति नवीन दृष्टिकोण का आविर्भाव ही आधुनिकता है।
10. साहित्य की सभी विधाओं– कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक आदि में आधुनिकता स्पष्ट परिलक्षित होती है। विषयवस्तु एवं शैली दोनों ही दृष्टियों से उसमें आधुनिकता की छाप दिखाई पड़ती है।

आधुनिकता के उदय की पृष्ठभूमिः हिन्दी साहित्य में आधुनिक काल का उदय मोटे तौर पर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने संवत् 1900 वि. (सन् 1843 ई.) से माना है। प्रत्येक काल के उदय में तत्कालीन राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों का योगदान रहता है। सन् 1857 में हुए भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम ने देश में एक नई चेतना को जन्म दिया। भले ही इस स्वतन्त्रता संग्राम को अंग्रेजों में "विद्रोह" कहकर कुचल दिया, किन्तु इससे देश में नवचेतना जाग्रत हुई। अंग्रेज सरकार के दमनात्मक रवैये ने देश की मनीशा को झकझोर दिया और कवियों को यह आवश्यकता अनुभव होने लगी कि वे देश की जनता को अंग्रेजी शासन की अच्छाई–बुराई के बारे में बतावें। भारतेन्दु जी ने इस सम्बध में अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा :

अंग्रेज राज साज सजे सब भारी।
पै धन विदेस चलि जात य है अति ख्वारी।

कांग्रेस पार्टी की स्थापना, गांधी जी का भारतीय राजनीति में पदार्पण एवं स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए भारतीय जनता द्वारा किए गए विविध संघर्षों के परिपेक्ष्य में आधुनिक काल के साहित्य को देखा–परखा जाना चाहिए। अंग्रेजो ने 1849 ई. में सिक्खों को पराजित किया तथा 1856 ई. में अवध को अपने अधिकार में ले लिया। उनकी नीतियों से असंतुष्ट होकर देशी राजाओं ने 1857 ई. में व्यापक स्तर पर विद्रोह किया जिसे भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा गया। परिणामस्वरूप ईस्ट इण्डिया कंपनी समाप्त कर दी गई और भारत अंग्रेजों का उपनिवेश बन गया। अंग्रेजों ने आर्थिक, शैक्षिणिक एवं प्रशासनिक नीतियों में परिवर्तन किया जिससे लोगों को लगा कि हमारे हित के बारे में सोच रहें है। भारतेन्दु युग के कवियों ने इसी कारण राजभक्ति एवं देशहित का मिला–जुला रूप प्रस्तुत किया। भारतेन्दु भी यह कहने को बाध्य हुए कि अंग्रेजों के राज में सुख के साज है, किन्तु भारत का धन विदेशो में जा रहा है। इतना तो अवश्य हुआ कि साहित्य मानव के सुख–दुख से पहली बार जुड़ा जिसका पूरा अभाव रीतिकाल में था। मूगलों एवं अंग्रेजों में एक मौलिक अन्तर था। मुस्लिम शासक सामंती व्यवस्था के पक्षधर थे जबकि अंग्रेज विशुद्ध पूंजीवादी व्यवस्था के, पोषक थे। वे व्यापारी पहले थे, शासक बाद में उनकी नीतियां भी इसी प्राथमिकता को ध्यान में रखकर बनाई गई।

सर चार्ल्स मेटकाफ के अनुसार :– भारतीय गांव छोटे–छोटे गणतंत्र थे। उनकी आवश्यकताए गांव मे ही पूरी हो जाती थी, बाहरी दुनियां से उनका कोई सम्बन्ध ही न था। हर गांव मै लुहार, बढ़ई, कुम्हार, नाई, धोबी, तेली, आदि सेवक जातियॉ थीं। एक जाति का व्यक्ति दूसरी जाति का पेशा नहीं कर सकता था। भारत के नगर तीन प्रकार के थे– राजनीतिक महत्व के नगर, धार्मिक महत्व के नगर और व्यापारिक नगर। नगरों में बनने वाली वस्तुओं – रत्नजड़ित आभूषणों, सूती – रेशमी वस्त्र, हाथी दांत की मीनाकारी, आदि से ग्रामीण जनता को कुछ लेना–देना न था। राजा, सामंत, श्रेष्ठियों में इन वस्तुओं की खपत होती थी। गांव का कुटीर उद्योग अलग ढ़ग का था जो ग्रमीण आवश्यकताओं की पूर्ति करता था। अंग्रेज व्यापारियों ने भारत को अपना बाजार बनाने के लिए यहां के उद्योग – धंधों एवं कुटीर उद्योगों की चौपट कर दिया। गांधीजी का चरखा आन्दोलन करने का एक प्रयास था यह हमें स्मरण रखना चाहिए। लार्ड कार्नवालिस ने भारत के पूर्वी प्रान्तों – बंगाल, बिहार और उड़ीसा में जमींदारी प्रथा प्रारम्भ की जिसे बाद में बम्बई, उत्तरप्रदेश एवं मध्य प्रदेश में भी लागू किया गया। सन् 1820 में टामस रो ने जमीन को व्यक्तिगत सम्पत्ति के रूप मे बदल दिया, जिससे जमीदार और जोतदार दोनो ही जमीन का क्रय–विकय कर सकते थे। खेत व्यक्तिगत सम्पत्ति बन गए थे अतः खेती का व्यवसायीकरण होना स्वभाविक था। किसानों की हालत खराब थी। वे सरकारी मालगुजारी अदा करने तथा ऋण अदायगी की चिन्ताओं से कभी मुक्त नहीं हो पाते थें परिणामतः

महाजनी चंगुल में फंसते जा रहे थे। आधुनिक काल का साहित्य उनकी इस दुर्दशा का चित्रण करने की ओर प्रवृत्त हुआ। प्रमेचन्द्र का 'गोदान' इसी पृष्ठभूमि में रचा गया है। नई अर्थव्यवस्था ने पारस्परिक सम्बन्धो को जटिल बन दिया। पंचायतों को स्थान अब कचहरियों ने ले लिया। गांवों की जड़ता टूटी, जाति प्रथा के बन्धन एक सीमा तक शिथिल हुए, राष्ट्रीयता के भाव जाग्रत हुए। नए आर्थिक वर्गों का उदय हुआ। पूंजीपति एवं श्रामिक के बीच में एक नए मध्य वर्ग का उदय हुआ। ब्रिटिश राज्य की स्थापना के फलस्वरूप भारत की शिक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, अर्थनीति, षासन व्यवस्था में भी पर्याप्त परिवर्तन हुए।

भारतीय पुनर्जागरण के लिए प्रेस की स्वतन्त्रता वरदान सिद्ध हुई। पुनर्जागरण के लिए कार्यरत सामाजिक नेताओं ने इसका भरपूर लाभ उठाया। भारतेन्दु के समय के प्रायः सभी प्रमुख साहित्यकार किसी न किसी साहित्यक पत्र–पत्रिका से जुड़े थे। वे इनमें अपनी साहित्यिक रचनाओं के साथ– साथ सामयिक समस्याओं, पर भी प्रकाश डालने वाले लेख लिखते थे। जनतान्त्रिक मूल्यों का पोषक, सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार, राष्ट्रीय चेतना के निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुद्रण ने साहित्यकार और समाज को एक – दुसरे से वैचारिक स्तर पर जुड़ने का माध्यम प्रदान किया। राजा राममोहन राय ने 1828 ई. में ब्रह्म समाज की स्थापना की और कर्मकाण्ड एवं अन्धविश्वास का विरोध उपनिशदों के आधार पर किया। आज से 175 वर्ष पहले वे अकेले व्यक्ति थे जो अन्धश्रद्धा एवं रूढ़ियों के विरोधी थे। उनके कथन तर्कपूर्ण थे। उनके नेतृत्व में ब्रह्म समाज ने जाति प्रथा, सही प्रथा का डटकर विरोध किया। वे विधवा विवाह एवं स्त्री – पुरूष की समानता के भी पक्षधर थे। देवेन्द्रनाथ टैगोर एवं केशवचन्द्र सेन ने भी ब्रह्म समाज को आगे बढ़ाया। केशवचन्द्र सेन के प्रभाव से 1867 ई. प्रार्थना समाज की स्थपना हुई जिसके प्रमुख उन्नायक महादेव गोविन्द रानाडे थे। सामाजिक रूढ़ियो एवं अन्धविश्वासों के प्रति से निरन्तर संघर्ष करते रहे। वे मानते थे कि समाज जीवित अवयवों का संघटन है जिसमें निरन्तर परिवर्तन होता रहता हैं। उन्होने मनुष्य की समानता पर विशेष बल दिया। वे जाति–पांति के विरूद्ध थे और अन्तर्जातीय विवाह के समर्थक। रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी विवेकानन्द ने की जबकि आर्यसमाज की स्थापना 1867 ई. में स्वामी दयानन्द सरस्वती ने बम्बई में की। वे वैदिक धर्म को सत्य एवं सार्वभौम मानते थे। जाति, लिंग एवं नस्ल के आधार पर मानव की समानता के वे प्रबल पक्षधर थे। सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों के आधार पर आर्य समाज ने एक आचार संहिता बनाई। आर्य समाज का प्रचार मध्य वर्ग के बीच हुआ। सन् 1893 में थियोसोफिकल सोसाईटी से सम्बद्ध एनीबेसेंट भारत आई और अपने ओजस्वी भाषणों से सबको प्रभावित किया। आधुनिकल काल में सामाजिक क्षेत्र में भी अनेक आन्दोलनों का सूत्रपात हुआ। ब्रह्म समाज, आर्य समाज, थियोसोफीकल सोसाइटी प्रार्थना समाज ने जहां परम्परागत भारतीय समाज में नई सामाजिक चेतना का विकास किया और परम्परागत रूढ़ियों, परम्पराओं एवं अन्धविश्वासों से मुक्ति पाने में योगदान किया वहीं रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, महार्षि अरविन्द के आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विचारों ने भी जनता को आधुनिक बोध दिया। गांधी जी के सत्य, अहिंसा, प्रेम, नैतिकता, सदाचार सविनय अवज्ञा आदि ने जनता को बहुत कुछ 'नया दर्शन' प्रदान किया। आधुनिक काल के साहित्य पर इन सबके प्रभाव को बखुबी देखा जा सकता है। यही नहीं अपितु आधुनिक काल में विविध आन्दोलनों के माध्यम से हुए समाजिक सुधारों यथा–विधवा विवाह, सती प्रथा पर रोक, बाल विवाह पर रोक, अछूतोद्धार एवं जाति प्रथा में शिथिलता ने भी भारतीय समाज को कई रूपों में प्रभावित किया। ईसाई धर्म के प्रचार प्रसार हेतु ईसाई मिशनरियों ने भी आधुनिकता की ओर बढ़ने में सहायता पहुँचाई। विशेष रूप से स्त्री शिक्षा के प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। अंग्रेजी ढंग के स्कूल–कॉलेजों की स्थापना ने भी भारतीय समाज को आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। पुस्तकों का प्रचार–प्रसार होने, समाचार पत्रों के छपने से भी लोगों को विचार विनिमय का अवसर मिला तथा देश की बौद्धिक चेतना का विकास हुआ। अंग्रेजी कविताओं को पढ़कर उन्हे यह ज्ञात हुआ। कि कविता में नख–शिख चित्रण के अलावा भी कुछ और होता है। वे उनके अनुकरण पर वैसी कविताए लिखने लगे। कुछ अंग्रेजीं पुस्तकों का

हिन्दी में अनुवाद भी विभिन्न लेखकों ने इस काल में किया। ज्ञान–विज्ञान के प्रचार–प्रसार ने भी हमारी पारम्परिक दृष्टि बदल दी। साहित्य प्रभावित हुआ इसमें दो राय नहीं है। औद्योगिकरण, संचार साधनों में वृद्धि, नई अर्थव्यवस्था ने भी भारत को नूतन गत्यात्मकता की ओर अग्रसर किया। इसे बहुत से लोगों ने पश्चिमीकरण न कहकर आधुनिककरण की संज्ञा दी है। वस्तुतः आधुनिकरण एक दृष्टिकोण हैं जो होता है। आधुनिक काल में विकसित मानवतावाद मनुष्य–मनुष्य की समता, स्वतंत्रता आदि का सिद्धांत सामाजिक न्याय के आधार पर उचित माना गया। मध्यकाल तक भावाभिव्यक्ति का एकमात्र साधन 'कविता' थी, किन्तु आधुनिक काल में भाव एवं विचार दोनों की अभिव्यक्ति के लिए 'गद्य' विकसित हो गया। यह इस काल की एक महत्वपूर्ण घटना है। काव्य भाषा के पद पर लम्बे समय तक टिकी रहने वाली ब्रजभाशा को भी धीरे–धीरे निर्वाशित कर दिया गया और 'खड़ी बोली हिन्दी' का प्रयोग काव्य भाषा के रूप में 'द्विवेदी युग' से प्राम्भ हो गया।

आधुनिक युग की मूल संवेदना के रूप में स्वतंत्रता प्राप्ति की इच्छा को रखा जा सकता है राष्ट्रीयता एवं स्वाभिमान की भावनाएं जो इस काल में विकसित हुईं, इसी का परिणाम मानी जा सकती हैं। एक ओर तो हम रूढ़ियो एवं परम्पराओं से मुक्ति हेतु छटपटाने लगे तो दूसरी ओर अपनी परम्पराओं से जीवन मूल्य लेकर नवीन विचारों को आत्मसात करते हुए आगे बढ़े। यही नवजागरण का स्वर हमें आधुनिककाल के साहित्य के केन्द्र में दिखाई देता है। कविता निबंध, उपन्यास, नाटक सब इसी से ओतप्रोत है। यही हमारी आधुनिकता का केन्द्रीय भाव भी है तथा यही आधुनिक काल के उदय की पृष्ठभूमि भी है। भाषा का प्रश्न आर्थिक एवं सामाजिक विकास से भी जुड़ा है। आज भूमण्डलीकरण का युग है। कोई देश अलग – अलग रहकर अपना विकास नहीं कर सकता। भारत भी ग्लोबलाइजेशन की इस दौड़ में शामिल है। ऐसे समय में हिन्दी को भी अपनी वृहत्तर भूमिका का निर्वाह करना होगा। हिन्दी अपनी महत्ता एवं विशाल कलेवर के कारण अस्तित्व में है और रहेगी अपने विपुल एवं व्यापक साहित्य के कारण भी यह समृद्ध देशों को अपनी ओर आकष्ट कर रही है। हिन्दी की लोकप्रियता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह भारत के बाहर 176 विश्वविद्यालयों में पढी–पढ़ायी जाती हैं, इनमें से 45 विश्वविद्यालयो मे तो केवल अमेरिका के है। ब्रिटेन के साथ–साथ पूर्वी यूरोप के अन्य अनेक देशों रोमानिया, इटली, यूनान में कबीरदास को बड़े चाव से पढ़ा जाता है। आज युरोप के अनेक होटलों में भोजन की सूची हिन्दी में भी तैयार कराई जाती है वहां उपस्थित स्वागतकर्मी हिन्दी मं भारतीयों का अभिनंदन अभिवादन करते हैं। कनाडा जैसे विकसित देश में क्रिस्टोफर किंग हिन्दी की सेवा में जुटे हैं तो जर्मनी के कॉलोन नगर में स्लेण्डर हिन्दी की सेवा इसे पढ़ाकर कर रहें हैं। विदेशों में भारतीय सिने कलाकारों राजकपूर, अमिताभ बच्चन, दिलीप कुमार, ऐश्वर्याराय, गोविन्दा के प्रशंसक लाखों में मिल जाते हैं। बिल गेटस जैसे 'कम्प्यूटर किंग' ने तो संस्कृत के बाद हिन्दी को ही कम्प्यूटर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त भाषा माना है। देवनागरी लिपि अपनी वैज्ञानिकता के कारण कम्प्यूटर के लिए उपयुक्त है। हिन्दी ध्वनि विज्ञान की दृष्टि से भी अनुकूल भाषा है। इस भाषा में जैसा बोला जाता है वैसा ही लिपि में अंकित किया जाता है। हिन्दी को भूमण्डलीकरण के अनुरूप ढालना होगा। इसमें हमें उस शब्दावली का समावेश करना होगा जो विदेशी भाषाओं से आयी है अब हिन्दी में प्रयुक्त हो रही है। शुद्ध हिन्दी के जुनैन में इस शब्दावली को बहिष्कृत करने की वकालत करने वाले हिन्दी के दुश्मन समझे जाने चाहिए। विदेशी शब्दो को बलात् एवं अनावश्यक प्रयोग तो निदंनीय है, किन्तु जो शब्द हिन्दी ने अपनी प्रवृत्ति के अनुरूप ग्रहण कर रचा–वसा किए हैं, उनका प्रयोग जारी रहना चाहिए। उर्दू, अंग्रेजी, प्रादेशिक भाषाओं के प्रचलित शब्दों से हिन्दी शब्द भण्डार को विस्तृत करते रहना उपयुक्ति होगा। हिन्दी फिल्म तथा टेलीविजन ने भी हिन्दी भाषा के प्रचार–प्रसार एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस भाषा को वैश्वीकरण स्वरूप प्रदान करने का श्रेय इन्हीं माध्यमों को है। टेलीविजन के हिन्दी चैनल को भी विदेशों में जबर्दस्त लोकप्रियता प्राप्त है। अंग्रेजी की 'ग्लोबल' भाषा बताने वाले लोग मानसिक गुलामी के वातावरण में जी रहे है। वे हीन भावना से ग्रस्त हैं। हमें अपनी राष्ट्रभाषा के पति वही सम्मान रखना चाहिए जो राजचिह्न,

राष्ट्रीध्वज के प्रति होता हैं। साहित्यकारों एवं पत्रकारों को हिन्दी के प्रचार–प्रसार में प्रभावी भूमिका का निर्वाह करना होगा। इलेक्ट्रोनिक मीडिया ने हिन्दी को ग्लोबल भाषा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकारी कामकाज में हमें अंग्रेजी के वर्चस्व को कम करना होगा, तथा निजी क्षेत्र की कंपनियों को राजभाषा के दायरे में लाना होगा। हिन्दी की शुद्धता पर अधिक जोर न देकर हमें लचीला रूख अपनाना चाहिए तभी भूमण्डलीकरण के इस दौर में हिन्दी अपना वर्चस्व बना पायेगी।

निष्कर्ष :– स्वतंत्रता के उपरांत व्यवस्था के प्रति जो मोह भंग हुआ उसने भी आधुनिकता के विकास में महती भूमिका का निर्वहन किया। स्वतंत्रता के पश्चात विकसित स्वार्थ अवसरवादिता, अनिश्चिता, असमन्सस्य रिक्तता बोध ने संवेदनशील रचनाकार को यथार्थ के निकट लाकर खड़ा कर दिया और वह स्वप्नजीवी न रहकर यथार्थ जीवी वन गया। आधुनिकता वर्तमान के संदर्भ में विकसित वह बोध है। जो भविष्योन्मुख्य होती है। अंग्रेजी को 'ग्लोबल' भाषा बनाने वाले लोग मानसिक गुलाबी के वातावरण में जी रहे है। वे हीन भावना से ग्रस्त है। हमें अपनी राष्ट्रभाषा एवं राजभाषा के प्रति वही सम्मान रखना चाहिए जो राजचिह्न, राष्ट्रीय ध्वज जो रहता है। साहित्यकारो एवं पत्रकारों को हिन्दी के प्रचार–प्रसार में प्रभावी भूमिका का निर्वाह करना होगा। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने हिन्दी को ग्लोबल भाषा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकारी कामकाज में हमें अंग्रेजी के वर्चस्व को कम करना होगा तथा निजी क्षेत्र की कंपनियों को राजभाषा के दायरे में लाना होगा। हिन्दी की शुद्धता पर हमें अधिक जोर न देकर हमें लचीला रूख इस दौर में हिन्दी अपना वर्चस्व बना पायेगी।

संदर्भ सूची :–

1. स्मारिका– सातवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन, जून 2003
2. गगनांचल, जुलाई–सितंबर 1999.
3. फीजी में हिन्दी :स्वरूप और विकास – विमलेशकांति वर्मा और धीरा वर्मा
4. विज्ञापन की दुनिया – कुमुद शर्मा प्रतिभा प्रतिष्ठान नई दिल्ली
5. डॉ0 कैलाश नारद – म0 प्र0 में हिन्दी पत्रकारिता एक शताब्दी
6. जोसेफ, बाबू, भूमण्डलीकरण और हिन्दी कविता, हिन्दी बुक सेण्टर, नई दिल्ली, 2013.
7. सिंह, पुष्पपाल, भूमण्डलीकरण और हिन्दी उपन्यास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2012.
8. कुमार, रोशन, भूमण्डलीकरण और हिन्दी उपन्यास साहित्य, इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ साइन्टिफिक रिसर्च, वोल्यूम 4, भाग 8 ए अगस्त 2015.
9. सिंह, संध्या, भूमण्डलीकरण संस्कृति का बाजार और साहित्य, हिन्दी बुक सेन्टर, नई दिल्ली, 2013.
10. मिश्रा, आर.एन., इक्कीसवीं सदी का समय और हिन्दी कविता, अमन प्रकाशन, कानपुर, 2015.
11. शर्मा, बी.के., भारतीय साहित्य की सांस्कृतिक विशिश्टता, शिल्पायान प्रकाशन, दिल्ली, 2010.
12. मिश्रा, आर.एल., भूमण्डलीकरण और 21वीं सदी की हिन्दी कविता, शैलजा प्रकाशन, कानपुर, 2015.
13. आचार्य राममूर्ति, शिक्षा संस्कृति और समाज, सर्व सेवा संघ प्रकाशन, वाराणसी, 1990.
14. शुक्ला, भानुप्रताप, स्वदेशी चेतना, अभिरूचि प्रकाशन, दिल्ली, 1998.
15. तिवारी रामचन्द्र, हिन्दी का गद्य साहित्य, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, 2014.

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

झारिया समुदाय विकास के निर्धारकों का भौगोलिक अध्ययन

डॉ. (श्रीमती) प्रीती पाण्डे
अतिथि विद्वान, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

अधिकांश जातियों पहाड़ों जंगलों और दूरवर्ती दुर्गम क्षेत्रों में निवास करती है, जहां उनका अन्य लोगों से संपर्क नहीं हो पाता। क्यों कि आवागमन के साधनों का अभाव है। अतः उन्हें जीवन–यापन के उचित अपसर उपलब्ध नहीं होते है, जिसके कारण उन्हें न तो रोजगार के अवसर मिलते है और न ही शिक्षा के उचित अवसर प्राप्त हो पाते है। जनजातीय क्षेत्रों में दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियें के कारण वहां पर शैक्षिक योजनाओं को लागू करना दुष्कर कार्य है। आर्थिक रूप से अनुसूचित जातियों की स्थिति अत्यधिक सोचनीय थी, तो सामाजिक स्थिति भूमिकायें तथा भौगोलिक स्थिति उच्च कैसें हो सकती है ?

अनुसूचित जातियों का एक बड़ा वर्ग शहरों से दूर दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों मं निवास करता है। गांवों में आज भी स्कूलों का अभाव सा है। पिछड़े इलाकों में तो कई गांव के बीच एक स्कूल ह। अभिभावक अधिक दूर स्कूल होने के कारण प्रायः अपने बच्चों को स्कूल भेजने में हिचकते है। किन्हीं स्थानों में विद्यालय भी होते हैं और अनुसूचित जाति के लोग अपने बच्चों को विद्यालय भेजना शुरू कर देते है। तो भी उचित सुविधायें व माहौल नहीं जुटा पाते है, जिससे बच्चे कक्षा में असफल होने लगते है, जिससे अपव्यय होने लगता है औंर बार बार अवरोधन भी, जिससे क्षुब्ध होकर ये अपने बच्चों को रोक लेते हैं और उनकी शिक्षा अधूरी रह जाती है।

भौतिक संरचना :– भौतिक संरचना की दृष्टि से डिण्डौरी जिला पठार तथा पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इसके एक हिस्सें में नर्मदा, सोन तथा दूसरे हिस्से में सतपुड़ा–मैकल श्रेणी है। डिण्डौरी जिला पहाड़ी इलाकों से घिरा हुआ है यहां की भूमि भुरभुरी तथा पथरीली है। पठार समतल होते हुए भी ऊँचे पठार तथा निचले पठार में बंटा हुआ है। इसकी तहों की मोटाई अधिक संख्त एवं कठोरता के अनुरूप है। यहां की मिट्टी काली तथा भूरी चिकनी है जिसमें कंकड़ भी अधिक है। यह क्षेत्र समुद्री सतह से काफी ऊँचा होने के कारण जल की उपलब्धता की समस्या सर्वत्र नजर आती है। भूमि से 150–200 फीट नीचे पानी की उपलब्धता दृष्टिगोचर होती है जिससे कृषि कार्य प्रभावित होता हैं।

डिण्डौरी जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां अधिकतर झारिया परिवार अपनी आवश्यताओं के अनुरूप फसलों का उत्पादन करते हैं। अनाजों में ज्वार, बाजरा, मक्का, राई, रमतिला, चावल, कुटकी, कोदो चना, आदि की खेती की जाती है। भूमि तथा मिट्टी अच्छी कृषि के अनुरूप नहीं है।

जलवायु :– डिण्डौरी जिलें में मानसून जलवायु की सभी विशेषतायें मिलती है। जाड़े तथा गर्मी दोनों ही ऋतुओं में वायुभार की रेखायें पूर्व से पश्चिम की आर जाती है। गर्मी के दिनों में क्षेत्र का तापमान औसत तापमान से अधिक हो जाता है। परिणामस्वरूप पूरे क्षेत्र में जल की कमी हो जाती है।

मध्य भारत जलवायु उष्ण कटिबंधीय मानसूनी प्रकार की है। यहां लम्बें ग्रीष्म काल में अधिकतम तापक्रम रहता है। सामान्यतः 42.8^0 से तक रहता है किन्तु रात्रि कालीन तापमान कम होता है तथा रात्रि में इस प्रदेश में ठंडी होती है। इस समय तापमान अधिकतर 12^0 से और न्यूनतम 10^0 से तक रहता है। कभी–कभी इस ऋतु में कोहरे (धुंध) की स्थिति भी ठंडे महीनों में बन जाती है। शहडोल, उमरिया, बालाघाट, डिण्डौरी, मंडला जिले कुछ आर्दता लिए हुए है। शेष जिलों में अधिक गर्मी है। वर्षा मध्यम होती है, जो फसलों और वनस्पतियों के लिए पर्याप्त है। ऊपरी भागों में वर्षा की मात्रा 1307 मि.मी. ही प्रांप्त होती है तथा निचले भागों में 1569 मि.मी. वर्षा की मात्रा प्राप्त होती है। अधिकतर वर्षा मानसून के माह में प्राप्त होती है। इस प्रदेश के ऊपरी भाग में उत्तर भारतीय शुष्क उष्ण कटिबंधीय

प्रकार की जलवायु पाई जाती है। जबकि दक्षिणी भागों में जहां मैकाल पहाड़ों की श्रृंखला और संबंधित पठार है, वहां पर उत्तर भारतीय आर्द उष्ण कटिबंधीय जलवायु पायी जाती है। इस प्रदेश के निचले भागों में तापमान ग्रीष्म ऋतु में भी ऊपरी भागों से कम ही रहते है, परंतु शीत ऋतु में तापमान 3.5^0 से तक पहुंचने के कारण थोड़ी ठंड अधिक होती है तथा कोहरे की स्थिति रहती है। इस भाग में वषा भी अधिक होती है, लगभग 1650 मि.मी. तक वर्षा मापी गई है।

अपवाह तंत्र :– मैकल पठार का अपवाह ''मैकल सूता'' (नर्मदा) नदी निर्मित करती है। इसके दाये तरफ बंजर, बूरहनेर, खामेर, एवं सहायक धाराएं तथा बाये तरफ सिलगी और गौर सहायक नदी प्रवाहित है। इस क्षेत्र में सोन और उसकी सहायक नदी और जोहिला नदी प्रवाहित हेाती है। जोहिला नदी ज्वालामुखी बेसिन में प्रवाहित होते हुए अपने उत्तर–पूर्व और उत्तरी भागों में अपवाह बनाती है। बेनगंगा और उसकी सहायक धाराएं अपने पश्चिमी भागों का अपवाह निर्मित करती है। नर्मदा की सहायक नदी टोडा वर्षा ऋतु में नर्मदा में जाकर मिलती है। महानदी की सहायक धाराएं सिओनाथ इस क्षेत्र के दक्षिणी–पूर्वी और दक्षिणी भागों को अपवाहित करती है। इन नदियें ने अपनी घाटी को अपरदित करके उपजाऊ बेसिन का निर्माण किया है। जिससे कृषि के लिए उपजाऊ भूमि इन बेसिनों में उपलब्ध हो गई है।

जैन ग्रन्थों से जानकारी मिलती है। कि स्त्रियाँ विवाह के समय दहेज लाती थी। अतः इसके सिवाय वह प्रीतिदान के द्वारा भी धन प्राप्त किया करती थी। प्रीतिदान के अन्तर्गत वर के माता–पिता द्वारा अपने पुत्र के विवाह के अवसर पर धन प्राप्त होता था। जिसे वह अपनी पत्नी को दे दिया करता था जिस प्रकार मेघकुमार को उसके माता–पिता से अनेक, कनक, रत्न, मणि, शंख आदि प्रीतिदान में प्राप्त हुआ जिसे उसने अपनी आठो पत्नियों में बाँट दिया इस प्रकार के बँटवारे से स्पष्ट होता है कि नारी के धन में निरन्तर अभिवृदि होती रहती थी। यद्यपि जैन साहित्य पुत्री की स्थिति व उसके अधिकारो के सम्बन्ध में बहुत अधिक सीमा तक मौन दिखाई देते है 4 एक स्थान पर पुत्र व पुत्री दोनों अपना स्थान प्राप्त करने के लिए पिता के समीप जाते है। तो पिता अपने पुत्र को अपना आधा स्थान दे देते है। और पुत्री को अपनी गोद में बैठा लेते है। इससे यह स्पष्ट होता है कि पुत्र उत्तराधिकारी माना जाता था और पुत्रियाँ मात्र भरण पोषण येाग्य मानी जाती थी 5 हालाकि कुम्भजातक से विदित होता है कि पुत्री को भी पुत्र की तरह ही स्थान प्रदान किया जाता था। सयुक्त निकाय में भी पुत्री के जन्म को दुखी नही माना जाता था, अतः पुत्री को भी पुत्र के सम्मान अनेक गुणों का विकास करने वाला माना जाता था 7 महानारद कश्यप जातक से भी उल्लेख प्राप्त होता है कि राजा अग्रयाहिषी अपनी एकमात्र पुत्री से बहुत प्रेम करता और प्रतिपक्ष दान हेतु एक हजार कार्षापण भिजवाया करता था। 8

उपरोक्त विचारों से स्पष्ठ होता है कि बौद्ध काल में पुत्रियाँ माता–पिता की प्रिय माने जाने लगी थी। इसकी पुष्टि मृदुपाणि जातक 9 महानारद कश्यपजातक 10 रोहन्तमिक जातक 11, तथा तसगुण जातक 12 आदि से होती है।

इन सब के अलावा माता–पिता की सम्पत्ति में पुत्री को अधिकार दिया गया या नही, यह हमेशा से ही विचारणीय विषय रहा है। जैन साहित्य से विदित होता है। कि किसी पुरूष के पुत्र न होने की स्थिति में पिता की सम्पूर्ण सम्पत्ति की उत्तराधिकारी पुत्री होगी 13 किन्तु जैन साहित्य में यह भी कहाँ गया है कि पिता की मृत्यु हो जाने के पश्चात् एक अविवाहित पुत्री को भाईयों की सम्पत्ति का चौथा भाग दिया जाना चाहिए किन्तु विवाहित को भाई रहते कोई अधिकार नही दिया गया है उसे विवाह के समय प्राप्त उपहार व धन को ही उसकी सम्पत्ति माना जाता है 14 बौद्ध साहित्य भी पुत्री के अधिकार के विषय मे मौन दिखाई देता है। किन्तु एक प्रसंग के द्वारा इसे समझ सकते है कि एक बाह्राण की दो पत्नियाँ थी। प्रथम पत्नि के 10 वर्षीय पुत्र ने अपनीविमाता से कहाँ कि मै अपने पिता सम्पूर्ण सम्पत्ति का अकेला मालिक हूँ, इस पर विमाता ने कहाँ कि है पुत्र जब तक मे इस बच्चे को जन्म नही देती तब तक प्रतिक्षा करो, यदि पुत्र जन्म होता है तो वह तुम्हारे साथ सम्पूर्ण सम्पत्ति का आधा हिस्सेदार होगा, ओर पुत्री जन्म के पर उसका पालन पोषण तुम्हे उसके भाई के नाते करना होगा 15 अतः सिद्ध होता है कि जैन–बौद्ध युग में उसे केवल भरण–पोषण का ही अधिकार प्राप्त था।

यद्यपि जहाँ तक बौद्ध जैन युग में पत्नि की स्थिति व अधिकारों का प्रश्न है। तो कहां जा सकता है

कि बौद्ध काल में देहज की प्रथा का व्यापक प्रचलन था। धम्मपदटीका में श्रावस्ती के श्रेष्ठी निगार की कथा हैं जिसने अपनी पुत्री विशाखा के विवाह पर कल्पना से अधिक धन दिया।

जैन साहित्य भद्रबाहु संहिता में भी ऐसे पाँच प्रकार के धन को सम्पत्ति के अंतर्गत माना है। जैसे अध्यअग्निकृत, अध्यवनिका, प्रीतिदान, सौदायिका, अनविघ्य16

अतः उपरोक्त विवरण के आधार पर कहा जा सकता है कि विवाहित स्त्री को भी उसके संपूर्ण प्रकार के धनों पर पूर्ण अधिकार प्राप्त था। उसकी आज्ञा के बिना कोई उसका उपयोग नहीं कर सकता था। स्त्रीधन का उपयोग कठिन परिस्थति में पति द्वारा किया जा सकता था। उसका अपनी पति की सम्पत्ति पर पूर्ण अधिकार प्राप्त था। पति के धन एवं सम्पत्ति की सुरक्षा करने वाली, पत्नी देवता के समान मानी जाती है 17 विशाखा ने अपनी सम्पत्ति से अनाथों की सहायता की 18

यद्यपि बौद्ध व जैन युग में सामान्य नारी के अलवा हमें भिक्षुणियों का उल्लेख भी प्राप्त होता है। बौद्ध धर्म के पूर्व हमारे देश में नारी का भिक्षुणी होना प्रचलित नहीं था 19 जैन धर्म का भी यही विश्वास था क्योंकि श्वेताम्बर पन्थ में तो नारियाँ भिक्षुणी बन सकती थी किन्तु दिगम्बर पन्थ में नहीं क्योंकि उसमें सन्यासी को नग्न रहना पड़ता था। अतः उनका मानना था कि मुक्ति नारी के लिए नहीं है 20 जैन साध्वियों के पास कोई धन सम्पदा नहीं होती थी, 21 उनकी आवश्यकता की पूर्ती संघ करता था संघ की सम्पत्ति पर किसी भिक्षु व भिक्षुणी का अधिकार नहीं होता था 22 पति के भिक्षु बन जाने पर पत्नि के लिए भिक्षु बन जाना ही विकल्प रह जाता था। क्योंकि वह भी संसार से विरक्त हो जाती थी। दाम्पत्य जीवन की विफलता तथा पारिवारिक कलह के फलस्वरूप भी वह भिक्षुणी बनना अंगीकार किया करती थी जिस तरह इतिदास, सोणा भद्धा भिक्षुणी बनी 23

किन्तु कई परिस्थितियों में माताएँ अपनी पुत्रियों को रोकती हुयी प्रतित होती है। थेरीगाथा में उल्लेख मिलता है कि सुन्दरी नामक कन्या को उसकी माता कहती है। कि जिस प्रकार तुम्हारे पिता सन्यासी बन चुके है। वैसे तुम भिक्षुणी मत बनो क्योंकि तुम ही इस सम्पूर्ण सम्पत्ति की उत्तराधिकारी है 24

यद्यपि कुछ उल्लेख ऐसे भी प्राप्त होते है जिसमें नारी अपनी इच्छानुसार धन व सम्पत्ति से दान दिया करती थी। जिसमें आमृपाली का उल्लेख महत्वपूर्ण है। उसने आर्थिक समृद्धि की दृष्टि से संघ को सर्वक्षेष्ठ योगदान दिया उसने संघ को आम्रवन दान के रूप में भेट किया जिसका बौद्ध साहित्य में अम्वपालिवन नाम मिलता है 25

उपरोक्त उल्लेखों से स्पष्ट होता है कि नारी अपनी संपूर्ण सम्पत्ति का त्याग नहीं किया करती थी, वह अपनी सम्पत्ति का उपयोग अपनी इच्छानुसार किया करती थी। कतिपय नारीयाँ अपनी समस्त सम्पत्ति को संघ को दान देकर स्वयं भिक्षुणी जीवन अवश्य व्यतीत करती थी। किन्तु कुछ स्त्रियाँ अपने ग्रहस्थ धर्म का पालन करते हुये अपनी सम्पत्ति का सदुपयोग धम्म कार्यो से करती थी।

जैन–बौद्ध युग से विदित होता है कि इस युग में भी विधवा नारी की स्थिति दयनीय रूप में मानी जाती थी। ऐसी नारी ही विधवा नहीं मानी जाती थी। जिनके पति परिलोकवासी हो गये बल्कि ऐसी ही विधवा मानी जाती थी जिनके पति उन्हें छोड़कर चले गये हो 26 अनेक भाईयों के रहते हुये भी विधवा नारी की स्थिति वैसे ही मानी जाती थी। जैसे बिना राजा के कोई राज्य एवं बिना पानी के जलविहिन नदी 27 किन्तु ऐसी, स्थिति होने पर भी ऐसे प्रमाण प्राप्त नही होते जहां विधवा को अपने केश कटवाने पड़े थे या रंगीन वस्त्र एवं आभूषण धारण न किये हो। क्योंकि रटट्पाल एवं सुदिन्न का उल्लेख प्राप्त होता है इनकी मृत्यु हो जाने के बाद भी इनकी विधवाओं के द्वारा अनेक प्रकार के अलंकारों को धारण किया गया। 28

किन्तु पति की मृत्यु के पश्चात उन विधवाओं का जीवन अवश्य दुखी होता था जो पुत्रविहिन हो क्योंकि उनका पति दूसरा विवाह कर लेता था और दूसरी पत्नी से प्राप्त पुत्र उस सम्पत्ति का अधिकारी बन जाता था। ओर उसे मृत पति की सम्पति से वंचित कर दिया जाता था।

यद्यपि इस युग में ऐसे उल्लेख भी प्राप्त हुए है, जहाँ अमीर परिवारों की विधवाएँ अपने पति की सम्पत्ति के द्वारा ही अपना संपूर्ण जीवन बिताया करती थी जैसे सोना पति के सन्यासी बनने पर उसकी सम्पूर्ण सम्पत्ति की अधिकारी बनी, 29 और स्थापत्या सार्थवाही ने भी अपने पति की सम्पत्ति को अपने जीवन एवं व्यापार का आधार बनाया 30

अतः निष्कर्ष रूप में कहां जा सकता है। कि विधवा को धन प्राप्ति का शासकिय अधिकार तो दिया गया था पर प्राप्त धन को संभालना कठिन था। अतः साधारणतया नारीयाँ संघ से प्रवेश लेना श्रेयस्कर समझनी थी। जहाँ उन्हे धनविहिन होने पर भी भोजन व सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था मिलती थी।

1. डॉ. सत्यकेतु विद्यालकार पृ. 171

2. सुरेश भटनागर एवं अनामिका सक्सेना, आधुनिक भारतीय शिक्षा पृ. 22,

3. डॉ. सत्यकेतु पूर्वोवत पृ. 165

4. कुम्भजातक 412 पृ. 97 इसी प्रकार बौद्धगम संयुक्त निकाय 1/85

5. डॉ. सविता विश्नोई पृ. 27

6. कुम्भजातक 412 पृ. 97

7. संयुक्त निकाय 1/85

8. डॉ. के.सी. जैन प्रा.भा. का सामाजिक सा. और भौगोलिक अध्ययन पृ. 105

9. जातक 262 खण्ड 3 पृ. 49

10. जातक 544/ 256, 544 खण्ड 6 पृ. 256

11. जातक 501 खण्ड 5 पृ. 640

12. जातक 521 खण्ड 5

13. डॉ. जगदीश चन्द्र जैन पृ. 245 – 285

14. भद्रबाहु संहिता 17/18

15. दीर्घ निकाय 2 पृ. 246

16. भद्रबाहु संहिता 83– 87

17. अंगुत्तर निकाय पंचम निपात 413

18. जातक कथाओ मे नारी, जैन फूल कुंवर पृ. 55

19. दिनकर रामधारी सिंह पृ. 146 संस्कृति के चार अध्याय

20. दिनकर रामधारी सिंह पृ. 147 संस्कृति के चार अध्याय

21 निरीथ भाष्य 2/1390–97 बृहल्कल्पना 3/3962 आदि

22. सविता विश्नोई पृ. 32

23. डॉ. मदन मोहनसिंह पृ. 59

24. थेरीगाथा 13–14 पृ. 327

25. संयुक्त निकाय 47/1

26. बौद्ध जातको में नारी पृ. 62

27. महावग्ग – 5/57

28. चुल्लवग्ग 273

29. थेरीगाथा 3/6/231

30 बौद्ध जातक मे नारी नृ. 167

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

वैदिक, जैन एवं बौद्ध काल में नारी की प्रशासन एवं राजनीतिक भूमिका

Dr.Renu Rathore
G. D . C College Dashera Maidan Ujjain

भारतीय संस्कृति में नारी के विभिन्न स्वरूप एवं आयाम देखने को मिलते हैं। भारतीय स्त्रीत्व की द्रष्टि से नारी का जीवन युगों–युगों में समाज एवं संस्कृति के क्षेत्र में उसके योगदान एवं गतिशीलता की और ध्यान आकर्षित करती है। जहाँ तक नारियों की प्रशासनिक एवं राजनीतिक भूमिका का प्रश्न है, उसकी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष भूमिका का क्षेत्र विस्तारित है।

यह सर्वविदित है कि सबसे प्राचीन सैंधव सभ्यता मातृसत्तामक थी। यद्यपि कालांतर में उसकी समाज में सशख्त भूमिका थोड़ी गौण प्रतीत होती है।

वैदिककाल में नारियों की राजनीतिक स्थिति अधिक विस्तारित नहीं थी किन्तु वह राजनीतिक ज्ञान से अनभिज्ञ नहीं थी। इसका अनुमान हरीत के इस संदर्भ से लगाया जा सकता है, कि नारी के लिए सभी विषय की शिक्षा अनिवार्य है क्योंकि उसके गर्भ से ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यगुण संपन्न सभी प्रकार के बालकों और बालिकाओं का जन्म होता है, क्योंकि शुद्र योनी में इन गुणों से संपन्न व्यक्ति जन्म नहीं ले सकते। अतः नारी के तो सभी संस्कार संपन्न कराना चाहिए। 1 अतः पुत्रों के समान पुत्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने का समान अधिकार था। यही कारण है कि कालांतर में कई विदुषी नारियों ने ऋषिपद को शोभित किया। वे मंत्रो द्वारा देवताओं की स्तुति करती थीं। जैसे :– घोषा,काक्षीवती 2 लोपामुद्रा 3 ममता 4 अपाला 5 विश्वारा आदि महत्त्वपूर्ण है।

उपनिषदकाल तक नारियों को सहशिक्षा के अधिकार थे। वे दार्शनिकों की सभा में विद्ववतापूर्ण विषयों पर भाषण दे सकती थीं। जिसे हम गार्गी एवं मैत्रेयी 6 का उदाहरण देकर सरलता से समझ सकते हैं। यद्यपि उत्तरवैदिक काल में नारी शिक्षा व समाज में उसके स्थान की स्थिति में हास हुआ। उपनयन संस्कार विवाह के समय औपचारिक मात्र रह गया।

जहाँ तक वैदिक एवं उत्तरवैदिककाल में नारियों की राजनीतिक भूमिका का प्रश्न है प्रशासन में उसकी सहभागिता गौण थी। संभवतः इसके पीछे राजसिंहासन पर उत्तराधिकार का अधिकार पुरूषों तक ही सीमित था। यही कारण है कि वैदिककाल एवं उत्तर वैदिकयुग में हमें किसी भी महिला शासिका का उल्लेख नहीं मिलता।

यद्यपि जब हम इसका गहनता से अध्ययन करते हैं तो वैदिककाल में हमें अवश्य ही कुछ ऐसे विवरण प्राप्त होते हैं जिनके आधार पर कहा जा सकता है कि प्रत्यक्ष रूप से भले ही नारियों ने शासन न किया हो किन्तु अप्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान अवश्य दिया। जिसका प्रारंभ राजपरिवार से संबंधित नारियों से होता है, क्योंकि यह स्त्रियाँ शिक्षा क्षेत्रा में अग्रणी, ज्ञान, विज्ञान तथा ललिन कलाओं में निपुण होने के साथ राजनीति एवं युद्धकला की शिक्षाओं का भी ज्ञान अर्जित करती थी। मनु के अनुसार स्त्री राज्य संचालन के योग्य है, राजा की स्वजातीया, गुह लक्षणो वाली, श्रेष्ठ कुल में उत्पन्न हद्यप्रिय तथा रूप गुण युक्त राजमहिषी परिस्थिति आने पर राज्य कार्य का संचालन भी कर सकती थी।

अतः इससे स्पष्ट है कि यदि कोई राजमहिषी में प्रशसनिक योग्यता एवं क्षमता है तो उसे शासन संचालन का अधिकार था। यदि किसी राजा द्वारा अत्यधिक कुशलता से शासन किया जा रहा है तो निश्चित रूप से उसमें उसकी राजमहिषी की उचित सलाह सम्मिलित होगी। राजनीति के दांव–पेंच में भी यदा–कदा स्त्रियाँ प्रयुक्त की जाती थीं। स्त्रियाँ दरबार का प्रमुख अंग थी और राजदरबार में राजा के चारों और स्त्रियाँ रहती थीं। 7 इसके अतिरिक्त जो स्त्रियाँ राज्य संबंधी कार्य करती थी, उनके विषय में मनु का कथन है कि, राजकार्यो में स्त्रियाँ, दास एवं दासियों को उनके कार्यो के अनुसार प्रतिदिन का वेतन निर्धारित किया जाए वे क्या कार्य करेंगे, यह भी उन्हें बताया जाए। 8

वैदिककाल में नारियाँ रक्षक के रूप में भी कार्य करतीं थी क्योंकि कई स्थानों पर उसके लिए ''पुरंधि'' शब्द का प्रयोग किया गया है। नगरों के प्रबंध, उनकी आंतरिक रक्षा एवं सफाई आदि का कार्य नारियों

के संरक्षण में होना चाहिए। इसके अतिरिक्त इस नाम से यह भी प्रतीत होता है कि नगरों के आंतरिक प्रबंध के लिये एक भिन्न सभा होनी चाहिए, जिसमें स्त्रियों का सहयोग अपेक्षित है। 9

मध्यस्था या दौत्यकर्म के रूप में नारियों के कार्यो का उल्लेख करें तो ऋग्वेद में हमें सरमा नासक एक स्त्री का उल्लेख मिलता है जो इन्द्र के आदेश पर पणियों (चोर, डाकू, लुटैरे) के पास संधि प्रस्ताव लेकर जाती है और अपनी कूटनीतिज्ञता एवं योग्यता के आधार पर पणियों को संधि प्रस्ताव के लिये मना लेती है। 10 अतः नारियों को ऐसे राजनैतिक संकट के समय चयनित करना उसके राजनैतिक कौशल को इंगित करता है।

जहाँ तक नारियों की स्वतंत्रता का प्रश्न है उसे अर्थवेद के मंत्रों से सरलता से समझा जा सकता है :–

(1) अहं वदामि नेत्वं सभायामह त्वं वद्। 11

(2) सत्याय च तपसे देवताभ्यों निधि शेवधिं परि दहम एतम् अव जान्मा समित्यां। 12

(3) यतसमित्यां यदा वदा अनृतं वित्तकाम्या। 13

अतः नारियां सभा व समिति में भाग लेकर अपने विचारों को स्वतंत्रता से प्रकट कर सकती थीं।

इन उपरोक्त नारी रूपों के अतिरिक्त एक अन्य रूप योद्धा का है।यजुर्वेद में नारियों का राज्य संचालन की प्रमुख सभाओं में चुनकर जाने के उल्लेख हैं। 14

उपरोक्त विभिन्न नारी के रूपों के अतिरिक्त एक अन्य रूप .योद्धा का है जिसके अंतर्गत विश्वला और मुद्गलानी प्रमुख है क्योंकि इन दोनों के द्वारा युद्ध में भाग लिया गया था। 15

मुद्गलानी अथवा इद्रसेन मुद्गल की पत्नि ने अपने पति द्वारा चोरों का पीछा करने में सहायता की थी क्योंकि चोरों ने उनकी गाय चुरा ली थी। विकट परिस्थिति मे रथ चालन करके अपने पति को सहयोग दिया। उसने न केवल रथ चलाया अपितु धनुषबाण लेकर युद्ध कर उन्हें पराजित किया और राज्य की सम्पत्ति की रक्षा की। 16

इसके साथ हीं ऋग्वेद में हमें सुक्ता का भी वर्णन मिलता ह। जो कि विश्व की सर्वोच्च शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। ऐसा कहा जाता है कि उसने रूद्र के धनुष को खींचा एवं मानवता के लिये युद्ध किया। 17 नारी योद्धा में ही हमें वृदमती का उल्लेख मिलता है जिसने युद्ध में भाग लिया तथा उसके हाथ कट गये थे। तब अश्विनी कुमारों ने उसे सोने के हाथ लगवा दिया थे। 18 वेद में इंद्राणी को सेनापति के रूप में निरूपित किया है इंद्राणी एक कुशल सेनानायिका है जो युद्धो मे अश्व सेना के साथ प्रस्थान करती है। युद्ध के अतिरिक्त वह अर्थ नीति में भी कुशल युद्धार्थी थी। वह इतनी तेजस्वी है कि उसके समक्ष शत्रु. ठहर नहीं पाते। 19 उपरोक्त विवरण के आधार पर कहा जा सकता है कि वैदिककाल में नारियों के राजनीतिक एवं प्रशासनिक भूमिका सक्रिय थी यद्यपि उनके राजनीतिक अधिकार सीमित थे।

जैन एवं बौद्ध काल में नारियों की राजनीतिक एवं प्रशासन के क्षेत्र में कोई सक्रिय भुमिका का उल्लेख प्राप्त नहीं होता । बुद्ध कभी–भी इस विचार से पूर्ण सहमत नहीं हुए की नारी जाति को राजनीतिक के दाव–पेंचो में उलझना चाहिए। यह उसके लिए अविचारणीय था,की एक नारी किसी राज्य पर शासन करती थी।. बुद्ध के अनुसार एक प्रबंधक के कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिये नारी संपूर्ण रूप में अनुउपर्युक्त थी।20

उपर्युकत विवरण के आधार पर यादि हम जैन एवं बौद्ध काल के दुसरे पक्ष की और ध्यान केंद्रित करते हैं तो पाते हैं कि वेश्याएँ राज्य में सम्मान की द्रष्टि से देखी जाती थीं। वे गुप्तचर व्यवस्था का महत्त्वपूर्ण अंग थीं गणिकाओं के वेतनानुसार हम उनकी राज्य में उच्च व्यवस्था का सरलता से आकलन कर सकते है यह वेतन सेनापति के मुख्यामात्य के समान होता था। 21

मुख्य नगरों में प्रधान गाणिका का अभिषेक अत्यंत भव्य रूप से होता था। यह राजा के साथ युद्ध स्थल के पृष्ठ भाग में भी उनके साथ रहती थी। 22 एक राजा को शासन कार्य हेतु जिन महत्त्वपूर्ण पदाधिकारियो की आवश्यकता होती थी। उनमें वैश्या भी सम्मिलित थी। राजा के किसी मंत्री की गतिविधियों पर राजकीय नजर रखने हेतु नाचने गाने–बजाने वाली तथा तमाशा दिखाने वाली स्त्री गुप्तचर का कार्य सम्पन्न करती थी। 23 अशोक के एक स्तम्भलेख में गुप्तचर का वर्णन है। अभिलेख में गुप्तचर के लिए प्रतिवेदक शब्द का प्रयोग किया है। मैगस्थनीज के अनुसार प्रतिवेदक लोग

सामृाज्य में क्या हो रहा है इसकी सूचना रखते थे। अशोक के समय में कुछ प्रतिवेदक नगरों में नियुक्त किये जाते थे और कुछ सेनाओ में सूचना एकत्रित करने के लिये वैश्याओं से भी गुप्तचर का काम लेते थे। योग्यता एवं विश्वासपात्र व्यक्ति प्रतिवेदक के पद पर नियुक्त किये जाते थे। 24

अतः जैन एवं बौद्ध काल मै नारियों के प्रत्यक्ष शासन करने के कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं होने किंतु गाणिका के रूप में गुप्तचर के कार्यों को सफलता से निवर्हन करने हेतु उन्होने अधिक विस्तारित तो नहीं किंतु महत्त्वपूर्ण राजनैतिक योग्यता का परिचय दिया।

अंततः हम यह सकते हैं कि समाज में नारी अपने विभिन्न रूपों का निवर्हन करती थीं। राजनैतिक एवं प्रशासक रूप में उसके प्रत्यक्ष सहयोग के उदाहरण यद्यपि अल्प ही है किंतु इतना अवश्य है कि तत्कालीन राजनीतिक व प्रशासनिक स्थिति में उसकी भुमिका नगण्य न होकर सक्रिय थी।

संदर्भ गंथ सूची

1. हारित ध. सू .21/20–24, उद्धत–प्रशांत कुमार,वैदिक साहित्य में नारी,पृ .21
2. ज्ञानी शिवदत्त, वैदिक कालीन समाज, पृ 161
3. ऋ 1/179, उद्धत, ज्ञानी शिवदत्त, वैदिक कालीन समाज, पृ 161
4. ऋ 6/10/2, उद्धत, ज्ञानी शिवदत्त, वैदिक कालीन समाज, पृ 161
5. ऋ 8/96, उद्धत, ज्ञानी शिवदत्त, वैदिक कालीन समाज, पृ 161
6. राधाकुमुद, हिन्दू सिविलिजेशन, पृ.97
7. अर्थववेद,अध्याय.–20
8. कुमार प्रशांत, वैदिक साहित्य में नारी,
9. शुक्ला,सुषमा,वैदिक वाड़मय में नारी,पृ .62
10. ऋवेद 10/108 (सम्पूर्ण सूक्त) प्रशांत कुमार,वैदिक साहित्य में नारी,पृ .154
11. अथ. 7/38/4, शुक्ला,सुषमा,वैदिक वाड़मय में नारी,पृ .62
12. अथ. 12/04/46, शुक्ला,सुषमा,वैदिक वाड़मय में नारी,पृ .62
13. अथ. 12/3/52, शुक्ला,सुषमा,वैदिक वाड़मय में नारी,पृ .62
14. यजुर्वेद 20/1–10, उद्धत–प्रशांत कुमार,वैदिक साहित्य में नारी,पृ .154
15. ऋवेद 1/12/10;116/15;10/102/2,3 उद्धत–प्रशांत कुमार,वैदिक साहित्य में नारी,पृ .152
16. ऋवेद 1/32/9 उद्धत–प्रशांत कुमार,वैदिक साहित्य में नारी,पृ .152
17. Reg.x,125-6,Noted.Martin Marry.E.R,Women in Ancient India.
18. Madhavanda s, Majumdar R.C, Great women of india
19. ऋवेद 10/86/10 उद्धत–प्रशांत कुमार,वैदिक साहित्य में नारी,पृ .152
20. Indra,Status of Women in Ancient India,P. 238-239
21. आचार्य, दीपंकर, कौटिल्यकालीन भारत पृ . 238
22. बाशम,ए.एल, अद्भुत भारत पृ . 154
23. कौटिल्य,अर्थशास्त्र, 1,12,8,11
24. चौधरी विमला ,प्राचीन भारत में गुप्तचर,व्यवस्था, पृ . 65–70

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

A STUDY ON IMPACT OF GST ON TELECOM SECTOR

Mrs. Meenakshi Swamy
Assistant Professor, St. Aloysius College, Jabalpur (M.P)

ABSTRACT :- Every nation will impose various taxes on people and thing in order to undertake developmental Work. In India the government of India recently enacted a law namely GST. GST also known as the Goods and Services Tax is defined as the giant indirect tax structure designed to support and enhances the economic growth of a country. More than 150 countries have implemented GST so far. However, the idea of GST in India was mooted by Vajpayee government in 2000 and the constitutional amendment for the same was passed by the Loksabha on 6th May 2015 but is yet to be ratified by the Rajyasabha. However, there is a huge hue and cry against its implementation. It would be interesting to understand why this proposed GST regime may hamper the growth and development of the country. The telecommunications industry has impact on every aspect of our lives, from the simple reality of enabling telephonic communication between people in different locations to enabling supply-chains to work seamlessly across continents to create products and fulfill demands. Telecommunication services are now recognized as a key to the rapid growth and modernization of the economy and an important tool for socio-economic development for a nation .This research study includes that what was the impact of GST on telecom sector.

Keywords :- Goods and Service Tax, Telecom sector.

INTRODUCTION :- Goods and Services Tax (GST) has been in the minds of the government for quite some time now and it was implemented on the 1st of July 2017. The implementation of GST is meant to regulate the telecom sector in terms of taxation. The telecom sector has seen several ups and downs in the past decade. For the same reason, TRAI (Telecom Regulatory Authority of India) has played an important role in synchronizing the Indian telecom sector. The Department of Telecommunication (DOT) has also released a circular clearing the doubts about its effect on the telecom sector.

GST is a system of taxation that merges up individually applied taxes into single tax. This step has been taken to reform the indirect taxation in India. There are various aspects of the impact that GST has created on everything. But as India is embracing a single tax code, the effect on the telecom sector is going to be presumably immense as with the coming times there will be more clarity in the scenario of telecom sector.

Current Scenario of Telecom Sector :- The telecom sector in India has seen a revolution with the post liberalization economic growth after 1991. And the 1999 telecom policy has consolidated it even more. According to TRAI, in October 2015, we crossed a billion mark for the mobile subscribers and the total number of broadband subscribers in the end of October 2016 were 218.42 million. The arrival of smartphone has just increased the number of users exponentially.

The bigger players in the telecom service providers have shown a much promising picture to the consumers in terms of prices and benefits. The increasing competition has only brought the prices to a much beneficial realm for the consumers.

If we look at the trends in the Indian telecom sector for the year 2017, data realization per MB is going to fall by 20-25% in 2017. The fiberisation of network in India has not yet covered a large area, so it is going to be more prominent in 2017. The LTE and Volte enabled phones are going to be a lot cheaper in the coming

year. The growth in the mobile users is going to be 30+% from the existing 370 million users. And this is the reason behind the unexpected upsurge in the mobile advertising. The new GST regime will lead to a highly compliance cost from the telecom companies. All in all, the number of wireless subscribers has increased and the statistics show that the number of users accessing the internet on high speed has also increased.

Indian Telecom Industry Analysis

Composition Of Telecom Subscribers (FY 16)	
Urban wireless	55.6
Rural wireless	42.0
Urban wire line	2.0
Rural wire line	4.0



SOURCE: Telecom regulatory authority of India TechSci Research

Wireless Segment Dominates the Market

- In march 2016, India's telephone subscriber base reached 1, 058, 86 million
- In March 2016, the wireless segment (97,62percent of total telephone subscriptions) dominated the market, with the wire line segment accounting for an overall share of 2.4 percent.
- urban regions accounted for 57.6 percent share in the overall telecom subscriptions in the country, while rural areas accounted for the remaining share

Impact of GST on Telecom Sector :- From the arrival and implementation of GST, the government proposal is to levy 18 % tax on the telecom services. The current figure is 15% of tax and so the difference is of 3%. The hike in taxes may have a varied impact on the pricing policies of the telecom companies.

According to the government's press release, currently, the telecom service providers are neither eligible for credit of VAT paid on goods nor of special additional duty (SAD) that is paid on imported goods nor equipment. But under the GST regime, the telecom service providers would avail

credit of IGST paid on domestically procured goods as also imported goods.

Is GST Going To Benefit The Telecom Sector?

Telecom sector has millions of subscribers and it is one of the most basic infrastructural services for subscribers. The current ways of indirect taxes have several challenges which is the reason GST has many promising prospects for the future. GST will turn out to be an absolute solution that will become more concrete with the coming times.

In the current situation, the telecom sector is regulated by TRAI and licenses are distributed by the Department of Telecommunication (DoT). Telcos get circle-wise licenses to provide telephony services. Circle wise license distribution doesn't align with the geographical boundaries of the states. For example, Delhi NCR circle covers Delhi, Ghaziabad, Noida, Faridabad, Noida and Gurgaon telephone exchanges. GST will allow the distribution of license on state wise basis. The disparity of incurring roaming charges will be different further because of the state wise circle allocation. So, the state wise accounting is going to be applied under the GST regime.

Currently India is divided into 22 telecom service areas or circles for the purpose of licensing. Under the effects of GST, it will be levied in 29 states and 7 union Territories (UTs). The IT and billing systems will require a redesign to ensure GST compliance.

The finance ministry has already asked the phone companies to cut down prices of the telecom services, as the higher tax credits is unlikely to exceed the 1% of revenue, which is way below the 3% hike in the tax rate on telecom services .

REVIEW OF LITERATURE :- Das and Gupta (2004): They stated that the tax compliance can be improved by implementing simple reforms in personnel policy in Indian income tax .He concluded that the GST will lead to higher tax compliance and lower tax evasion by Indians.

Gang and Ira N (2000): They concluded that the tax structure India, some tax structure changes were implemented to reduce tax evasion.

Thirupathi and Sweta (2011): They examined VAT is a type of indirect tax that is imposed on goods and services, and they advocated the tax impact on budget and revenue

Sijbren (2013): Sijbren and others suggested, A modern goods and services to alleviate the problems of India's current indirect tax system.

GST As A Game Changer :- If we look at the concept of GST then the prices are going to reduce with it. The current way of taxation has cascading effect meaning a tax is applied on every stage that propels the product or services further. Due to such cascading effects, the end consumer has to pay a higher price for the same product. So it is speculation that due to this common tax scheme, the consumer will have to pay much lesser prices. If we look at another effect of GST, several telecom service providers have come up with mobile wallet services e.g. Airtel Money and Vodafone M-pesa. After the demonetization drive, the mobile wallets have become rife in usage and due to indirect tax implication. . But the mobile wallet services have a very clouded opinion regarding the point of taxation. It varies with the service provider.

It is a concrete speculation that under the GST regime, the wallet services would be clearly defined whether it falls in the service ambit or just a plain transaction. This is just one of the several challenges. The telecom sector is ready for such challenges and GST is here for an unprecedented assistance to the establishment.

SELECTIVE ISSUES PERTAINING TO THE TELECOM SECTOR UNDER THE CURRENT INDIRECT TAX LEGISLATION AND EVALUATION UNDER GST

1. **The Concept of Necessity Service**: One of the major drawbacks of the GST regime could be the direct spike in the service tax rate from 14% to 20-22 %.Being a regressive taxation system, the burn of increased tax rate will directly be faced by the end consumer unless the credit is passed on to the next in business chain. Given the importance of communication services in our lives, they could easily qualify as "Necessity Services". Thus, one could hope that the government considers allotting telecom services under the lower rate category and, in turn, charge a reduced GST rate reserved only for Necessity goods. Nevertheless, this ambitious demand could be presented but is less likely to be accepted.

2. **Mandatory annual audit Compliance**: Telecom service providers did not have to comply with a mandatory "audit obligation "as per the finance Act 1994 (as amended).But they were certainly liable to "audit scrutiny "by the service tax department if the service provider was identified as the select assesse for audit purpose. It is widely perceived that under the GST regime, VAT audit procedures may get adopted. With the merger of both goods and services under one authority, mandatory audit provisions may apply to both goods and services providers alike .As a result, telecom operators may need to engage with at least two entities, one for compliance and another for audit, failing which a possibility of conflict of interest may arise. Such dual engagement with tax firms and management services providers will further lead to an adverse hike in compliance cost.

3. **Status of exemption notification for distributors**: Telecom companies appoint agents and distributors for sale of SIM cards and recharge coupon vouchers. These agents/distributors are exempted from service tax as per Notification Sr.No.29 (f) of notification No .25/2012-ST.But, similar exemptions for distributors may or may not be available under GST.And, if the exemption is rescinded, millions of mobile distributors will have to comply with the provisions of the previously unknown world of indirect tax.

4. **Distribution of input service credits:** Telecom companies usually incur high cumulative service costs such as advertising expenses, legal expenses etc. that are borne by the head office (HO) at the first point of contact. The input credit availed for the above is then split across revenue centres through the input service Distributor scheme (ISD) under service tax. But under the GST regime, an ISD scheme (or any equivalent) is still unheard of, mainly because of the remote practical possibility of splitting a state tax pool (SGST) across other states.

FOR EXAMPLE, a telecom company Ho may incur advertising expenses of INR 1 billion, with input tax credit (ITC) of INR 100 million of Maharashtra GST(MGST @10%) and INR 100 million of central GST (CGST@ 10%),being local procurement OF SERVICES. The telecom company then passes on the expenses (not the ITC) to revenue Centre's across its 22 circles .On the credit front, we can still, theoretically, mull over the possibility of passing on CGST to other revenue centres, but passing on MGST to other revenue Centre's will not serve any purpose as MGST will not be allowed as ITC in other regions.

5. **Mobile wallets**: in these changing times, telecom companies have also evolved tenfold in order to optimize their customer service. From mere communication service, they have grown to include complex services such as value added services, internet services, advertising services etc and next up is the mobile wallet service. Top telecom service providers includingAirtel and Vodafone have already launched their mobile wallet; airtel money and Vodafone M-pesa.Most mobile wallet in India follow either the closed model or the semi-closed Model, which restricts the utilization of credit money to a specified set of services.

6.Inter-linking charges /charges for access to other circles : inter-linking charges are charges

paid by telecom companies to one another(telecom peers) for usage of each other's network and towers when their usage are outsides there ,subscribed region. Currently, these charges may get covered under the definition the term services and hence, service tax is applicable.

7.Cenvat credit on towers : Infrasture provider also known as tower companies, are one of the three broad segment of the telecom sector.in this regard, it is relevant to refer to bharti airtel Ltd VS commissioner of central excise ,pune,wherein credit on the towers. Its parts thereof and pre-fabricated building material used for providing telecommunication service, was denied on the grounds that the goods under consideration would neither qualify under the definition of capital goods nor inputs as defined under cenvat credit rules,2004.Accordingly ,due to the factor of Immovability in the goods, there is ambiguity with respect to availing such credit.

8.Place of supply for telecommunication : currently in case where both the telecom services provider and service receiver are in India ,services would accrue at the place of service receiver through Rule 3 of the place of provision of service Rules: but given its central nature the complication of chargeability were not pondered upon in depth. However, under GST ,it would be pertinent to determine the state that will receive the revenue of the GST so paid and hence, the telecom companies will require a detailed explanation as to what could be perceived as the place of supply of service .

9. **Power and fuel** : power and fuel comprise around 5-10% of the total expense in the telecom industry. And unfortunately, at present, indirect tax in the form of electricity duty, exercise and state levy on both these expenses cannot be availed as input tax credit. On one hand, petroleum consumption is not considered as an input under the cenvat credit rules thus, remaining ineligible for credit availment :and on the other electricity duty also cannot be claimed as a creditable tax as it is a state levy.

10. Sale of SIM cards: Sale of goods or provision of service? : The crux of the various judicial ruling is that the amount received by the cellular telephone company from its subscribers towards SIM cards will form part of the taxable value for levy of service tax as the SIM cards on their own, without the services, would hardly have any value .However, there is a contradiction, wherein certain state VAT legislation (e.g. Andhra Pradesh, Goa, Gujarat etc.) have specifically included SIM cards in the VAT schedules. So it is not clear whether sale of SIM cards is a sale of goods or provision of service.

CONCLUSION :- The telecom sectors presently the tax rate is 14%.By the causes of GST the tax rate on telecom sector would have to increase as 18%. So the result of GST on telecom sector will be negative. The public sector is to be critical. In future the concept of "one tax and one nation" caption is not suitable for Telecom sector. India will emerge as a leading player in the virtual world by having the highest internet users by 2025 ,there is great untapped potential in the rural market for telecom companies .In order to achieve the congruent goal of broadening the telecom business and attaining socio-economic development, it is essential that the cost of consumption of telecom service goes down ,for which it is necessary that lawmakers draft the GST framework considering the issue under the current indirect tax legislation with the intention of curtailing it or having clarity on the same. Additionally, the lawmakers should also consider the advanced products telecom companies offer to their customers (such as mobile wallets) and should seek to cover such transactions appropriately under the new indirect tax legislation with a vision of having minimal litigation at a future date. Furthermore, given the unsettled parliamentary conditions, the industry should step forward and urge the government to clear the GST bill as soon as possible and help spur overall growth.

References :-

1. The Economic Times (2009) Featured Articles from The Economic Times.
2. Gst India (2015) Economy and Policy.
3. Mehra P (2015) Modi govt.'s model for GST may not result in significant growth push. The Hindu.
4. Sardana M (2005) Evolution of Ecommerce In India Part 3.
5. TRAI (2015) Highlights of Telecom Subscription Data as on 28th February.
6. Patrick M (2015) Goods and Service Tax: Push for Growth. Centre for Public Policy Research (CPPR).
7. SKP (2014) GST: Impact on the Telecommunications Sector in India.
8. Dr. P. Mahender GST Effect on Manufacturing Industry – India Department of Business Management, Department of Business Management. Osmania University, Hyderabad, India International Journal of Managerial Studies and Research (IJMSR) Volume 5, Issue 1, January 2017, PP 28-30 ISSN 2349-0330 (Print) & ISSN 2349-0349 (Online) .
9. 9.https://www.omicsonline.org/open-access/a-research-paper-on-an-impact-of-goods-and-service-tax-gst-on-indianeconomy-2151-6219-
10. https://www.servetel.in/blog/how-gst-is-going-to-influence-the-telecom-sector/

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

लोक संस्कृति और लोक साहित्य में बुन्देली

खुमान प्रसाद अहिरवार
दमोह म.प्र.

''लोक साहित्य जनता का वह साहित्य है जो जनता द्वारा, जनता के लिये लिखा गया है।'' अंग्रेजी में 'फोक' का अर्थ है लोक, राष्ट्र जाति सर्व साधारण या वर्ग विशेष। इसी से 'फोकसांग' के अनुरूप हिन्दी में लोकगीत गढ़ा गया है जो उचित है। अंग्रेजी का फोकसांग जर्मनी के 'वोल्कालेड' का अपभ्रंश है। समस्त मानव समाज में चेतन रूप में जो भावनाएं गीतबद्ध होकर व्यक्त हुई है उनको 'लोकगीत' कहना उपयुक्त है। फोक शब्द की उत्पत्ति श्म्वसाश से हुई है। यह ऐंग्लो सेक्सन का शब्द है जो जर्मनी के रूप में प्रचलित है। डॉ. वार्क ने 'फोक' शब्द की व्याख्या करते हुए लिखा है कि इससे सभ्यता से दूर रहने वाली किसी पूरी जाति का बोध होता है। परन्तु इसका यदि विस्तृत अर्थ लिया जाए तो किसी सुंस्कृत राष्ट्र के सभी लोग इस नाम से पुकारे जा सकते हैं। बांग्लभाषी 'फोक' को असंस्कृत और मूढ़ समाज का द्योतक मानते हैं, परन्तु सर्वसाधारण और राष्ट्र के सभी लोगों के लिए भी इसका प्रयोग होता है। इस प्रकार 'लोक' तो 'फोक' से अधिक भाव प्रवण ज्ञात होता है।

लोक संस्कृति और लोक साहित्य :– लोक–संस्कृति और लोक साहित्य एक दूसरे से भिन्न है। सोफिया बर्न ने फोक्लोर के क्षेत्र में विस्तार के संबंध में लिखा है कि यह जाति बोधक शब्द की भांति प्रतिष्ठित हो गया है जिसके अंतर्गत पिछड़ी हुई जातियों में प्रचलित अथवा अपेक्षाकृत समुन्नत जातियों के असंस्कृत समुदायों के अवशिष्ट विश्वास, रीति–रिवाज, कहानियां तथा कहावतें आती है। प्रकृति के चेतन तथा जड़ जगत के संबंध में भूत–प्रेतों की दुनिया तथा उनके साथ मनुष्यों के संबंधों के विषय में जादू–टोना, संमोहन वशीकरण, तावीज, भाग्य शकुन रोग तथा मृत्यु के संबंध में आदिम तथा असभ्य विश्वास इनके क्षेत्र में आते हैं। इनके अतिरिक्त इसमें विवाह, उत्तराधिकारी, बाल्यकाल तथा प्रौढ़ जीवन में रीति–रिवाज तथा अनुष्ठान और त्यौहार, युद्ध, आखेट, मत्स्य व्यवसाय, पशुपालन आदि विषयों के भी रीति रिवाज और अनुष्ठान इसमें आते है तथा गाथाएं, अवदान (लीजेंड), लोक कहानियां, बैलेड, गीत किवदन्तियां पहेलियां, और लोरियां भी इसके विषय हैं। संक्षेप में लोक की मानसिक सम्पन्नता के अन्तर्गत जो भी वस्तु आ सकती हैं वे सभी उसके क्षेत्र में है। यह किसान के हल की आकृति नहीं है जो लोक संस्कृति से विद्वान को अपनी ओर आकृर्षित करती है। प्रत्युत के उपचार तथा अनुष्ठान है जिन्हें किसान हल की भूमि जोतने के काम में लाने का समय करता है, जाल तथा वंशों की बनावट नहीं, बल्कि वे टोने –टोटके हैं जिन्हें मछुआ समुद्र के किनारे करता है, पुल अथवा किसी भवन का निर्माण नहीं हैं प्रत्युत वह बलि है जो उनके निर्माण के समय दी जाती है। लोक संस्कृति वस्तुतः आदिम मानव की मनोवैज्ञानिक अभिव्यक्ति है, वह चाहे दर्शन, धर्म, विज्ञान तथा औषधि के रूप में हुई हो अथवा सामाजिक संगठन तथा अनुष्ठानों में अथवा विशेषतः इतिहास, काव्य और साहित्य के अपेक्षाकृत बौद्धिक प्रदेश में सम्पन्न हुई हो।''

सोफिया बर्न के फोक्लोर के विषय को तीन भागों में विभक्त किया है –

1. लोक–विश्वास और अंध परम्पराएं पृथ्वी तथा आकाश, वनस्पति जगत, मानव और उसकी निर्मित वस्तु आत्म तथा परलोकपरामानवी व्यक्ति, शकुन, अपशकुन, भविष्यवाणी, आकाशवाणी, जादू–टोना।
2. रीतिरिवाज तथा प्रथाएं : सामाजिक तथा राजनैतिक संस्थाएं, व्यक्तिगत जीवन के अधिकार, व्यवसाय, उद्योग–बंबे, व्रत, त्योहार आदि के संबंध में प्रचलित रीति रिवाज।
3. लोकसाहित्य में लोकगीत, लोक कथाएं, कहावतें सहेलियां, सूक्तियां, बच्चों के गीत, खेल के गीत आदि। लोक साहित्य, लोक संस्कृति का ही एक भाग है। एक दूसरे में व्यापक अंतर है सीमा क्षेत्रों में बहुत अंतर है।

बुन्देली कवि :

1. लोक कवि ईसुरी
2. रामचरण हयाचरण
3. डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव
4. शिव सहाय चतुर्वेदी
5. मोतीलाल चौरसिया

बुन्देली लोकगीत :

संस्कृति गीत

''बेर अचार यहां के मेवे, बढ़िया ब्यारी दूध महेरी।

सस्ता साग चने की भाजी, कामधेनु घर घर की छेरी

सतुवा बिरचुन चना चबेना, व्यंजन पूरी पुवा पपरिया।

सादा जीवन थोड़े कपड़े, बण्डी कुरता पंजा फरियां।

अन्नदान कर यहाँ सुख से, तेंदू महुवा खाया करती है।

यह बुन्देलखण्ड की धरती.....

अँचरी लमेटरा जन मन में भक्ति भावनायें भर जाते है,

आल्हा की ललकार ठमक, ढोलक की सुन मुर्दे जी जाते।

और ईसुरी की फागों का, मजा सुने रजऊ सो जाने।

ब्रजवासी की तान रावला, सुनकर जियरा तृप्ति न मानें।

चौपाई चौपालों में तुलसी की धुन लहराया करती है।

यह बुन्देलखंड की धरती.....''[41]

कुन्दरू, करेला, मैनर, पड़ोरा, परमल छौंक सुधारी के हैं हाँजू ।

आलू,रतालू, कुम्हड़ा, कचरिया, अनरस फलिया, बघारी के हैं हाँजू।

खाजे, अदरसे, पपरियां, सैफ पकौरी ढोरी के हैं, हाँजू ।

पूड़ी, कचौरी, ललित लुचइंया, मालपुआ, जुग जोरी के हैं हाँजू ।

विदाई गीत –

''कच्ची ईंट बाबुल देरी न धरियो,

बिटिया न दियो परदेश मोरे लाल ।

माता कये बेटी रोजई आइयो,

बाबुल दोई जोर मोरे लाल ।

वीरन कहैं वैना अवसर आइयो,

भौजी कहें कौन काम मोरे लाल।

कौन के रोये सें नदियाँ भरत हैं,

कौन के रोये सागर ताल मोरे लाल ?

माता के रोये नदियाँ भरत हैं,

बाबुल के रोये सागर ताल मोरे लाल ।

कौन के रोये से छतियाँ फटत हैं,

कौन के जियरा कठोर मोरे लाल ?

वीरन के रोये छतियाँ फटत हैं,

भौजी के जियरा कठोर मोरे लाल ।''

सैरा गीत –

प्रश्न – सरग तरैयें रे कौवें गिनी, कौनें मूड़ के वार,

बंसा की पतियें रे, कौने गिनी, हिलोरों ताल ?

उत्तर – सरग तरैंया रे चंदा गिनी, करवई मूड़ के वार ।

बंसा की पतियां रे भौंरा गिनी, राजा राग हिलोरें दये ताल।

समाज सुधारक गीत –

''गाँजो पियो न प्रियतम प्यारे

जर जेंहे कमल तुम्हारे ।''

जारत काय विगारत सूरत

सूकत रकत न्यारे

जो तो आय शौक संतन को

हम तो गृहस्थी बारे

ईश्वर कात छोड़ दो ईखाँ

हो उम्मर के बारे ''

[41]. बुन्देलखण्ड, डॉ. रमेशचंद्र श्रीवास्तव, पृष्ठ–111

लोकगीत :– 'लोक' शब्द संस्कृत के 'लोकदर्शने' धातु में 'धज्' प्रत्यय लगाकर बना है, जिसका अर्थ है – देखने वाला। साधारण जनता के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में अनेक स्थानों पर हुआ है।

डॉ. वासुदेवशरण द्विवेदी ने 'लोक' शब्द का अर्थ जनपद या ग्राम से न लेकर नगरों व गाँवों में फैली उस समूची जनता से लिया है जो परिष्कृत, रूचिसंपन्न तथा सुसंस्कृत समझे जाने वाले लोगों की अपेक्षा अधिक सरल और अकृत्रिम जीवन की अभ्यस्त होती है।

डॉ. कुंजबिहारी दास ने लोकगीतों की परिभाषा देते हुए कहा है, ''लोकसंगीत उन लोगों के जीवन की अनायास प्रवाहात्मक अभिव्यक्ति है, जो सुसंस्कृत तथा सुसभ्य प्रभावों से बाहर कम या अधिक आदिम अवस्था में निवास करते हैं। यह साहित्य प्रायः मौखिक होता है और परम्परागत रूप से चला आ रहा है।''

लोकगीतों को मात्र ग्रामगीत रहकर उनकी व्यापकता को कम नहीं किया जा सकता। ये गीत अब गाँव की चारदीवारी को छोड़ नगरों और महानगरों की सीमा को छू रहे हैं। हिन्दी साहित्य कोश में 'लोकगीत' शब्द के तीन अर्थ किये गये हैं –

1. लोक में प्रचलित गीत,
2. लोक निर्मित गीत तथा
3. लोकविषयक गीत

किन्तु वास्तव में लोकगीत का तात्पर्य लोक में प्रचलित गीत ही हैं, जिसे दो अर्थ दिये जा सकते हैं– 1 अवसरविशेष के प्रचलित गीत तथा 2. परम्परागत गीत।

लोक द्वारा निर्मित होने पर भी लोकगीत को किसी व्यक्तिविशेष से जोड़ा नहीं जा सकता, क्योंकि रचनाकार को उस गीत में समस्त लोक के व्यक्तित्व को उभारना होता है। लोकसाहित्य वस्तुतः जनता का वह साहित्य है जो जनता द्वारा, जनता के लिये लिखा जाता है।

राल्फ वी. विलियम्स का कथन है कि ''लोकगीत न पुराना होता है न नया। वह तो जंगल के एक वृक्ष जैसा है, जिसकी जड़ें तो दूर जमीन में धँसी हुई हैं, परन्तु जिनमें निरन्तर नई–नई डालियाँ, पल्लव और फल लगते हैं।''

लोकगीत हमारे जीवन विकास की गाथा हैं उनमें जीवन के सुख–दुःख, मिलन–विरह, उतार–चढ़ाव, की भावनाएँ व्यक्त हुई हैं। सामाजिक रीति एवं कुरीतियों के भाव इन लोकगीतों में हैं। इनमें जीवन की सरल अनुभूतियों एवं भावों की गहराई है। श्री देवेन्द्र सत्यार्थी का कहना है कि लोकगीत का मूल जातीय संगीत में है।

लोकगीतों का विस्तार कहाँ तक है, इसे कोई नहीं बता सकता। किन्तु इनमें सदियों से चले आ रहे धार्मिक विश्वास एवं परम्पराएँ जीवित हैं। ये हृदय की गहराईयों से जन्मे हैं। श्रुतिपरम्परा से ये अपने विकास का मार्ग बनाते रहे हैं। अतः इनमें तर्क कम, भावना अधिक है। न इनमें छन्दशास्त्र की लौह श्रृंखला है, न अलंकारों की बोझिलता। इनमें तो लोकमानस का स्वच्छ और पावन गंगा–यमुना जैसा प्रवाह है। लोकगीतों का सबसे बड़ा गुण यह है कि इनमें सहज स्वाभिवकता एवं सरलता हैं। इनमें सुख–दुःख, प्रेम और करूणा के विविध रंग हैं। कहीं पुत्रजन्म के अवसर पर हर्ष–उल्लास के स्वर गूँजते हैं तो कहीं कन्या की विदाई या प्रियवियोग की बेला में करूणा के गीत मुखर होते हैं।

''लोकगीतों में भावों की अभिव्यक्ति स्वाभाविक और हृदय से निकली हुई लय के साथ होती है। हरे जंगलों में जैसे पंछी उन्मुक होकर गाते हैं, उसी प्रकार लोकगीत स्वाभाविक रीति से हृदय से फूटकर निकलते हैं। इनमें सरल काव्य होता है, भावों की खींचतान नहीं होती।''

डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी का कथन है, ''लोकगीत की एक–एक बहू के चित्रण पर रीतिकाल की सौ–सौ मुग्धाएँ और खण्डिताएँ न्योछावर की जा सकती हैं, क्योंकि ये निरलंकार होने पर भी प्राणमयी हैं और वे अलंकारों से विभूषित होने पर भी निष्प्राण हैं। ये अपने जीवन के लिये किसी शास्त्राविशेष की मुखापेक्षी नहीं हैं। ये अपने आप में परिपूर्ण हैं।''[42]

लोकगीतों में लोक का समस्त जीवन चित्रित है। शिशु के प्रथम क्रन्दन से लेकर जीवन की अन्तिम कड़ी तक के भावचित्र इनमें हैं। भाई से मिलने की

[42]. हिन्दी साहित्य की भूमिका, हजारी प्रसाद द्विवेदी

व्याकुल बहन की व्यथा–कथा, स्त्रियों का आभूषण–प्रेम, सास, ननद तथा सौत के अत्याचारों से पीड़ित स्त्री की मनोव्यथा, कृषक परिवार की विपन्नता, वीरों की शौर्यगाथा तथा मिलन–विरह के रंगारंग भाव इन गीतों में मिलते हैं। दूसरे शब्दों में, इन लोकगीतों में जीवन का शाश्वत सत्य झलकता है।

महादेवी वर्मा के शब्दों में, ''सुख–दुःख की भावावेशमयी अवस्था विशेष को गिने–चुने शब्दों में स्वरसाधना के उपयुक्त चित्रण कर देना ही गीत है और इस गीत में जब सहज चेतना जुड़ जाती है तो वह लोकगीत बन जाता है। लोकगीत गगनचुम्बी, हिम श्रेणियों के बीच में एक ऐसा सजल आलोकोज्जवल मेघखण्ड है, जो न तो इनके टूट–फूट कर गिरने वाले शिलाखण्डों से दबता है और इन श्रेणियों की सीमाओं में आबद्ध होकर ससीम बनता है, प्रत्युय उन चोटियों का श्रृंगार करता है और संगीतलहरी के प्रत्येक स्पन्दन–कम्पन के साथ उड़कर उस विशालता के कोने–कोने को मादकता का सागर प्रस्तुत करता है।''[43]

लोकगीत कवि के परोक्षानुभूतिपरक दृष्टिकोण से सहज रूप में उद्‌भुत संगीतात्मक शब्दयोजना को कहा जा सकता है। मानव–जाति की अनवरत साधना से संजात यह अपौरूषेय साहित्य अपने आपको प्राचीनतम् श्रुतिसाहित्य की भाषापरम्परा में यह सबसे प्रामाणिक भाष्य है।

लोक से तात्पर्य :– हिन्दी में 'लोक' शब्द अंग्रेजी के 'फोक' का पर्याय है। विभिन्न विद्वानों ने विभिन्न व्याख्या प्रस्तुत की है।[44] 'लोक' शब्द का अर्थ 'जनपद' का ग्राम्य नहीं है अपितु नगरों और गांवों में फैली हुई समूची जनता है जिसके व्यवहारिक ज्ञान का आधार पोथियां नहीं है। प्राचीनकाल में लोक शब्द का प्रयोग साधारण जनता के अर्थ में होता रहा है। वृहत हिन्दी कोष में लोक का अर्थ संसार, पृथ्वी, मानव जाति से है।

डॉक्टर वार्कर ने 'फोक' शब्द को इस भांति समझाया है कि फोक में किसी सभ्यता से दूर रहने वाली पूरी जाति का बोध होता है। किन्तु 'फोक' के साथ यदि 'लोर' शब्द भी जोड़ा जाये तो ''फोक–लोर'' के प्रसंग में फोक का अर्थ 'असंस्कृत लोग' हो जाता है। 'जन', ग्राम व लोक शब्द 'फोक' शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं किन्तु 'फोक' के लिये 'लोक' शब्द ही अधिक उपयुक्त तथा विद्वानों द्वारा स्वीकृत किया गया शब्द है। यद्यपि इस विषय पर अनेक मतभेद भी है। फोक का पर्याय 'ग्राम' मानने का आग्रह पं. रामनरेश त्रिपाठी का है। वे कहते है– ''मैने गीतों का नामकरण ग्रामगीत शब्द में किया है। क्योंकि गीत तो ग्रामों की सम्पत्ति है। शहरों में तो ये गये हैं, जन्मे नहीं..... इसमें मैं उचित समझता हूँ कि ग्रामों की यह यादगार ग्राम–गीत शब्द द्वारा स्थायी हो जाय।''[45] किन्तु यह कथन की संगतपूर्ण इसलिए नहीं है क्योंकि ''ग्राम'' में ''फोक'' की विशालता और गहराई नहीं है। 'ग्राम' शब्द सीमित है जबकि ''फोक'' की स्थिति का आभास नगर में भी सम्भव है। 'ग्राम–गीतों का समावेश लोक–गीतों के अन्तर्गत हो जाता है। क्योंकि 'ग्राम–गीत' एकमात्र 'ग्राम' की ही सम्पदा है। 'लोक–गीतों' में 'ग्राम–गीतों' के अन्तर्गत इसलिये समाविष्ट नहीं किया जा सकता क्योंकि 'लोक' शब्द की सीमा 'ग्राम' शब्द की सीमा की भांति संकुचित या बंधी हुई नहीं है। 'लोक' शब्द नगर, ग्राम, जंगल, मैदान अर्थात् समूचे 'लोक' की सम्पत्ति है इसीलिये उन्मुक्त विशाल और निर्बन्ध है।

कतिपय विद्वानों का आग्रह दूसरे भ्रामक शब्द 'जन' के लिये भी है। डॉ. मोतीचन्दजी ने 'लोक' शब्द के स्थान पर 'जन' शब्द को स्वीकृत किया है। 'जन' शब्द का वैज्ञानिक अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि 'जन' शब्द 'जनि' धातु से निकला है जिसका अर्थ 'उत्पन्न होना' है, किन्तु भाषा–विज्ञान के नियमानुसार आगे चलकर अर्थ संकोच होने से 'भक्त' के अर्थ में प्रतिपादित हो गया। यथार्थ में जन–साहित्य शिक्षित व्यक्ति की रचना होती है जिसे शिष्ट समाज का व्यक्ति लिखता है तथा वह साहित्य मुद्रित व प्रकाशित भी होता है। किन्तु 'लोक' में साहित्य रचनाकार का कोई व्यक्तित्व नहीं होता, अपितु लोक साहित्य का निर्माता व्यक्ति नहीं समूह होता है जिसकी रचना का तादात्म्य लोक–मानस से रहता है। ये रचनाएं लोक संगति के प्रभाव से स्वयंभू होती है।

डॉ. सत्येन्द्र 'फोक' अथवा 'लोक' की व्याख्या इस प्रकार करते हैं जो कि पूर्णतः वैज्ञानिक एवं उपयुक्त है – ''लोक, मनुष्य समाज का वह वर्ग है जो अभिजात्य–संस्कार, शास्त्रीयता और पांडित्य की चेतना

[43]. सांध्य गीत की भूमिका, महादेवी वर्मा
[44]. लोक साहित्य का अध्ययन, हजारी प्रसाद द्विवेदी,, पृष्ठ–65
[45]. जनपद अंक–1, रामनरेश त्रिपाठी,, पृष्ठ–11

अथवा अहंकार से शून्य है और जो एक परम्परा के प्रवाह में जीवित रहता है।''[46]

डॉ. नामवरसिंह ने जन–साहित्य और लोक–साहित्य की भेदकता स्पष्ट करने में पारखी का कार्य किया है। वे लिखते है– ''जन–साहित्य औद्योगिक क्रांति से उत्पन्न समाज–व्यवस्था की भूमिका में प्रवेश करने वाले सामान्य जन का साहित्य है। इसीलिये जन–साहित्य लोक–साहित्य में इसी से अर्थ भिन्न है कि लोक–साहित्य जहां जनता के लिये जनता ही द्वारा रचित साहित्य है, वहां जन–साहित्य जनता के लिये व्यक्ति द्वारा रचित साहित्य है।''[47]

निष्कर्ष :– ''बुन्देली लोक गीतों में व्यक्त लोक संस्कृति का अनुशीलन'' में प्रतिबिंबित ग्राम्य समाज तथा संस्कृति के मुख्य रूप से परिलक्षित किया है। बुन्देलखण्ड की सीमा विस्तार तथा यहाँ पर निवास करने वाले कवियों ने अपनी अलग पहचान बनायी है। यहाँ का ऐतिहासिक महत्व प्राचीन एवं सुसंस्कृत, प्राकृतिक वातावरण, विशाल पर्वत, मोक्षदायिनी एवं जीवन दायिनी नदियाँ, समुद्र के समान ताल तलैयाँ बुन्देलखण्ड की पहचान हैं। यहाँ का इतिहास जिसकी प्रशंसा करते हुए थकता नहीं है। बुन्देली के विस्तृत भूभाग के काव्य रूप में बुन्देली कवियों लोकगीतकारों ने इस प्रकार से चित्रित किया है –

''यमुना उत्तर और नर्मदा दक्षिण अंचल ।
पूर्व ओर है टोंस, पश्चिमांचल में चंबल ।''[48]

''यमुना चम्बल टौंस नर्मदा नदियों से घिरा हुआ ।
केन घसान वेतवा की निर्मल लहरों से मिला हुआ ।
तानसेन संगीत विद बैजू की मोहक तान लिये ।
झाँसी, गढ़कुण्डार गढ़कोट, दृढ़ दुर्गों की शान लिये ।
हीरा पन्ना नर रत्नों की खान, यही अद्‌भुत अखण्ड है।
बिन्ध्यांचल के प्रांगण में बसा हुआ बुन्देलखण्ड है ।
यही देवगढ़ खजुराहों की मूर्तिकला का वैभव है ।
वीरभूमि बुन्देलखण्ड सम्पूर्ण देश का गौरव है ।''[49]

बुन्देली का प्राकृतिक स्वरूप चार विशाल नदियों के मध्य है और इसका नितप्रति विकास हो रहा है। बुन्देली भाषा एवं साहित्य अब हिन्दी की किसी भी बोली के सामने मुकाबला करने में पीछे नहीं है। बुन्देली का नामकरण विभिन्न मत मतांतरों का अवलोकन करने के बाद हम कह सकते हैं कि बुन्देली वंशीय राजाओं के राज्याधिकार का भू–भाग बुन्देलखण्ड कहलाया तथा यहाँ की भाषा बुन्देली कहलाई।

अध्याय तीन में बुन्देली लोकगीतों के वर्गीकरण के आधार पर हमने उनमें निहित सांस्कृतिक तत्वों को खोजने की चेष्टा की है। सभी गीतों में संस्कृ ति उभरकर आती है। जन्मोत्सव धूम–धाम से मानते हैं। ईश्वर के प्रति कितनी श्रृद्धा है – ज्ञात होती है। विभिन्न, संस्कारों को पूर्ण कराने में तन, मन, धन से तल्लीन रहते हैं। इन गीतों में राम, कृष्ण, सीता, राधा आदि के चरित्र अंकित हैं। इन्हीं को आधार मानकर गीत गाये जाते हैं। इन गीतों में रसानुभूति होती है। इन लोकगीतों में 'बरूआ' का अधिक महत्व है। विवाह संस्कार पूर्ण करने में कोई कमी शेष नहीं रह पाती। बुन्देलखण्ड में दहेज प्रथा प्रचलित है। यहाँ तक देखने में आता है कि दहेज में कमी के कारण बारात लौट जाती है। यद्यपि घर का प्रमुख अपने तक कोई कमी नहीं रखता किन्तु वर पक्ष के लिये कमियाँ ही दिखाई देती हैं। विवाह सरलता एवं सानंदपूर्ण निपट जाना सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

ऋतु गीतों में उल्लास झलकता है। एक तो ऋतुएँ सुहानी होती हैं, दूसरे सामयिक गीत इन्हें और सुहावने बनाते हैं। ऋतु गीतों से ऋतुओं का भली भाँति ज्ञान होता है। इनमें मनाये जाने वाले प्रसंगों की चर्चा मिलती है। विधि विधान का सम्पूर्ण योग होता है। नीति एवं आदर्श भावनाएँ बुन्देली ऋतु गीतों में प्राप्त है। कार्तिक स्नान–गीत पुरूषोत्तम माह के महत्व को प्रकट करते हैं। लौकिक एवं अलौकिक प्रेम की अभिव्यक्ति होती है। व्रत, उपवास, तीज–त्यौहार एवं देवी देवताओं से सम्बन्धित गीत उनकी महत्ता प्रतिपादित करते हैं। दार्शनिक और नैतिक दोनों पक्ष उभर कर आते हैं। ईश्वर के प्रति प्रेम भावना, धर्म के प्रति धार्मिक भावना इन गीतों में प्रमुख रूप से प्राप्त है।

जाति गीत किसी विशेष वर्ग के प्रति होते हैं। जाति विशेष के रहन–सहन और आचार–विचार का आभास मिलता है। इन लोकगीतों में श्रृंगार भावना प्रधान है। ये लोग नख–शिख वर्णन करने में चतुर हैं।

---

[46]. लोक साहित्य का विज्ञान, डॉ. सत्येन्द्र, पृष्ठ–3
[47]. जनपद त्रैमासिक, खण्ड एक अंक 2, डॉ. नामवर सिंह का लेख, पृष्ठ–63–64
1. बुन्देली हिन्दी उद्‌भव विकास ओर रूप, डॉ. हरदेव बाहरी पृष्ठ –82
2. बुन्देलखण्ड साहित्यिक ऐतिहासिक सांस्कृतिक वैभव, डॉ. रमेशचंद श्रीवास्तव पृष्ठ –07

जातीय व्यवसाय का चित्रण भी इन गीतों में मिलता है। तद्युगीन सामंतीय प्रभाव इन गीतों में दिखाई देता है। क्रियागीत कार्य विशेष से सम्बन्धित होते हैं। खेतों में कार्य करते हुए मजदूर इन गीतों को अपने मनोरंजन का साधन बनाते हैं। गीत गाते हुए कार्य करने से श्रम का आभास कम हो जाता है। मन इन गीतों की उमंग में बह जाता है जिससे कार्य साधारण तौर से कहीं अधिक होता है।

अध्याय चार में बुन्देली लोकगीतों के माध्यम से हमने लोक विश्वास, रूढ़ियों धार्मिक मान्यताओं का यथेष्ठ विवरण प्रस्तुत किया है। सच है कि बुन्देलखण्ड का वासी इन सबसे ग्रसित है। उसकी रग–रग में इन मान्यताओं पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बुन्देलखण्ड में गाँवों की भरमार है, जिसके कारण ही ग्रामीण प्रवृत्तियाँ दृष्टिगोचर होती हैं। इस वैज्ञानिक युग में इनका निराकरण अवश्य प्रतीत होता है। समय के अनुसार ये भी धीरे–धीरे अपने आपको बदलने की चेष्टा में प्रयत्नशील है। इसके सम्बन्ध में श्री राहुल सांस्कृत्यायन ने लिखा है– ''जिस जाति की सभ्यता जितनी पुरानी होती है। उसकी मानसिक दासता के बंधन भी उतने ही अधिक होते है। भारत की सभ्यता पुरानी है, इसमें तो शक ही नहीं है और इसलिए आगे बढ़ने के इसके रास्ते में रूकावटें भी अधिक हैं। मानसिक दासता प्रगति में सबसे अधिक बाधक होती है। हमारे कष्ट, हमारी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक समस्यायें इतनी अधिक हैं और जटिल हैं कि हम तब तक उनका हल सोच नही सकते जब तक कि हम स्वतंत्रापूर्वक इन पर सोचने का प्रयत्न न करें।

उपर्युक्त कथन से भारत की स्थिति का अनुमान होता है। पूरे भारत में ऐसी ही धारणाएँ व्याप्त थी। जो पूर्वज करते थे, उसी के बगैर सोचे समझे क्रियान्वित करते है। पूरे बुन्देलखण्ड में बाढ़ सी आई है। इसका मुख्य कारण शिक्षा की कमी कहा जा सकता है। शिक्षित लोग इससे नाता तोड़ते दिखाई देते हैं। पुराने लकीर के फकीर बने रहना इस युग में उचित नहीं है। बुन्देली लोकगीतों का सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक स्थितियों पर भी प्रकाश अंकित है। इन सबका विवरण लोकगीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया है।

इसी प्रकार अध्याय पाँच में समकालीन समाज एवं लोकगीतों की तुलना में मैने दो क्षेत्र छत्तीसगढ़ी एवं बुन्देलखण्डी लोकगीतों का अध्ययन किया। जिसमें मैने दोनों क्षेत्रों के समकालीन गीतों को चुनकर उनका तुलनात्मक अध्ययन किया ताकि हम अलग–अलग क्षेत्रों में रहकर भी यह जान सकें कि एक ही भावधारा के गीत अनेक रंगों को भरते हैं। समकालीन गीतों की तुलना में पाया कि कहीं–कहीं करूणा की धाराओं ने आँखों को गीला कर दिया है। उदाहरण के लिए – ससुराल की व्यथा में एक बहिन अपने भाई से बखान कर देती है। कहीं परिवार के सम्बन्धों की कड़ुवाहट तथा स्नेहिल भावनाओं की विस्मृतता दिखाई देती है। खेलों में नदी, पहाड़, लुका लुकौवा उड़ गये तीतर मोर में गाँवों की वास्तविकता संस्कारिता को दर्शाते हैं। नृत्यों में छत्तीसगढ़ का नाचा एवं बुन्देली का राई नृत्य ग्रामीण जन का मनोरंजन ही नहीं वरन् समाज की वास्तविकता को दर्शाते हैं।

अंततः दोनों क्षेत्रों के गीतों में भावनाओं की यह गंगा समस्त लोक मानस में समान रूप से प्रवाहमान है। दोनों क्षेत्रों में ज्यादातर साम्यता ही प्रतीत होती है। अध्याय छह में सांस्कृतिक ढांचे को समझने के उपरांत ही हमने उनका विस्तृत योगदान दिखाया है। सभी तत्वों के महत्वों को प्रस्तुत किया है। संस्कृति के निर्माणक तत्वों में जीवन–चर्या, आचार–विचार, रहन–सहन, संस्कार प्रमुख हैं। वैदिक काल से लेकर आधुनिक काल तक ही समस्त प्रवृत्तियाँ यहाँ की संस्कृति में समाहित हैं। सांस्कृतिक तत्वों का मिश्रण बुन्देली लोकगीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। बुन्देली लोकगीतों ने संस्कृति का कोई भी पक्ष अछूता नहीं छोड़ा है। बड़ी सूक्ष्मता से इसका वर्णन मिलता है। गीत पढ़ने या सुनने में संस्कृतिक के प्रत्यक्ष दर्शन हो जाते हैं। समस्त भारत की संस्कृति को विभिन्न लोकगीतों ने अपनाया है। इसमें थोड़ा बहुत अंतर दिखाई देता है क्योंकि मूल में भारतीय संस्कृति ही विद्यमान है।

अध्याय सात में हमने पारिवारिक जीवन की एक झाँकी लोकगीतों के माध्यम से व्यक्त की है। परिवार का गठन एवं एक दूसरे के सम्बन्धों का विवेचन भी पर्याप्त मात्रा में किया है। हमारा मुख्य लक्ष्य बुन्देली प्रदेश की ओर रहा है। यहाँ कि संस्कृति को अपने इस अध्याय में दर्शाने की चेष्टा की गई है। तदोपरांत हिन्दू संस्कृति के अनुसार मान्य षोडस (सोलह) संस्कारों की चर्चा की है। इनमें से प्रमुख संस्कारों को लेखनी का विषय बनाया है। इनमें कितनी सरलता एवं मधुरता है यह पढ़ने पर ही ज्ञात हो सकेगा। जैसे –

''जे के पांव न फटी विमाई, वो का जाने पीर पराई''

अतः स्वयं अनुभव किया है। बुन्देली जन धार्मिक प्रवत्ति के अधिक दिखाई पड़ते है। इसलिए वे देवी–देवताओं को अधिक मानते हैं। अतः उनके कृ पाकांक्षी बनने के लिए सदैव आगे रहते हैं। प्रत्येक कार्य के पूर्व उनका स्मरण और स्तुति विधि विधान से करते हैं। यही कारण है कि बुन्देलखण्ड में देवी–देवता बहुतायत में मिलते हैं। बुन्देलखण्ड में मेले, उत्सव एवं त्यौहार असंख्य हैं। प्रमुख उत्सवों, त्यौहारों का वर्णन मैंने किया है। अन्य तो अनगिनत हैं। प्रत्येक माह में 3–4 उत्सव मनाये जाते हैं। सभी विषयों से सम्बन्धित हुआ करते हैं। वर्ष भर अपना मनोरंजन करते रहते हैं। ये हमारी दिनचर्या को बदलने में सहायकत होते हैं।

अंततः देखा गया है कि लोकगीतों का मुख्य स्थान ग्राम तक ही सीमित हैं। शहरों से उसका सम्बन्ध है जरूर, किन्तु उतना सरस व सटीक नहीं है। ग्रामों के लोकगीतों में जो रोचकता, सरसता रहती है वह शहरी लोकगीतों में नहीं मिलती। यही कारण है कि उत्सव, त्यौहार और पर्व गांवों में अधिक होते हैं। इसका एक कारण यह भी है कि शहरी जीवन बहुत व्यस्त रहता है। लोगों को रोजमर्रा के कार्यों से फुरसत मिलने के बाद इन उत्सवों को मनाने में समय देते हैं। गांवों में लोग उत्सवों में आनंद विभोर होते हैं और अपनी थकान मिटाते हैं।

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

ISOLATION AND CHARACTERIZATION OF SLOW GROWING MUTANTS OF *NEUROSPORA CRASSA*

Paridhi Singh Kanojia[1], Vyas Harish[2] and Vyas Alka[1]
1. S. S. in Microbiology,Vikram University, Ujjain (M.P.) 456 010, INDIA
2. Govt. Kalidas Girls College, Ujjain (M.P.) 456010, INDIA

ABSTRACT : In this study we have mutagenised macroconidia of *Neurospora crassa* using chemical mutagen (EMS) and generated many mutants which have retarded growth rates. These mutants have been examined under microscope and specific defects in their hyphal morphogenesis and branching have been characterized. The genetic characterization of these mutants may reveal new genes which control branching and hyphal growth in fungi, so they may be useful in understanding fungal growth and morphogenesis.

Key Words : Fungi, *Neurospora*, mutants, EMS, growth rates.

INTRODUCTION : *Neurospora,* a heterothallic filamentous fungus has been used extensively in biochemical and genetic work. It has been used as a model system for studying various aspects of cell growth and development, gene silencing, understanding circadian clock and stress responses in eukaryotic cells (Ghosh *et al.,* 2014). *Neurospora* grows in a polarized manner and its growth rate is about 4 mm/h and genome size is 43 MB revealing about 10,000 genes (Honda and Selker, 2009, Riquelme *et al.,* 2011 and Shanker *et al.,* 2007).

Neurospora is being widely used for understanding various aspects of growth and morphogenesis of filamentous fungi. Studies have shown that septins are involved in maintaining cell polarity, tip growth, septation and conidiation (Berepiki and Read, 2013). Kinesin-3 actively plays an important role in anterograde motility of early endosomes and dynein is involved in retrograde motility (Schuster *et al.,* 2011). Calcineurin has a significant role in normal growth, asexual development and sexual fertility (Tamuli *et al.,* 2016). Berepiki *et al.,* (2010) have described the role of F-actin in cell polarity, exocytosis, endocytosis and organelle movement. Microtubules (MT's) in *N. crassa*, are arranged longitudinally along the hypha and moves as the hypha extends. They have been shown to play an important role in cell shape maintenance, division, migration and intracellular transport (Mourino-Perez, 2013). Still, there are many aspects of fungal growth which are not clearly understood, important being tip extension, polarity and branching (Riquelme *et al.,* 2011). We have morphologically characterized new mutants of *N. crassa* which show retarded growth. Further genetic and biochemical studies of these mutants may help in identifying key molecules involved in growth and morphogenesis of fungi and help in understanding unexplained aspects of fungal growth.

AIMS AND OBJECTIVES :

The objective of the study was to isolate and characterize the mutants of *Neurospora crassa* having retarded growth.

MATERIALS AND METHODS

Fungal strains

Neurospora cultures (FGSC #2489; mat A and FGSC #4200; mat a) used in study was obtained from Fungal Genetics Stock Center, Kansas City, USA. The cultures were grown in Vogel's minimal medium at 34±2 ºC (Mukati *et al.,* 2015).

Isolation and characterization of mutants

A week old macroconidia of *N. crassa* (FGSC #2489; mat A) were mutagenised using EMS following the method described by Mukati *et al.,* 2015. The mutagenised macroconidia were plated on 1% sorbose containing minimal agar media and well spaced individual colonies were isolated. These cultures were purified by subculturing. The growth rate of cultures were determined using race tubes and detailed hyphal morphologies were studied under microscope and mutants showing specific defects were identified.

Inheritance of defects

The mutant cultures were crossed with wild-type strain (FGSC #4200). After one month of crossing 30 random ascospores were picked and heat shocked to obtain progeny cultures. The cultures were analyzed for morphological defects as already described.

RESULTS AND DISCUSSION :

Ninety different cultures were isolated by mutagenesis of macroconidia. The cultures were grown in race tubes (Fig. 1) and five mutant cultures having reduced growth rates were isolated. Table 1 and Fig. 2 show the growth rates of mutants and wild-type cultures.

Fig. 1 : *Neurospora* culture growing in race tube.

Table 1. Growth rates of wild-type (FGSC #2489) and mutant cultures of *Neurospora crassa*

S. No.	Culture No.	Extension growth (cm/h)	Reduction in growth
1	FGSC #2489 (Wild-type)	4.3 ± 0.13	-
2	VU13-12 (Mutant)	1.3 ± 0.05	3.3 fold
3	VU13-20 (Mutant)	2.1± 0.11	2.0 fold
4	VU13-36 (Mutant)	3.0 ± 0.07	1.4 fold
5	VU13-38 (Mutant)	2.3 ± 0.10	1.8 fold
6	VU13-46 (Mutant)	2.3 ± 0.05	1.8 fold



Fig. 2 : Extension growth of wild-type *N. crassa* (FGSC #2489) and mutant cultures (VU13-12, VU13-20,VU13-36, VU13-38 and VU13-46) at 34±2 ºC.

It can be seen (Table 1 and Fig. 2) that all the five cultures have retarded growth rates in comparison to wild-type culture. The growth rates of mutant cultures are 3.3 to 1.4 fold less than the wild-type culture. This indicates that there must be some defect in the cultures which does not allow these results are shown in Fig. 3.

cultures to grow with optimum growth rate. In order to find out these defects, the cultures were grown on Vogel's minimal agar medium and the hyphal characteristics were observed under microscope. The



Fig. 3 : Microscopic photographs of (A) wild-type (FGSC #2489), (B) Mutant (VU13-12), (C) Mutant (VU13-20), (D) Mutant (VU13-36), (E) Mutant (VU13-38) and (F) Mutant (VU13-46).

It can be seen (Fig. 3) that in mutant culture VU13-12 distance between the branches is long and branch tips are swollen. The mutant culture VU13-20 has wavy growth of hyphae and has broom like appearance at the hyphal front due to dichotomous branching. There is a visible gap between the two branches. This mutant has defect in branching as well as in hyphal movement. Further genetic characterization of this culture may help in understanding hyphal growth and branching. The mutant culture VU13-36 shows straight hyphal growth but branches in hypha

occurs distantly and the sub branches are very long which do not branch further for long time. Thus it has some defect in branching. Wavy growth and multiple branching is the characteristic feature of mutant culture VU13-38. Mutant culture VU13-46 show slight wavy growth pattern and dichotomous branching occurs at many places at hyphal tip because of which it gives broom like appearance. It differs from VU13-20 in having the close distance between the branches. The cultures were crossed with the wild-type tester strain and 20 random progeny from each cross was analyzed (Table 2).

Table 2. Progeny analysis of mutant cultures.

S. No.	Cross No.	Parents	Results
1	PS-14	VU13-12 (♀) X FGSC #4200 (♂)	The mutant defects were inherited in many progeny
2	PS-6	VU13-20 (♀) X FGSC #4200 (♂)	The mutant defects were inherited in some progeny
3	PS-25	VU13-36 (♀) X FGSC #4200 (♂)	The mutant defects were inherited in some progeny
4	PS-21	VU13-38 (♀) X FGSC #4200 (♂)	The mutant defects were inherited in some progeny
5	PS-37	VU13-46 (♀) X FGSC #4200 (♂)	The mutant defects were inherited in many progeny

The results (Table 2) show that the morphological defect were inherited in the next progeny. It is not clear whether the defects are due to nuclear or cytoplasmic gene and further studies are required to clarify this. Thus these mutants can be used for further biochemical studies to identify the molecular component responsible for the defect. This molecular component could be used for targeting drugs for reducing fungal growth.

CONCLUSION : In this study we have isolated five mutants of *Neurospora crassa* (VU13-12, VU13-20, VU13-36, VU13-38 and VU13-46) which have defects in hyphal growth and branching. The defects in these mutants are heritable. These mutants may be very useful for understanding mechanisms of fungal growth.

ACKNOWLEDGEMENT : We are thankful to UGC-CRO Bhopal (Project- F. No.: MS-31/107024/XII/14-15/CRO) and MPCST, Bhopal (Project- No. 3586/CST/R&D/Bio. Proj. S/2012) for financial assistance.
We also thank Fungal Genetics Stock Center FGSC; Department of Microbiology, University of Kansas Medical Center) for providing *Neurospora* cultures.

REFERENCES :

1. Schuster M., Kilaru S., Fink G., Collemare J., Roger Y. and Steinberg G., Kinesin-3 dynein cooperate in long range retrograde endosome motility along a nonuniform microtubule array, *MBoC*, **22**, 3645-3657, **(2011)**.
2. Ghosh A., Servin J.A., Park G. and Borkovich K.A., Global Analysis of Serine/ Threonine and Tyrosine Protein

Phosphatase Catalytic Subunit Genes in Neurospora crassa Reveals interplay Between Phosphatases and the p38 Mitogen Activated Protein Kinase, *G3 : Gene, Genomes, Genetics,* **4**, 349-365, **(2014)**. doi: 10.1534/g3.113.00813.

3. Riquelme M., Yarden O., Bartnicki-Garcia S., Bowman B., Castro-Longoria E., Free S.J., Fleiβner A., Freitag M., Lew R.R., Mourino-Perez R., Plamann M., Rasmussen C., Richthammer C., Roberson R.W., Sanchez-Leon E., Seiler S. and Watters M.K., Architecture and development of the Neurospora crassa hypha- a model cell for polarized growth, *Fungal Biology*, **115**, 446-474, **(2011)**.
4. Shanker A., Singh A. and Sharma V., In silico mining in expressed sequences of *Neurospora crassa* for identification and abundance of microsatellites, *Microbiological Research*, **162**, 250-256, **(2007)**.
5. Berepiki A. and Read N.D., Septins are important for Cell Polarity, Septation and Asexual Spore Formation in *Neurospora crassa* and Show Different Patterns of Localization at Germ Tube Tips, *PLoS ONE*, **8**(5), 1-21, **(2013)**. doi: 10. 1371/journal.pone.0063843.
6. Tamuli R., Deka R. and Borkovich K.A., Calcineurin Subunits A and B Interact to Regulate Growth and Asexual and Sexual Development in Neurospora crassa, *PLoS ONE*, **11**(3), 1-17, **(2016)**. doi: 10.1371/journal.pone.0151867.
7. Berepiki A., Lichius A., Shoji J., Tilsner J. and Read N.D., F-Actin Dynamics in *Neurospora crassa*, *Eukaryotic cell*, **9**(4), 547-557, **(2010)**.
8. Mukati A., Vyas A. and Vyas H., A new mutant of *Neurospora crassa* (VU-82) having defects in branching and tip growth, *J. Environ Res. Develop.,* **10**(1), 28-34, **(2015)**.
9. Mourino-Perez R.R., Linacre-Rojas L.P., Roman-Gavilanes A.L., Lew T.K., Callejas-Negrete O.A., Roberson R.W. and Freitag M., MTB-3, a Microtubule Plus-End Tracking Protein (+TIP) of *Neurospora crassa*, *PLoS ONE*, **8**(8), 1-9, **(2013)**. doi: 10.1371/journal.pone.0070655.
10. Honda S. and Selker E.U., Tools for Fungal Proteomics: Multifunctional Neurospora vectors for gene Replacement Protein Expression and Protein Purification, *Genetics*, **182**,11-23, **(2009)**.
11. Mukati A., Vyas A. and Vyas H., A study of natural population of *Neurospora* and isolation of novel morphological mutants, *J. Environ. Res. Develop*., **7**(2A), 923-935, **(2012).**

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

''ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी का विशलेषण''

डॉ. नीता ठाकुर
सहायक प्राध्यापक
नचिकेता इंस्ट्रीट्यूट एंड मैनेंजमेट, जबलपुर

पुरूष और स्त्री : समाज निर्माण के दो परस्पर पूरक तत्व है। पर समाज–संचालन में एक सक्रियता और दूसरे की वाध्यता है । यह बाध्यता जीवन के सतत प्रवाह में गतिरोध पैदा न क रें तो भी उसे कुंठित अवश्य करती है । इसलिए विभिन्न युगो में भारतीय स्त्री की स्थति क्या रही है, भानवीय विकास में इसका योगदान कितना और कैसा रहा है । यहां आकर यह संतुलन बिगडा इस असंतुलन ने समाज को, पुरूष को व स्वयं नारी को कितनी क्षति पहुंचाई इस अध्ययन सदियो से से विद्वानो की रूचि का विषय रहा है । ***एवलिन सुलेराट*** ने लिखा है कि ''किसी समाज में स्त्रियो की दशा एक ठोस समाजिक संरचना की ओर संकेत करता है । जिससे अनेक इकाइयाँ एक दूसरे से संबंधित होती है । जैसे एक आदर्श परिवार समाज की भूमिका आर्थिक भूमिकाएँ कार्यक्षेत्र समाज में उनके लिए निषेधो का क्षेत्र यह सब कारक समाज में स्त्रियो को गतिशीलता देते है ।'' मध्यकाल से 19 वी शताब्दी तक स्वयं स्त्री इस स्थिति से बेखवर थी ।

लेकिन नवजागरण काल और स्वातंत्र–संघर्ष के बाद स्वत्रंत भारत के संविधान द्वारा प्राप्त नई स्थिति इस यात्रा को जैसे वर्षों से दिनों में बदल दिया। तीव्र गति से बदलाव के इस अंतरिम काल में आज जबकि वर्तमान ही स्पष्ट नहीं है। भविष्य की कोई निश्चित कल्पना करना आसान नहीं है । पर विभिन्न युगो में स्त्री की स्थिति का संक्षिप्त अध्ययन से एक निष्कर्ष तो निकाल ही सकते है कि महिलाओं की भागीदारी समाज के विकास में कितना योगदान रहा है। महिलाओं की विभिन्न कालो की स्थिति निम्नानुसार है

प्रागैतिहासिक युग –

इस युग में नारी की स्थिति पुरूष के बराबर ही नहीं उससे श्रेष्ठ थी क्योंकि परिवार मातृसतात्मक थे । आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक जीवन में नारी के विशेष अधिकार प्राप्त थे । उस काल की मूर्तियों में देवत्व पर स्त्री को सुशोमित होने के प्रमाण मिलते है तत्कालीन संस्कृति के निर्माण उनका प्रमुख हाथ रहा है । ऐसा कला–शिल्प के प्राप्त नमूनो और घरो के उन्नत सुसंस्कृत स्तर के अवशेषो से पता चलता है ।

वैदिग युग –

आर्यो की सभ्यता संस्कृति के प्रसार में भी महिलाओं का योगदान कम नहीं रहा । आर्यो के सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद जो कि भारतीयो की बुनियादी प्रेरणा माना जाता है, ये ऐसे उल्लेख मिलते है जिनसे तत्कालीन समाज में स्त्रियो की उन्नत स्थिति का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है उस समय की सर्वोच्च शिक्षा (बह्म ज्ञान) प्राप्त करने पर स्त्रियों पर कोई प्रतिबन्ध नहीं था । वेद और शास्त्रो में पारंगत होने के अतिरिक्त वेदऋचाओं की भी रचना करती थी।

स्त्रियां वैदिक शिक्षा के साथ–साथ यज्ञ आदि का संपादन भी करती थीं । उनका भी पुरूष के समान 'उपनयन संस्कार' होता था। वेदो में अनेक जगह लोपामुद्रा, रीमसा, घोषा, सूर्या अपाला, विलोमी, सावित्री यमी, विश्वभरा, श्रदा कामायनी देवयानी आदि नाम मिलते है, जिन्हे विद्धता के आधार पर ऋषिका और ब्राह्मणी कहा गया है। सामाजिक और धार्मिक समाजो में स्त्रियों को अधिकार प्राप्त थे ।

उत्तर वैदिक काल –

उपनिषदों ने भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाया। **श्री अत्तेकर** के अनुसार इस काल में भी ऊँची जाति में पुरूषो के समान ही स्त्रियो का उपनयन संस्कार किया जाता था तथा उन्हे आध्यामिक ज्ञान और दर्शन शास्त्र की शिक्षा देना अनिवार्य था । धार्मिक कार्य करने योग्य केवल शिक्षित स्त्रियाँ ही मानी जाती थी । स्त्री–धन का प्राय अभाव था। तत्कालीन दार्शनिक समाओ में महिलाओं की भी सफल भागीदारी रहती थी। ऊँचे स्तर की इन चर्चाओं में उद्दालिका आर्तभागा, विदग्धा, अश्वला, गार्गी, मैत्रेयी आदि विदुषियो के भाग दे लेने का अर्थ है कि उपनिषद काल में भी महिलाएँ उच्च शिक्षा से विभूषित थीं ।

इस काल में पुरूष राज्यो को जीतने और उन्हे एक सूत्र में बॉधने में लगे हुए थे तो स्त्रीयों खेती का काम देखने, कपड़े बुनने, तीर कमान बनाने आदि कामों के साथ गृहस्थी की देखमाल में समय बिताती थी ।

यद्यषि वर्ण व्यवस्था के नियमों में कडाई आने के साथ ही स्त्रियों के पद में ह्रास होने लगा था। बाद में बहुपत्नी प्रथा और 'अनुलोम' विवाह प्रथा के कारण स्त्री का दर्जा हीन हो गया । आर्यो के दक्षिण विजय के साथ ही में प्रथाएँ प्रचलित हो गयी थी। यहीं से यानि उत्तर वैदिक काल से ही भारतीय नारी की स्थिति में गिरावट का प्रारंभ माना जाने लगा।

महाकाव्य काल –

रामायण और महाभारत काल में भी स्त्री का वर्णन विदुषी के रू‍ में कम और तप त्याग नम्रता पति सेवा आदि गुणों में विभूषित गृहस्वामिनी के रूप अधिक मिलता है । रामायण में भी कैकैयी अनसुइया आदि नारियों को विदूषी के रूप में चित्रित किया है। इसी प्रकार महाभारत में भी कहीं कही नारी के स्वत्रंत विकास के उदाहरण मिलते है। किंतु उत्तर वैदिक काल व उसके बाद रामायण महाभारत काल में नारी के अधिकार पहरे जैसे नहीं रहे। धीरे–धीरे नैतिकता के मापदंड बदलने लगे। पतिव्रत धर्म ही स्त्री मात्र के लिए सर्वोच्च धर्म और स्वर्ग प्रारित का साघन जाने लगा। इसी का परिणाम कालांतर में सती प्रथा के रूप में सामने आया।

लगभग 300 ई.पू. तक स्त्रियो का पति की संपत्ति पर भी कोई अधिकार नहीं रह गया । इसी काल में प्रसिद्ध समाजसुधारक मनु ने स्त्रियों के लिए नियम बनाया कि वे बचपन में मां–बाप, युवावस्था में पति और वृद्धावस्था में पुत्र के आश्रय में रहकर सुरक्षित जीवन विताऐं । इन्ही नियमो के अधीन विवश स्त्रियों में अपना भला–बुरा समझने की शक्ति समाप्त हो गई।

मध्य युग –

मध्य युग में विशेष रूप से भारत पर मुसलमानो के आत्रमणो और मुगलो के राज्य–स्थापन के बाद भारत में स्त्रियो की स्थति में और गिरावट आई। मुस्लिम आत्रमणो के के कारण लडकियों के अपहरण की घटनाएँ बढ़ी तो हिंदुओ में छोटी–छोटी बच्चियो का विवाह किया जाने लगा और बाल विवाह एवं पर्दा–प्रथा प्रारंभ हो गई ।

भारत में बिट्रिश राज्य के प्रभाव से तथा शिक्षा का माध्यम विदेशी भाषा कर दिये जाने से भारतीय जीवन पद्धति और राष्ट्रीय चरित्र में नए परिवर्तन प्रारंभ हो गये। कुटीर उघोग नष्ट हो गये। सयुक्त परिवार बिखरने लगे। ग्रामीणो के बीच गरीबी और अज्ञानता का राज्य आ गया । भारतीय समाज एक नए प्रकार के शेषण का शिकार हो गया। पहले से ही शोषित नारी पर इसका दुष्प्रभाव पडा। वह और अधिक पददलित और पीड़ित हुई।

इन्ही सब कारणो से देश की आधी जनसंख्या पिछडे वर्ग में शुमार हो गयी। समाज सुधारकों का ध्यान पिछडे वर्गो के साथ ही नारी को ओर भी केंद्रित हुआ।

नारी जागरण और नारी प्रगति –

बीसवी सदीं के प्रथम 45–50 वर्षो को जागरण कहा जा सकता है और स्वत्रंता के पश्चात का युग जो प्रारंभ हुआ वह नारी प्रगति का था। पहली अवधि में नारी ने अपनी सामाजिक अधीनता और राजनीतिक पराधीनता की वेडिया काटे फेकने के लिए संघर्ष किया और अपने लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया। दूसरी अवधी में उस लक्ष्य को पाने के लिए उस मार्ग पर चलना प्रारंभ किया । और उसके परिणाम जल्दी ही सामने आने लगे और स्त्री फिर सभंलने लगी । अपनी क्षमताओ के साथ वह अपनी सीमाओं को भी पहचानने लगी ।

कुल मिलाकर बहुत संक्षेप में भारतीय नारी भी अनेक उतार चढ़ावो से भरी प्रगति की यात्रा है। इसी यात्रा में मिली सफलताओं और उपलब्धियों की झलक हमारे शोध का विषय है । जो ग्रामीण महिलाओं को लेकर किया गया जिसमे ग्रामीण महिलाओ की सामाजिक, आर्थिक राजनैतिक स्थिति का विश्लेषण किया गया है ।

महिलाओ की भागीदारी

महिलाओ की भागीदारी आत्मविश्वास और स्वाभिमान पर आधारित है । समाज में सम्मान जनक स्थान एवं पुरूष और महिलाओं की स्थिति में अंतर यू तो समुचे समाज में मौजूद है । किन्तु ग्रामीण समाज में उनकी हालत विशेष रूप से काफी सोचनीय है । जहाँ शहरो में शिक्षा, समाज सुधारो की वजह से महिलाओ को स्वत्रंता समानता के अधिकार मिले है वही गाँवो में महिलाएँ परिवार और समाज के शोषण का शिकार होती है ।

सामाजिक भागीदारी का विशेलेषण –

भारत वर्ष में ग्रामीण स्त्रियो की सामाजिक स्थिति एवं भूमिकाओ पर अनेक अध्ययन किये गये। भारत का ग्रामीण समाज बाहा कारको से प्रभावित हो रहा है और नारी जगत भी प्रभावित हो रहा हैं। भारत में पुरूषो की अपेक्षा स्त्रियो की स्थिति एवं भूमिकाओं का क्षेत्र उतना उत्साहवर्घक नहीं है जितना होना चाहिए।

यह बात सच है स्त्री स्त्रियों की भूमिका समाज में बहुत महत्वपूर्ण है । बच्चों का भविष्य माताओं के हाथो से बनता है । स्त्रियों की भूमिका परिवार और घर के कार्यो में महत्वपूर्ण है । वस्तु उन्हे सामाजिक आर्थिक, राजनैतिक क्षेत्रों में अधिकार नहीं मिले है जो उनको मिलना चाहिए । अभी तक भारतीय समाज पुरूष प्रधान समाज रहा और महिलाओं का शोषण होता रहा है। भोजन बनाना प्रतिदिन की आवश्यक वस्तुओं की खरीददारी करना बच्चों की देखभाल करना यह सवस्त्रियों के कार्य क्षेत्र है । वस्तु ग्रामीण क्षेत्रों में इन कार्यों को कोई महत्व नही दिया जाता है क्योंकि पुरूष यह सोचता है कि यह सब कार्य महिलाओं के लिए उपयुक्त नहीं है। महिलाओं के कार्यो का कम मूल्यांकन करने के निम्न सामाजिक कारक है–

1. विवाह व्यवस्था सम्बन्धी नियमो में समानता नहीं है । विवाह और विवाह–विच्छेद सम्बन्धी नियम प्राय महिलाओ के हितों में नहीं है ।
2. विवाह के बाद दहेज जैसी प्रथा महिलाओ की सामाजिक स्थिति को दर्शाती है ।
3. वेश्यावृति पुरूषों द्वारा महिलाओं के शोषण का संस्थागत माध्यम है ।
4. पुरूषों की तरह महिलाओं को सार्वजनिक स्थानो पर गतिशीलता भी स्वत्रता न होकर उसमें नियंत्रण पाया जाता है । जिससे महिलाओं में आत्म विश्वास नहीं आता है । जो व्यक्तिव के विकास में बाधक है ।

उपर्युक्त तथ्यो के अतिरिक्त सामाजिक भागीदारी के सन्दर्भ में ग्रामीण महिलाओं की परम्परागत और आधुनिक दृष्टिकोणों के आधार पर अध्ययन किया जाता है । परम्परागत रूप से महिलाओं को पुरूषों के अधीन माना जाता है और महिलाओं का स्थान घर के भीतर सीमित है उनका सामाजिक भागीदारी का कोई मूल्य नही है । एक आधुनिक भारतीय महिला का तात्पर्य शिक्षित होना रोजगार मुक्त होना स्वत्रंता होना स्वयं में सोचते समझने की क्षमता होना देखने को मिलता है ।

समाजशास्त्रियों ने महिलाओ की सामाजिक शक्ति सम्पन्नता के निम्न मानको को माना है – शिक्षा, स्वास्थ, उत्तम पोषाहार, स्वच्छ पेयजल उत्तम आवास, एवं स्वच्छ सामाजिक पर्यावरण आवश्यक है ।

ग्रामीण नारी की आर्थिक भागीदारी का विश्लेषण–

ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति सन्तोषजनक नहीं है । आर्थिक स्थिति का जब विश्लेषण किया जाता है तो निम्न कारकों को ध्यान में रखा जाता है –

1. रोजगार 2. व्यवसाय 3. आय 4. ऋण 5. भूमि और कृषि सम्बन्धी यंत्र 6. आवास 7. भौतिक वस्तुएँ

ग्रामीण स्त्रियों की आर्थिक क्रियाओं को हम तीन भागों में बॉट सकते है –

1. गृह सम्बन्धी कार्य 2. कृषि सबन्धी कार्यो में संलग्न होना 3. मजदूरी और रोजगार के द्वारा जीविका चलाना ।

सामाजिक और आर्थिक घटनाओं का अध्ययन एक दूसरे के सन्दर्भ में किया जाता है क्योंकि समाजिक और आर्थिक पहलू एक दूसरे से घनिष्ट सम्बन्ध रखते है ।

उषा तलवार ने महिलाओं की आर्थिक स्थिति का विश्लेषण करते हुए लिखा है कि – ''भारत में स्त्रियों की आर्थिक दशा अच्छी नहीं है रही है । सम्पति में उनको अधिकार तो है परन्तु व्यावहारिक नहीं है । परिवार के प्रति व्यक्ति आय देखी जाय तो बहुत कम है ऐसा देखा गया है 98.5 प्रतिशत स्त्रियॉ दबाव के कारण कोई न कोई कार्य करती है।'' आर्थिक क्षेत्र में ग्रामीण समुदायो में देखा जाता है कि कृषि कार्यो के लिए बडे भूस्वामियों द्वारा महिला श्रमिकों का शोषण किया जाता है।

यद्यपि गॉवो में परिवार की आय में आधे से अधिक योगदान महिलाओं का रहता है परन्तु उनके

द्वारा किये गये काम को आर्थिक गतिविधियॉ मानने की बजाय सामान्य पारिवारिक दायित्व समझा जाता है।

महिलाएँ गृहस्थी के कार्य एवं बच्चों के पालन–पोषण के साथ–साथ ग्रामीण महिलाएँ, पशुपालन ईधन बटोरने, पानी लाने, और खेत खलिहान में भी काम करती है परन्तु इन सभी कार्यो को व्यवसाय के बजाय पारिवारिक कार्यो के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसके विपरीत पुरूषों द्वारा दिये जाने वाले कार्य को व्यवसाय माना जाता है । बुवाई से लेकर कटाई तक खेती बाडी के सारे कार्यो में बराबर की भागीदारी होने पर भी महिलाओं को किसानो का दर्जा प्राप्त नहीं है। यह बिडम्बना ही है कि काम धन्धे में सतत् सक्रिय रहने पर भी महिलाएँ आर्थिक दृष्टि से पूर्णतः पराश्रित है।

महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को उच्च और विकसित करने में जो अधिनियम और एक्ट बनाये है उनका भी ठीक से पालन नहीं हो पाता है । इन सबके मूल में ग्रामीण श्रमिको और महिलाओं का असंगठित होना है ।

इस गतिरोध को तोडने के लिए महिलाओं को नए और परम्परागत व्यवसाओं की ओर मोडने की आवश्यकता है जिनसे अर्जित आय को भी महिलाओं की आय माना जा सके ।

ग्रामीण नारी की राजनीतिक भागीदारी का विश्लेषण

ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि में महिलाओं ने राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जिनमें रानी कर्णवती, चॉद वीवी, रानी पदमिनी, जहाँ आरा, रजिया सुल्तान एक कुशल राजनीतिक और कूटनीतिज्ञ थी ।

भारतीय स्वंत्रता आदोलन में रानी लक्ष्मीबाई, अंबतीबाई, देवी अहिल्लया बाई ने अपने युद्ध कौशल में अंग्रेजो को नाको चने चवाने को मजबूर किया था । वही मैडम भीकाजी कामा, अरूणा आसाफ अली, सरोजनी नायडू इत्यादि ने अपने बुद्धि कौशल से अंग्रेज और अंग्रेजियत दोनों को दंभित किया । स्वाधीनता के बाद भी भारतीय महिलाओं ने भारत में ही नही बल्कि विश्वस्तर पर भी अपनी छवि निर्मित की है।

विजय लक्ष्मी पंडित जहाँ संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा की पहली अध्यक्षा बनी तो वहीं सुचेता कृपलानी सरोजनी नायडू और श्रीमती इंदिरा गांधी ने राजनैतिक क्षेत्र में अमिट छाप छोडी है ।

संविधान (73 वॉं संशोधन) अधिनियम 1992 में पंचायती राज संस्थाओं के तीनो स्तरो पर (ग्राम पंचायत पंचायत समिति तथा जिला परिषद) महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया है ऐसी व्यवस्था की गई है कि पंचायती राज संस्थाओं के एक तिहाई सदस्य तथा अध्यक्ष महिलाएँ ही होनी चाहिए ।

उपरोक्त संस्थाओं में सक्रिय जन प्रतिनिधियों की भागीदारी निम्नानुसार है –

क्र.	संस्थान / पंचायत	अ.ज.	अ.ज.जा.	महिलाएँ
1.	ग्राम पंचायत	3,08,290	11,99,401	5,77,270
2.	पंचायत समितियॉ	18,797	8,479	37,611
3.	जिला पंचायत	1,714	1,165	2,516

तालिका से ज्ञात होता है कि भारत सरकार किस प्रकार ग्रामीण विकास में जन सहभागिता विशेष कर महिलाओं की समुचित सक्रिय सहयोग के द्वारा ग्रामीण समाज के आर्थिक, सामाजिक, और राजनीति भागीदारी को तीव्र करने में कृत संकल्पित है।

निम्न तालिकाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी स्पष्ट होती है ।

तालिका क्र. 1

स्त्रियो के घर के कार्यो का विवरण

कार्य विवरण	आवृति	प्रतिशत
घर साफ करना	50	17.85%
सास ससुर की सेवा करना	42	15.00%
कढाई बुनाई सिलाई करना	20	7.14%
खाना बनाना	150	53.57%
अन्य	18	6.42%
योग	**280**	**100.00%**

ग्रामीण क्षेत्र में महिला कुल 280 उत्तरदाताओं के द्वारा उनके घर में किये जाने वाले कार्यो का विवरण पूछा गया जिस सम्बन्ध में उपरोक्त तथ्य सामने आये। घर में किये जाने वाले कार्यो को

कुछ मुख्य श्रेणियों में विभाजित किया गया जैसा कि उपर वर्णित है। सारिणी से स्पष्ट होता है ग्रामीण अचंल में ग्रामीण महिलाओं की पारिवारिक भागीदारी कितनी अधिक है। वें अधिकांश समय गृहकार्य में संलग्न रहती है और सामाजिक भागीदारी निभाती है ।

तालिका क्र. 2

ग्रामीण महिलाओं का परिवार की आय में सहयोग

क्र.	आय में सहयोग	आवृति	प्रतिशत
1.	सभी कार्य	36	12.85%
2.	बोनी	1742	6.00%
3.	कटाई	3620	12.85%
4.	मजदूरी	58	20.71%
5.	बोनी एवं कटाई	36	12.85%
6.	निदाई कटाई पशुपालन	30	10.71%
7.	निदाई, गुडाई, कटाई	26	9.28%
8.	पशुपालन	32	11.42%
9.	भडारण	6	2.14%
10	अन्य कार्य	18	6.42%
	योग	**280**	**100.00%**

सारणी से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण महिलाऐं उपरोक्त प्रकार के कार्य करके परिवार के आय में सहयोग करती है और आर्थिक भागीदारी निभाती है।

तालिका क्र. 3

ग्रामीण महिलायों की राजनीतिक भागीदारी

क्र.	भागीदारी	कुल सीट	महिला
1.	सासद	1	00
2.	विधायक	4	01
3.	जिला पंचायत अध्यक्ष	01	00
4.	जिला पंचायत सदस्य	00	00
5.	जनपद पंचायत	144	72
6.	पंच	6635	3318
7.	सरपंच	461	231
	योग	**7260**	**3630**

ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में 73 वे सविधान संशोधन द्वारा प्राप्त महिलाओं को प्राप्त आरक्षण के आधार पर महिलाएं राजनीति में चुनी गई । ग्रामीण क्षेत्र में पंच जिला पंचारयत के कुल 15 पदो में से 8 पर महिला है जनपद पंचायत के कुल 144 पदो में से 72 पद पर महिलाए है पंच कुल 6635 पदो में से 3318 पद महिलाएं है सरपंच के कुल 461 पदो में से 231 पद पर महिलाऐं है क्योंकि यहां पर 50 प्रतिशत पद राज्य द्वारा महिलाओं को आरक्षित किये गये है क्षेत्र में सांसद का एक पद है परन्तु उसमे महिला निर्वाच्च नही है। इसी प्रकार विधायक के चार पदो में केवल 1 पद पर महिला निर्वाचित है । क्योंकि यहां आरक्षण नही है। इस प्रकार स्पष्ट है कि राज्य द्वारा आरक्षित पदो पर ही महिलां भागीदारी है ।

निष्कर्ष –

प्रस्तुत अध्ययन से हम इस निष्कर्ष पर पहुॅचते है कि महिलाओं की भागीदारी आत्म विश्वास और स्वाभिमान पर आधारित है। समाज में सम्मान जनक स्थान पुरूष और महिलाओं की स्थिति में अंतर यू तो समूचे समाज में मौजूद है किन्तु ग्रामीण समाज में उनकी हालत विशेष रूप से काफी सोचनीय है। जहॉ शहरों में शिक्षा स माज सुधार आंदोलनों और प्रचार प्रसार के माध्यमो के प्रभाव से महिलाओं की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ीं है जिससे उन्हें कुछ हर तक समानता, स्वंत्रता, और सामाजिक व कानूनी अधिकार प्राप्त हुए है परंन्तु गॉवो में इसका बहुत ही हल्का असर हुआ है। ग्रामीण समाज में महिलाऍ परिवार और समाज के घोर शोषण का शिकार होती रहती है और उनकी, सामाजिक, पारिवारिक आर्थिक राजनैतिक भागीदारी को नकारा जाता है ।

स्पष्ट है कि पुरूष प्रधान समाज व शासन प्रशासन में मात्र कानून नये अधिकारो की स्थापना से ही सशक्तता नही की जा सकती बल्कि इसके लिए परिवारों में ही महिलाओं के प्रति संकुचित दृष्टिकोण को व्यापक उदार बनाने पर बल दिया जाना चाहिजए महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक भागीदारी के लिए अधिकारों के साथ–साथ स्वंत्रता व समानताओं को भी अपनाना होगा। इसके लिए महिलाओं को निर्णय लेने, नीति निर्धारण करने जैसी समस्त प्रत्रियाओं में स्वयं को शामिल करने की नितांत आवश्यकता है ।

संन्दर्भ सूची –

1. एवलिन सुलेराट – ''ओमेने सोसायटी एण्ड जेंच'' वर्ड यूनिर्सिटी लाइब्रेरी लन्दन 1971
2. अर्थववेद – 11/15, 118
3. रिचार्ड एच.हाल. ''ओफोपेसन्न एण्ड सोशल स्ट्चर'' पी. हाल 1969
4. रगीला नंदनी – द पैराडाइक्स इन क्वेलिटी 1984
4. उषा तलवार– सोशल प्रोफाइल ऑफ वर्किंग बूमेन वारसनी प्रिटिंग प्रेस दिल्ली 1984

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

पर्यावरण प्रदूषण एवं शहरीकरण

डॉ. (श्रीमति) सुधा भोला
सहायक प्राध्यापक, पी.डी. अंजुमन इस्लामिया महिला महाविद्यालय गोहलपुर, जबलपुर म.प्र.

पर्यावरण शब्द जीवों की अनुक्रियाओं को प्रभावित करने वाली सतस्त भौतिक तथा जीवीय परिस्थितियों का योग हैं इसे हम जीव मंडल भी कह सकते है जो जल मंडल स्थल मंडल वायु मंडल आदि भागों का योग होता हैं।

जीव मंडल में जीवन की शुरूवात विकास एवं विलुप्त होना इस तथ्य पर निर्भर करता हैं कि प्रक्रति का वातावरण के साथ कितना सामंजस्य हैं।

पर्यावरण में ऐसे समस्त सामाजिक जैविक तथा भौतिक या रासायनिक कारकों का योग होता हैं जो मानव के परिवेश से संबंधित होते है। मानवीय वातावरण का प्रत्येक तत्व एक संसाधन के रूप में होता है जिसको मानव द्वारा उन्नत्व जीवन स्तर जीने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार से उपयोग किया जाता हैं।

इस प्रकार पर्यावरण को दो बडे भागों में बाँटा गया है प्राकृतिक वातावरण, सांस्कृतिक वातावरण भौतिक वातावरण से तात्पर्य प्रकृति को बनाये कारकों से हैं जिन पर प्रकृति का सीधा नियंत्रण हैं। जिसका निर्माण मनुष्य से दूर है जो प्रकृति द्वारा उपहार रूप में मिला है वह सब भौतिक वातावरण के अंतर्गत आता है जैसे–: सूर्य, ताप, ऋतु परिवर्तन भूकम्प ज्वालामुखी जीव जंतु आदि।

सांस्कृतिक वातावरण के अंतर्गत मानव द्वारा निर्मित प्रभाव को रखा जाना है जिसका निर्माण मनुष्य ने किया है जैसे–: भवन, मार्ग शहर, परिवहन संचार, उद्योग व्यापार आदि। सांस्कृतिक पर्यावरण भौतिक पर्यावरण के कारकों से पूरी तरह और कहीं आंशिक रूप से प्रभावति है जैसे–: अति नगरीय अधिक औद्यागिक जनसंख्या घने क्षेत्रों में पर्यावरण भौतिक पर्यावरण से अधिक प्रभावी होते है। ऐसे क्षेत्रों में वायु, जल, मृदा आदि भौतिक पर्यावरण के तत्व अपना स्वाभाविक रूप खोकर प्रदूषित होने लगते है फिर भी भौतिक वातावरण की ही सबसे अधिक सत्ता है तथा भौतिक वातावरण का वर्चस्व ही मानव जीवन के लिये व विकास के लिये अनुकूल है। इस प्रकार पर्यावरण वह सब कुछ है जो किसी वस्तु या मानव को चारों ओर से घेरे हुए हैं और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित कर रहा है।[2]

पर्यावरण के किसी तत्व में होने वाला अवांछनीय परिवर्तन जिससे जीव जगत पर प्रतिकूल प्रभाव पडता है प्रदूषण कहलाता हैं। पर्यावरण प्रदूषण में मानव की विकास प्रक्रिया तथा आधुनिकता का महत्वपूर्ण योगदान है।[3] सभी जीवधारी अपनी बुद्धि विकास व सुव्यवस्थित रूप से जीने के लिये संतुलित वातावरण पर निर्भर रहते ह। संतुलित वातावरण में प्रत्येक घटक कम या अधिक हो जाता है तो जीवधारियों के लिये हानिकारक होता है। प्रदूषण वायु, जल, भुमि की भौतिक, रासायनिक जैविक विशेषताओं का वह अवांछनीय परिवर्तन है जो मनुष्य और इसके लिये लाभदायक दूसरे जंतुओं पौधो औद्योगिक संरचाओं को किसी रूप मे हानि पहुँचाता है जहाँ भी मानव ने अपने आस पास फैले प्राकृतिक पर्यावरण को तोडा है वहाँ प्रदूषण की समस्याओं ने जन्म लिया है।

पर्यावरण प्रदूषण निम्न प्रकार का होता है वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण तथा नाभिकीय प्रदूषण।

विश्व की जनसंख्या ने प्राकृतिक साधनों का अधिक उपयोग किया है औद्योगिकीकरण से बड़े–बड़े शहर बंजर बनते जा रहे है इन शहरों व नगरों की जनसंख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इससे शहरों में आवास समस्या उत्पन्न हो गई है। इस आवास समस्या को सुलझाने के लिये नागरिको ने बस्तियों का निर्माण किया वही पर जल निकासी आदि की मुत्वित व्यवस्था न होने से गंदी बस्तियों ने वायु प्रदूषण को बढावा दिया उद्योगों से निकलने वाला धुआँ, कृषि रासायनिक उपयोग से भी वायु प्रदूषण बढ़ा हैं। यातायात के साधनों में बहुत वृद्धि हुई है पौधे हानिकारक प्रदूषण कार्बन डाईऑक्साइड को अपने भोजन के लिये ग्रहण करने है और जीवनदायिनी गैस ऑक्सीजन प्रदान करते हैं।

जल ही जीवन है इसकी सच्चाई में अगर हम विश्वास करते है तो जलीय पवित्रता का दायित्व भी

हमारा ही है। पिछले दशकों में विश्व की जनसंख्या में अधिक हुई वृद्धि शहरी जीवन जीने के प्रति ललक तथा विकास के नाम पर जल में बहाई जाने वाली गंदगी की नालियों को साफ करने की जिम्मेदारी सरकार पर छोडकर निश्चिन्त हो जाते है परिणामस्वरूप समुद्री जल का बहुत बडा भाग सभी नदियॉ आज जीव व संसार के लिये जीवन की सरलता नहीं बल्कि मौत की कठोरता को लेकर बह रही हैं। जल प्रदूषण का कारण कारखानों को लगाने से पूर्व इनके अपशिष्ट पदार्थों की नदियाँ नहरों तालाबों आदि का किसी अन्य स्त्रोतों में बहा दिया जाता है जिससे जल में रहने वाले जीव जंतुओं पौधों पर तो बुरा प्रभाव पड़ता है साथ ही जल पीने योग्य नहीं रह जाता और जल प्रदूषित हो जाता है। जल में मिलने वाले अपशिष्ट पदार्थ गर्म, जल, स्त्रोत को दूषित करने के साथ–साथ वहाँ के वातावरण को भी गर्म करते है जिससे वहॉ की वनस्पति व जंतुओं की संख्या कम होने से समुत्वित पर्यावरण असंतुलित हो जाता हैं।

भूमि जिस पर हमारा और अन्य जीवों का आवास और भोजन निर्भर करता है। प्रदूषण और भू उत्खनन से लगातार प्रदूषित होती जा रही है। घरेलु अपशिष्ट नगरपालिक अपशिष्ट औद्योगिक अपशिष्ट कृषि अपशिष्ट औद्याकगिकीकरण शहरीकरण जनसंख्या घनत्व में वृद्धि आधुनिकीकरण जैसे कारण है। जो भूमि को नष्ट कर रहे हैं। ठोस अपशिष्ट के रूप में उद्योगों से निकलने वाला जिंक, तांबा, सीमेन्ट, चूना, फैक्ट्री से निकला मलबा आस पास की भूमि को नष्ट कर रहा हैं।

मानसिक या शरीरिक रूप से आघात पहुँचानें वाली किसी भी प्रकार की अनचाही आवाज से संपर्क ध्वनि प्रदूषण कहलाता है। ध्वनि प्रदूषण का सीधा संबंध मानव के आधुनिक क्रियाकलापों की प्रधानता विशेष रूप से नगरीय क्षेत्रों व औद्योगिक क्षेत्रों में देखने को मिलती है। नगरीय क्षेत्रों में लाउड स्पीकरों व बैंड बाजों की अधिक आवाज से रेडियो टेलीविजन चल चित्रों तथा आण्विक विस्फोटो से उत्पन्न ध्वनि, ध्वनि प्रदूषण का मुख्य कारण है।

जब किसी परमाणु बम का विस्फोट किया जाता है तो असंख्य रेडियोएक्टिव कण वायुमंडल से दूर–दूर तक फैल जाते है कणों का बहुत धीमी गति से विघटन होता हैं। रेडियों एक्टिव परमाणु नाभिक से अल्फा, बीटा गामा किरणें निकलती है इनमें ऊर्जा की बहुत अधिक मात्रा होती है रेडियों धर्मी की किरणों से डी. एन. ए. की बिगड जाती है। डी. एन. ए. में परिवर्तन के कारण अगली पीढी में कई जन्म दोष हो जाते हैं।

भारत में शहरीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति ने सामाजिक रीतिरिवाजों और निवेश को बहुत हद तक कम किया है सामाजिक मूल्यों में गिरावट आयी है। नगरों में सांस्कृतिक परिवर्तन शिक्षा उन्नति तथा वैज्ञानिक ज्ञान, तकनीक आदि ने ग्रामीणों के सामाजिक जीवन में काफी परिवर्तन किया है साथ ही शहरी नागरिक के संपर्क और प्रभाव का ग्रामीण नागरिक पर दुष्प्रभाव भी पडा हैं।[9]

''शहरीकरण एवं पर्यावरण प्रदूषण का घनिष्ट संबंध है जिसमें तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या सबसे अधिक दुष्प्रभाव डालती हैं। निवास व स्थान की समस्या खडी हो गई जंगल काटे जा रहे है मानव की आवश्यकताओं मल मूत्र आदि पर्यावरण को प्रभावित करने ही है साथ ही मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु लगाये जा रहे नये–नये उद्योग चिमनियों से निकलने वाला धुआँ पर्यावरण को अधिक प्रभवित कर रहा हैं। जनता का अशिक्षित व गरीब होना भी पर्यावरण प्रदूषण का कारण हैं। भारत के कुल 750 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में वन है जो कुल क्षेत्रफल का लगभग 23 प्रतिशत है। जबकि पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से कम से कम 33 प्रतिशत वनों का होना अनिवार्य है इसके बावजूद पेड़ों की अधिक कटाई पर्यावरण को प्रदूषित कर रही है।''[10]

''मनुष्य विकास के नाम पर विनाश को आमंत्रण दे रहा है। प्रौद्योगिकी का मुख्य उद्देश्य साधारण जनता को जीवन निर्वाह के लिए आवश्यक निम्नतम वस्तुओं को उपलब्ध कराना था किन्तु अब प्रौद्योगिकी का उद्देश्य प्राकृतिक साधनों का तीव्रगति से विदोहन करना तथा मानव समाज के भौतिक स्तर को बढ़ाने के लिये इन संसाधनों से अनेक प्रकार के उत्पादन करना है।

मानव ने वैज्ञानिक तकनीक प्रौद्योगिकी अधिक उत्पादन करने वाले बीज उत्पादन उपभोग में वृद्धि ने कृषि का विस्तार व विकास किया है। जनसंख्या बढ़ने के कारण मांग पूर्ति तो बढ़ती गई परंतु साथ–साथ पर्यावरण समस्या को जन्म मिला। बढ़ती हुई जनसंख्या के लिये एक ओर कृषि उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है

वहीं दूसरी ओर इससे उत्पन्न समस्याओं से निपटने के उपाय करना भी आवश्यक है।

इस समय प्रति मिनट लगभग 100 एकड़ जंगल काटे जा रहे है जीव जंतुओं की अनेक प्रजातियां जिससे विलुप्त होती जा रही है। जंगलों के काटे जाने के कारण वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड तथा गंधक की मात्रा बढ़ रही है। आक्सीजन की मात्रा कम होती जा रही है। इसका दुष्प्रभाव सभी नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में अनेक विशाल सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण किया गया। बड़े बांधों के निर्माण से उसके आसपास की जमीन दल–दल में बदल जाने की चेतावनी भू–गर्भशास्त्रियों ने सरकार को दी है। मोटर गाड़ियां बिजली घरो कारखानों आदि से कार्बन मोनोऑक्साइड निकलती है जो वायु को प्रदूषित करने में मुख्य भूमिका निभाती है। शहरों में कारखानों की मशीनें लाउंडस्पीकर विमान रेलगाड़ी से उत्पन्न ध्वनि, शोर प्रदूषण के लिये जिम्मेदार है जिससे श्रवण शक्ति के ह्रास व नींद की कमी की समस्या सामने आती है। इस प्रकार मनुष्य के संबंध में पर्यावरण से अभिप्राय मानव के चारों ओर फैले उन सभी भौतिक स्वरूपों से है जिससे वह निरंतर प्रभावित होता है। शहरीकरण का प्रभाव प्राकृतिक आर्थिक सामाजिक पर्यावरण पर अनुकूल एवं प्रतिकूल दोनों ही प्रकार से पड़ता है। यह अधिक मात्रा में प्रतिकूल होने के साथ–साथ अल्पकालीन व दीर्घकालीन भी हो सकता है।[11]

''चाहे वह भू–प्रदूषण हो या वायु प्रदूषण या जल प्रदूषण अथवा जैविकी वनस्पति या मानव प्राणी से संबंधित हो अनेक बार इन प्रदूषण के निवारण हेतु पर्यावरण को पुनः स्थापित करने के प्रयास किये गये उससे शहरों में कुल मिलाकर जो प्रभाव पड़ता है उससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है।

नगरीय क्षेत्रों में जनसंख्या में असीमित वृद्धि मलमूत्र तथा अनुपयुक्त पदार्थ की मात्रा में वृद्धि होती जा रही है जिससे नगर प्रशासकों को कूड़ा करकट एकत्रित करने उनको उपयुक्त स्थान पर एकत्रित करवाने तथा उन्हें प्रबंध करने की समस्या सामने आने लगी है। भारत के महानगरों एवं शहरों में आवास की समस्या अधिक है। विगत चालीस वर्षो से जिस गति से महानगरों की जनसंख्या की वृद्धि होती आयी है उसकी तुलना में आवासीय सुविधा मंदगति से बढ़ रही है। परिणामस्वरूप शहरी जनसंख्या अमुप्रदत्त आवासों और मलिन बस्तियों में रहने के लिये बाध्य है।

इस प्रकार शहरीकरण का परिणाम गंदी बस्तियों के रूप में देखा जा सकता है। स्लम बस्तियों का पर्यावरणीय प्रभाव व आंकलन किया गया है।[12]

संदर्भ–सूची :

1. पर्यावरणीय अध्ययन का अनुशासनिक स्वरूप : 2004 प्रथम संस्करण पृष्ठ 1,2
2. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकीय अध्ययन–प्रोफेसर त्रिभुवन नाथ शुक्ल 2008–10 पृष्ठ 2,3
3. हरिशचंद्र व्यास, जनसंख्या प्रदूषण और पर्यावरण मार्च 2004
4. पर्यावरण प्रदूषण : म.प्र. हिन्दी अकादमी पर्यावरण चेतना पृष्ठ 153
5. ''जनसंख्या प्रदूषण और पर्यावरण : मार्च 2004 पुस्तक क्र. 2571
6. पर्यावरण प्रदूषण पृ. 180–182
7. जनसंख्या प्रदूषण एवं पर्यावरण हरिशचंद्र व्यास मार्च 3, 2004
8. समाज शास्त्र नगरीय विकास ''प्रो. एम.एल. गुप्ता एंड डी.डी.शर्मा 2010, साहित्य भवन पब्लिकेशन बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर
9. मोर्या साहबवीन, शहरीकरण की विशेषताएं, कूछ पब्लिकेशन, इलाहाबाद
10. पर्यावरण प्रदूषण समाजशास्त्र डा. बघेल, पुष्पराज प्रकाशन, रीवा 1996– पृष्ठ 251–252

ISSN : 2394-3580 Swadeshi Research Foundation October 2017
A Monthly Journal of Multidisciplinary Research (UGC APPROVED, Peer Reviewed & Refereed Research Journal)

GENDER EQUALITY : ROUTE TO EMPOWERMENT

Smt. Devi Krishna yadav Prof.
Deptt. Of sociology, P.D. Anjuman Islamia Girl's college Gohalpur Jabalpur
Dr. Priti Bala Mishra
Deptt. of sociology Govt. M.K.B. college Jabalpur

Women and Gender issues are center relevance of social work. Education al practices, seminars , conferences and workshop. Recently emerged and developed concern for women has stirred a major discourse in fast developing contemporary Indian society. So far women were marginalized in all development programs, of late she is being recognized in her owe worth. There have been glorious achievements and improvements in terms of status of women but on the other hand society still paints a very distressing picture of girl child. Sex discrimination is crystal clear in spite of cracking up of patriarchal system. Examples of women succeeding in a man's world is auspicious signal but the bulk of women hood is still backward Discrimination holds women back .At present empowerment of women through gender equality has received high priority by Indian planners . Sex ratio in our society is strictly in favors of males. This confirms son preference and female foeticide has reached an alarming level.

The root of gender inequality :

The practice of gender bias among children is widely prevalent in our society with some change in its form. The reasons behind what has been called 'son mania' are both multifaceted and deep imbedded in Indian culture. Son is a preferred for maximizing several economic and non economic activities such as contributing to family's resources by working in the family in the village factional politics and so on. Some superstitious beliefs related to salvation also added strength to gender disparity.

Women empowerment an overview :

The social and economic prosperity of every society depends on the development of both gender women today are not given the same opportunities as men, thus constitutes a neglected section of society. Girls and women face inequality lead a healthy and productive lives across the Indian sub continent, it is long been a matter of shame in modern society that gender bias begins when the foctus is in mother's womb itself. Empowerment will certainly reduce gender disparity.

Empowerment approach towards women's issue is considered best. Empowerment of women, is here interpretated to mean total empowerment including political economic, social, legal, and cultural aspects of human life. Griffen for instance, defines women's empowerment as adding to women's power. Empowerment of women is not about power over others but power to make decisions and power to achieve economic goals and ends, Economic independence along is not likely to bring her on pre with man. Decision making power is key fartoe of women empowerment which begins with improvement in economic position of women. Low status of women stems from their low economic position which is largely due to high levels of illiteracy and patriarchy eradication of gender bias and ignorance as well as participation women reduce the age old atrocities against her. Among the many pillars on which empowerment rest is the gender parity. Concrete instead of action are required to tackle the problem of discrimination which leads to female foeticide.

STRATEGIES :

Gender inequalities are institutionalized and systematized in a regular form .Its eradication is herculean task If not impossible Efforts to strengthen gender equality requires following remedial measures at different levels with sincere and honest approach –

1. Special care for education – Urgent steps should be taken for compulsory education of girls. Education women can manage her Multitasking responsibility at home and work place with great efficiency. Literacy and education is a powerful medium of empowering women. Technical, professional, job training programs should be incorporated into curriculum.

2. Role of media – press and electronic media should emphasize gender awareness generation programs to discourage gender discrimination. It should expose the unethical practice of gender bais, female foeticide to make people conscious about atrocities and exploitation against women.

3. Attitudinal change – there is a need of bringing about in harmful mind set of discriminatory practices. Efforts should be made to influence public opinion regarding the importance of a girl child. Small family norms should be promoted effectively on voluntary basis. Women have to change their attitude about themselves. Improvement in professional skills morals and performance level will lead to confidence and esteem amongst women. Dowry system deters the birth of a girl child should be eliminated from should be eliminated from society.

4. Welfare measures gender equal society can be developed by protecting and providing old age parents with various welfare schemes such as pension, insurance, health plan old care homes women focus polices should be drawn.

